खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 15 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 43 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान
अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 23°C

सेंसेक्स 81,330.56
निफ्टी 24,666.90

सोना 96,555
चांदी 97,900

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

# CDS व तीनों सेना प्रमुखों ने राष्ट्रपति को दी ऑपरेशन की जानकारी

■ मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों, उनके अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के अभियान- ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन ने इस बारे में सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई। इस पोस्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत के जवाब को शानदार सफल बना दिया। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा

**नई दिल्ली।** भाजपा बुधवार से देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। बुधवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ, देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ओडिशा के भुवनेश्वर में सीएम मोहन चरण माझी और ठाणे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं के जवानों ने जिस तरह से पाकिस्तान को जवाब दिया, पूरे विश्व ने उनके साहस का लोहा माना है। उन्होंने ये साबित कर दिया है कि अगर कोई भारत को छेड़ेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।' 23 मई तक चलने वाली 10 दिवसीय तिरंगा यात्रा की शुरुआत मंगलवार को की गई थी। इस दौरान दिल्ली में कर्तव्य पथ पर यात्रा निकाली गई। इसमें दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, भाजपा नेता तरुण चुघ और राज्य सरकार के सभी मंत्री शामिल हुए। इसके साथ ही देश के कई राज्यों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। पंचकुला में हरियाणा के सीएम नवाब सिंह सैनी और गुजरात के अहमदाबाद में सीएम भूपेंद्र पटेल, गोवा में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने यात्रा का नेतृत्व किया।




## न्यायमूर्ति गवई बने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति बीआर गवई ने बुधवार को यहां उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह इस वर्ष 23 नवम्बर तक इस पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है, जो मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हो गए। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश और कुछ पूर्व न्यायाधीश समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## पाक रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पूर्णम शॉ को छोड़ा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान रेंजर्स ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। श्री शॉ 20 दिन से पाकिस्तान रेंजर्स के कब्जे में थे। बीएसएफ ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बुधवार सुबह 10:30 बजे कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को अटारी-वाघा सीमा पर बीएसएफ द्वारा पाकिस्तान से वापस लाया गया। विज्ञप्ति के अनुसार श्री शॉ 23 अप्रैल 2025 को लगभग 11:50 बजे फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी पर रहते हुए अनजाने में पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे और उन्हें पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।

# बड़बोले मंत्री को महंगी पड़ी कर्नल सोफिया पर टिप्पणी

## हाईकोर्ट के आदेश पर विजय शाह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

भोपाल, वार्ता

**मध्य प्रदेश** सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया है कि चार घंटे के भीतर मंत्री शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। बता दें कि विजय शाह का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया था। उनके इस बयान को लेकर देशभर में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। मध्य प्रदेश के कई शहरों में कांग्रेस मंगलवार से ही प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस मंत्री शाह के इस्तीफे की मांग पर अड़ी है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने शाह को तत्काल कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग करते हुए पीएम मोदी को भी पत्र लिखा है। इसी बीच अब जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान पर मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने एमपी के डीजीपी को विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए डीजीपी को 4 घंटे का समय दिया है। हालांकि इस बारे में कोर्ट का विस्तृत आदेश अभी -शेष पृष्ठ दो पर



अदालत ने विवादित बयान पर लिया स्वत: संज्ञान



मप्र हाईकोर्ट ने डीजीपी को दिए कार्रवाई करने के निर्देश

## एयर स्ट्राइक में कई पाक एयरबेस तबाह




**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह किए थे। प्राइवेट कंपनी मैक्सार के सैटेलाइट ने इन तबाह एयरबेस की फोटोज जारी की हैं। मैक्सार ने पाकिस्तान के जिन एयरबेस की फोटोज जारी की हैं, उनमें सरगोदा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर के एयरबेस हैं। फोटोज में साफ देखा जा सकता है कि हमले के पहले और बाद में वहां क्या स्थिति थी। सात मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और बीएसएफ के दो जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।

# JNU ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

## भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से किया इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (एमओयू) खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा कि हम देश के साथ खड़े हैं।

वहीं, भारत ने चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ और तुर्की के सरकारी मीडिया टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर से बैन हटा लिया। दोनों अकाउंट सिर्फ 5 घंटे ब्लॉक रहे। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप था। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच भारतीय व्यापारियों में तुर्की के रुख को लेकर नाराजगी है। दिल्ली, यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक व्यापारियों ने तुर्की के सामान का विरोध किया है। इसकी वजह तुर्की का पाकिस्तान को समर्थन देना है। भारत के व्यापारी तुर्की से बड़ी मात्रा में सेब मंगाते हैं। इस बीच भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से इन्कार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्की से सालाना 1200 करोड़ रुपये का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है। गाजियाबाद के एक व्यापारी ने बताया, तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। इसी वजह से हमने फैसला लिया है कि तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। एक अन्य व्यापारी शादाब खान ने बताया कि हमने तुर्की के हर सामान का बायकाट किया है। सेब के अलावा तुर्की से हम कई सामान आयात करते थे। हमने ये फैसला इसलिए लिया, क्योंकि तुर्की, पाकिस्तान का सपोर्ट करता है।

■ कहा: हम देश के साथ हैं, तुर्की पाक को ड्रोन भेजता है?



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय मानवाधिकार का प्रशिक्षण आज से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) युवा पीढ़ी में मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण की व्यापक समझ बढ़ाने के उद्देश्य से देश के दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इस विषय में 'ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' गुरुवार से शुरू करने जा रहा है। मानवाधिकार आयोग ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 80 छात्र-छात्राओं को चुना गया है। इसके लिए देश भर 1,795 आवेदन प्राप्त हुए थे। आयोग के महासचिव ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज औपचारिक रूप से उद्घाटन किया और विस्तृत कार्यक्रम की शुरुआत कल होगी।

### मणिपुर में 12 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस और सुरक्षाबलों के विभिन्न अभियानों में कथिततौर पर कई उग्रवादी संगठनों के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आज यहां बताया कि थौबल जिले के लिलोंग-पीएस के अंतर्गत लिलोंग नुनगेई इलाके में एक उग्रवादी को पकड़ा गया, जबकि बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग वार्ड नंबर 3 इलाके में एक-दूसरे अभियान में एक अन्य उग्रवादी को गिरफतार कर लिया गया। इस बीच राज्य पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के कोइरेंगेई काबुई खुल गेट से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उधर सुरक्षाबलों ने टेंगनौपाल जिले के योंगखुल गांव से विभिन्न संगठनों के सात सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के वांगबल से एक अन्य उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया।

### शिवराज पूर्वोत्तर के तीन दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार से तीन दिन की पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और असम, मिज़ोरम एवं नागालैंड में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि दौरे के दौरान कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह किसानों तथा स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे। श्री चौहान 29 मई से शुरू होने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में राज्यों की सहभागिता पर भी चर्चा करेंगे।

### आंध्र में सिंचाई टैंक में पांच बच्चे डूबे

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में ब्रह्मगरी मट्टम मंडल के मल्लेपल्ली गांव में सिंचाई टैंक में पांच बच्चे डूब गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राजेंद्र प्रसाद ने मीडिया को बताया कि मृतक बच्चे चरण (15), पार्थसारथी (12), हर्षवर्धन (12), दीक्षित (12) और थारुण यादव (12) मंगलवार रात नहाने के लिए सिंचाई टैंक में उतरे और डूब गए। उन्होंने बताया कि माता-पिता और रिश्तेदारों ने बच्चों की तलाश की और आखिरकार सिंचाई टैंक के किनारे उनके कपड़े मिले। पुलिस ने बच्चों के शवों को टैंक में खोजने के लिए विशेषज्ञ तैराकों को लगाया। इसके बाद सभी पांच शवों को सिंचाई टैंक से निकाल लिया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए प्रोड्डातुर के जीजीएच में भेज दिया गया।

# पाक ने की थी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश

**श्रीनगर, वार्ता**



■ सीमा पार से जानबूझकर की गई गोलाबारी, पांच बच्चों सहित 21 नागरिकों की हुई मौत: उमर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि हाल ही में सीमा पार से की गई गोलाबारी में अधिकतम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से जानबूझकर प्रयास किया गया। सीमा पार से गत सात मई से गोलाबारी शुरू हुई। गोलाबारी के चार दिनों में जम्मू-कश्मीर में पांच बच्चों सहित 21 नागरिकों की जान चली गई। पुंछ जिले में 15 लोग मारे गए, जहां पाकिस्तानी सेना की ओर से भारी गोलाबारी की गई थी।

बुधवार को बारामूला जिले के उरी में गोलाबारी प्रभावित इलाकों का दौरा करने पर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने नागरिक इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की थी। अब्दुल्ला ने उरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दो से तीन दिनों के दौरान, उन्होंने (पाकिस्तान ने) नागरिक इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की और ऐसा लगा कि वे जानबूझकर अधिकतम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने संघर्ष विराम पर राहत व्यक्त करते हुए कहा कि शुक्र है कि दूसरी तरफ से डीजीएमओ ने फोन उठाया और बात की, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हो सका। अभी तक सीमा और नियंत्रण रेखा पर शांति बनी हुई है। अब्दुल्ला ने संकट के प्रति प्रशासन की प्रतिक्रिया पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्षति का आकलन और राहत कार्य पहले ही शुरू हो चुका है और आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इसमें समय लगेगा, लेकिन हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित लोगों का पुनर्वास हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवासियों के बीच बढ़ते डर के देखते हुए व्यक्तिगत तौर पर बंकरों की फिर से उठी मांग उठी है। उन्होंने कहा कि लोगों ने हाल के वर्षों में बंकरों के बारे में सोचना बंद कर दिया था, लेकिन पिछले कुछ दिनों ने सभी को याद दिलाया है कि सीमा पर स्थिति कितनी खराब हो सकती है। चाहे वह जम्मू हो या कश्मीर की तरफ, मैं जहां भी गया, लोगों ने सामुदायिक बंकरों की बजाय व्यक्तिगत बंकरों की मांग की। सबसे पहले हम तुरंत राहत प्रदान करेंगे। फिर हम केंद्र सरकार से बात करेंगे और गोलाबारी से प्रभावित सभी क्षेत्रों के लिए बंकरों की व्यवस्था करेंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि भारत ने इस लड़ाई की शुरुआत नहीं की। पहलगाम में हमारे निर्दोष लोगों पर हमला किया गया। हमले में 26 लोगों की जान चली गई। मैंने पहले दिन से ही यह कहा है। अगर वहां से बंदूकों की आवाज शांत हो जाती हैं, तो यहां से भी गोलियों की आवाज अपने आप शांत हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने गोलीबारी में जान गंवाने वाली नरगिस बेगम के परिवार के प्रति भी संवेदना व्यक्त की और कहा कि कोई भी शब्द उनके दुख या फिर इस त्रासदी की भयावहता को व्यक्त नहीं कर सकता।

### स्वदेशी जागरण मंच ने की तुर्की पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने पाकिस्तान को तुर्की के सैन्य समर्थन की निंदा करते हुए आर्थिक प्रतिबंध, उड़ान प्रतिबंध और पर्यटन बहिष्कार का आह्वान किया है। जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अश्विनी महाजन ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि तुर्की पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएं और गैर-आवश्यक आयातों को प्रतिबंधित करें साथ ही संगमरमर, रसायन और मशीनरी जैसी प्रमुख तुर्की वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाएं जाए। तुर्की के लिए सीधी उड़ानों को अस्थाई रूप से निलंबित किया जाना चाहिए और विमानन 'कोडशेयर' विशेषाधिकारों को रद्द किया जाए। भारतीय पर्यटकों को तुर्की यात्रा के लिए हतोत्साहित किया जाए।

# महिलाएं राफेल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में क्यों नहीं



■ केंद्र से सुप्रीम कोर्ट ने किया सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया है कि अगर महिलाएं भारतीय वायुसेना में राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती हैं, तो फिर वे सेना की कानूनी शाखा में शीर्ष पदों पर क्यों नियुक्त नहीं हो सकतीं? सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है और केंद्र सरकार के जवाब के बाद पीठ अपना फैसला सुना सकती है। पीठ ने दो महिला अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की याचिका पर फैसला सुरक्षित करते हुए यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि जज एडवोकेट जनरल की परीक्षा में उनकी चौथी और पांचवीं रैंक आई थी, इसके बावजूद उनसे कम रैंकिंग वाले पुरुष अधिकारियों की नियुक्ति की गई। याचिका में कहा गया है कि विभाग में सिर्फ छह पद निकले थे, जिनमें से महिलाओं के लिए तीन ही रिक्तियां थीं। सुनवाई के बाद जस्टिस दत्ता ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से पूछा कि अगर भारतीय वायुसेना में महिलाएं लड़ाकू विमान राफेल उड़ा सकती हैं, तो फिर सेना की जज एडवोकेट जनरल पदों पर ज्यादा महिलाओं को शामिल करना क्यों मुश्किल है?

# जेवर में लगेगी छठी सेमी कंडक्टर इकाई

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पीएम की बैठक के बाद सूचना मंत्री ने बताया

केंद्र सरकार ने एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जेवर में 3706 करोड़ रुपये के निवेश से एक और सेमी कंडक्टर इकाई की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह इकाई 2027 में उत्पादन शुरू कर देगी। उन्होंने बताया कि देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाईयों का निर्माण चल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में शरू किए गए भारत सेमी कंडक्टर मिशन में जेवर में विकसित होने वाली इस छठी इकाई के साथ भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम है। ये यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। इस संयंत्र को 20,000 वेफर्स प्रति माह के हिसाब से तैयार किया गया है। इसकी उत्पादन क्षमता तीन करोड 60 लाख चिप प्रति माह होगी। इस संयंत्र में दो लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि सेमी कंडक्टर उद्योग पूरे देश में आकार ले रहा है। देश भर के कई राज्यों में विश्व स्तरीय संयंत्र स्थापित हो चुकी हैं। देश में 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नए उत्पादों के विकास के लिए विश्व स्तरीय नवीनतम डिजाइन प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है।

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना करते बोले योगी

# एक दिन आतंकवाद पाक को भी निगल लेगा

**लखनऊ, वार्ता**



■ जवानों के कारण भारत ने पाक के हौसले पस्त किए, सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं होगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए उन्होंने बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया औरप्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70.75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है। आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा। योगी ने कहा कि खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी, लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे।

### प्रमाण के बाद भी बाज नहीं आया पाक

योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया। पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई। सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना। पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौसेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है। यह तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यूपी में आज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो रहा है।

### मिलावटखोरी सामाजिक अपराध

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' करार देते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे किसी भी प्रकार का समझौता अक्षम्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए। ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, ताकि जनता भी उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध, पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथासंभव उत्पादक इकाई पर ही की जाए। दूध व दुग्ध उत्पादों की विशेष रूप से सघन जांच के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं, जो लगातार निगरानी रखें। साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर इस पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन का स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ होना चाहिए। योगी को बताया गया कि राज्य में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं के नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्व में कार्यरत छह प्रमुख मंडलों के अलावा अब अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, कानपुर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और देवीपाटन मंडलों में भी नई प्रयोगशालाएं और कार्यालय स्थापित किए गए हैं। लखनऊ, गोरखपुर और झांसी में प्रयोगशाला भवनों का उच्चीकरण किया गया है। साथ ही, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में तीन आधुनिक माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गई हैं, जिनमें सूक्ष्मजीव, प्रोटोजोआ, विषाणु, जीवाणु, माइक्रोटॉक्सिन्स तथा अन्य रोगकारक जीवों की जांच संभव हो पाई है।

## अर्थ व्यापार

# अप्रैल में महंगाई घटने से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत उछलकर 44,327.28 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,978.95 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2855 में लिवाली जबकि 1121 में बिकवाली हुई, वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2960 कंपनियों के शेयर रखें गए। इनमें से 2183 तेजी जबकि 694 गिरावट रही, वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। अनाज और शाक-सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई।

इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 4.83 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और ईंधन की दरों में नरमी से अप्रैल में देश की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई मार्च के 2.05 प्रतिशत घटकर तेरह माह के निचले स्तर 0.85 पर आ गई। निवेशकों को महंगाई में गिरावट से आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। इससे बीएसई में बैंकिंग की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली का ज़ोर रहा।

इस दौरान धातु 2.46, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.77, ऊर्जा 1.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.63, इंडस्ट्रियल्स 1.73, आईटी 1.37, दूरसंचार 1.14, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.86, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.16, तेल एवं गैस 1.46, पावर 0.73, रियल्टी 1.71, टेक 1.20, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.38 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार में मिलाजुअल रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 2.30 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.86 प्रतिशत चढ़ गया।

## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालें महंगी



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 105 रिंगिट उबलकर 3934 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट गिरकर 51.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 150 रुपये, दाल चना 150 रुपये, मसूर दाल 100 रुपये, मूंग दाल 200 रुपये, उड़द दाल 100 रुपये और अरहर दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8450-8550 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# बीजेपी के मंत्री ने किया सोफिया व नारी का अपमान: अखिलेश


**लखनऊ।** भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है और इसे हर नारी और सेना का अपमान बताया है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मप्र बीजेपी के एक मंत्री का अति निंदनीय बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी ही नहीं, बल्कि देश की हर नारी और सेना का अपमान है। ये महानुभाव सदैव से भाजपाई और उनके संगी-साथियों की 'नारी विरोधी' सोच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होंने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। बीजेपी की 'नारी शक्ति वंदन अभियान' जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के दुष्विचार खोल देते हैं। ऐसे लोग मंत्री तो क्या, किसी गली-मोहल्ले तक के भी जन प्रतिनिधि नहीं बनने चाहिए। सवाल ये है कि इन्हें बीजेपी वाले स्वयं हटाएंगे या इनके खिलाफ एकजुट नारी शक्ति और जनता। बता दें कि बीजेपी नेता और एमपी सरकार के मंत्री विजय शाह ने कथित तौर पर कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक टिप्पणी की थी। उनके इस बयान को लेकर काफी हंगाम हुआ । मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भी लिखा था। कांग्रेस नेता ने कहा था कि मप्र बीजेपी सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की वीरांगना कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर किया गया घृणित और राष्ट्र-विरोधी बयान, न केवल एक गंभीर अपराध है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बड़बोले मंत्री....** सामने नहीं आया है संज्ञान और एफआईआर के निर्देश देने के बाद कांग्रेस ने कहा कि शाह को भाजपा से भी बाहर करना चाहिए। कांग्रेस नेता अरुण यादव ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने मंत्री विजय शाह के भारतीय सेना और राष्ट्रधर्म निभाने वाली भारतीय बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान को सेना के अपमान, उसकी अस्मिता और मनोबल को गिराने वाला माना है, लिहाजा अब आवश्यक हो गया है कि सरकार माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर करे। अरुण यादव ने आगे कहा कि यदि भाजपा में नैतिकता और देश के लिए कुर्बानी देने वाले भारतीय सेना के प्रति दिली सम्मान है, तो विजय शाह को भाजपा से भी तत्काल प्रभाव से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इससे पहले पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल विजय शाह के खिलाफ एफआईआर कराने भोपाल के श्यामला हिल्स थाने पहुंचा था। हालांकि, यहां शिकायत दर्ज की गई, एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं।

# ट्रम्प के खुलासे पर मोदी क्यों हैं मौन: कांग्रेस



■ सऊदी में ट्रम्प ने सार्वजनिक कार्यक्रम में किया खुलासा: रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खुलासे के बाद भी आम तौर पर मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का अमेरिका के दबाव के सामने चुप्पी साधना हैरान करता है।

कांग्रेस ने कहा है कि ट्रम्प ने खुलासा किया है कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए ब्लैकमेल कर मजबूर किया है। ट्रम्प ने तब एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की जानकारी भी दी थी। पार्टी संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि कुछ दिन पहले हमें पाक के साथ युद्धविराम की जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति से मिली थी। अब कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को इस युद्धविराम के लिए मजबूर किया और ब्लैकमेल किया। इस खुलासे के बारे में आम तौर पर अत्यंत मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का क्या कहना है। क्या उन्होंने अमेरिकी दबाव के सामने भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया।

### संसद का विशेष सत्र बुलाने का कोई औचित्य नहीं: जदयू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक जनता दल-यूनाइटेड ने बुधवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और सिंदूर अभियान पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की मांग का कोई औचित्य नहीं है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने यहां कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और भारतीय सेना की कार्रवाई पर विपक्ष संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। विपक्ष चाहता है कि इस पूरे प्रकरण पर व्यापक स्तर पर चर्चा होनी चाहिए। प्रसाद ने कहा कि विपक्ष की इस मांग का कोई औचित्य नहीं है। सरकार इस संबंध में सर्वदलीय बैठक बुलाकर पूरी जानकारी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के वरिष्ठतम राजनेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शरद गुट के अध्यक्ष शरद पवार ने भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग को अव्यवहारिक बताया है। गौरतलब है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पहलगाम आतंकवादी हमले और सैन्य कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एनडीएमसी स्कूल के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि में, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के तहत स्कूलों ने शैक्षणिक वर्ष २०२४-२५ के लिए सीबीएसई कक्षा १०वीं और १२वीं की परीक्षाओं में अभूतपूर्व परिणाम दर्ज किए हैं। यह शानदार प्रदर्शन एनडीएमसी शिक्षा विभाग की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अथक प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।" यह टिप्पणी सीबीएसई बोर्ड के परिणामों की घोषणा के बाद एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने की है।

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष - शकुलजीत सिंह चहल ने बताया कि दसवीं कक्षा में ९९.४४% का उल्लेखनीय और ऐतिहासिक उत्तीर्ण प्रतिशत रहा। इसी तरह, बारहवीं कक्षा में ९८.४६%ष का प्रभावशाली उत्तीर्ण प्रतिशत रहा। एनडीएमसी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने इस उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धि पर सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।केशव चंद्र ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के दौरान, एनडीएमसी ने अपने छात्रों की सहायता के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की, जिसमें सभी ३० एनडीएमसी माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में दैनिक सुधारात्मक कक्षाएं, प्री-बोर्ड परिणामों के बाद रविवार और छुट्टियों में बिना किसी रुकावट के आयोजित की गई।

शिक्षकों ने छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान दिया, जिससे उन्हें शैक्षणिक चुनौतियों से उबरने और आत्मविश्वास बनाने में मदद मिली।चहल ने इस अवसर पर कहा कि एनडीएमसी ने अभिभावकों से बातचीत करने के लिए स्कूलों के प्रमुखों और शिक्षकों के साथ विशेष पीटीएम का आयोजन किया ताकि उन्हें सुधारात्मक कक्षाओं में अच्छी उपस्थिति हासिल करने के लिए प्रेरित किया जा सके। छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और परीक्षा के डर को दूर करने के लिए पेशेवर परामर्श आयोजित आयोजित किये गए।एनडीएमसी ने बोर्ड के छात्रों को शाम के समय शांत अध्ययन स्थान और संदर्भ सामग्री तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पुस्तकालयों के समय को बढ़ाया। इन केंद्रित प्रयासों ने सीखने, प्रेरणा और शैक्षणिक अनुशासन के लिए अनुकूल वातावरण बनाया - जिससे यह ऐतिहासिक परिणाम सामने आया है ।उन्होंने कहा कि यह असाधारण सफलता रंजना देसवाल, विशेष कार्य अधिकारी (शिक्षा) और कृतिका चौधरी, निदेशक (शिक्षा) के दूरदर्शी नेतृत्व में काम करने वाले शिक्षण कर्मचारियों के अथक समर्पण, ईमानदार प्रयासों और निरंतर समर्थन से संभव हुई है।

# अशोक विहार थाने में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अशोक विहार थाने में बुधवार सुबह आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दमकल की तीन गाडियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह से काबू पाया। हादसे में कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जल गए। जबकि एटीओ समेत कुछ पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आग शॉर्ट सक्रिट की वजह से लगी थी।

जानकारी के मुताबिक अशोक विहार थाने के एटीओ रूम में सुबह साढ़े दस बजे आग लगी थी। काफी तेजी से फैली थी। थाने में तैनात एटीओ राजीव कुमार बाल बाल बच गए थे जबकि डियो रूम में बैठी महिला पुलिसकर्मी मामूली रूप से हुई घायल हो गई थी। पुलिसकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश भी की थी। लेकिन आग काफी तेजी से फैलने पर दमकल विभाग को सूचित किया गया था।

# मेवाती गिरोह के दो बदमाश पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतर्राज्जीय मेवाती गिरोह के दो सदस्यों साबिर और मुनफेद को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से दो अवैध हथियार और वारदात में इस्तेमाल कार जब्त की है। दोनों आरोपी हरियाणा के कई अंतरराज्यीय एटीएम चोरी/चोरी और गोकशी में शामिल रहे हैं। आरोपी साबिर के खिलाफ तीन मामलों में गैर जमानती वारंट जारी है। दोनों आरोपी कई शहरों में एटीएम चोरी करने और कोशिश में शामिल रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद बामनौली गांव के पास बिजवासन-नजफगढ़ रोड पर छापेमारी करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपियों से पता चला कि आरोपी साबिर वह पहली बार २०१७ में नूंह पुलिस ने गौ तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। २०२२ में, वह पड़ोसी अजरू, जाफरू, अहसान, राहुल उर्फ बच्ची, राहुल उर्फ चावड़ा और रफसान के साथ मिलकर हरियाणा के नारनौल में कोर्ट के पास स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम को उखाडने में शामिल था। जिसमें उसको गिरफ्तार कर लिया था। रिहा होने के बाद उसने और उसके कई साथियों ने राजस्थान के चिड़ावा में अलग-अलग जगहों से दो एटीएम उखाड़े थे। कुछ दिन पहले उसके चचेरे भाई मुनफेद ने उसे बताया कि वह घर का खर्च चलाने में परेशानी झेल रहा है।

साबिर ने मुनफेद को बताया कि वह ४-५ लोगों के एक समूह का हिस्सा है जो एटीएम चुराते हैं और पैसे आपस में बांट लेते हैं, जिससे उन्हें अच्छी कमाई होती है। इसके बाद साबिर ने मुनफेद को अपने गैंग में शामिल कर लिया। २०२३ में उसने साथियों के साथ राजस्थान के चिड़ावा में बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम उखाडने की कोशिश की थी। उसी साल उसने गैंग के साथ मिलकर राजस्थान के चिड़ावा में एसबीआई का एटीएम उखाड़ा, जिसमें से उसने १२ लाख रुपये चुराए।

जबकि आरोपी मुनफिद २०१४-२०१५ में जब वह नाबालिग था, शाहजहांपुर में राजस्थान पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल था और उसे अलवर के किशोर गृह भेज दिया गया था। बाहर आने के बाद वह अपने साथियों मुबीन और तौहीद के साथ गौ तस्करी के मामलों में राजस्थान के शाहजहांपुर पुलिस स्टेशन में दो बार जेल गया था।

जेल से रिहा होने के बाद, वह पड़ोसी गांव के एक परिचित साबिर के संपर्क में आया। साबिर ने उसे बताया कि वह और उसके ४-५ अन्य लोग एटीएम उखाडने में शामिल हैं और वे चोरी की गई रकम को आपस में बांट लेंगे, जिससे इन अपराधों से अच्छी कमाई होगी। साबिर के प्रस्ताव से लुभाए जाने पर, मुनफिद एटीएम चोरी में शामिल होने के लिए तैयार हो गया था।

## एक नजर

### बेहतरीन प्रदर्शन करके स्कूल का नाम रोशन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** कमल पब्लिक स्कूल, डी-ब्लॉक विकास पुरी के छात्रों ने कक्षा १२वीं सीबीएसई परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करके स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल में सबसे अधिक अंक पाने वाले छात्रों में कीर्ति बहल (९५ प्रतिशत) (कॉमर्स स्ट्रीम), तन्मय विजय (९४.२प्रतिशत) (साइंस स्ट्रीम) और खुशन (९० प्रतिशत) (ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम) शामिल हैं। अन्य मेधावी छात्रों में मान्या शर्मा ९३ प्रतिशत, उत्कर्ष सिंह ९३ प्रतिशत, अंजलि बाली ९२ प्रतिशत, अध्ययन गुप्ता ९०.४ प्रतिशत और यश शर्मा ९० प्रतिशत शामिल हैं। अध्यक्ष डॉ. आर.के. टंडन और प्राचार्य डॉ. रीमा टंडन ने टॉपर्स को बधाई दी और शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के अथक और सार्थक प्रयासों की सराहना की।

### 10वीं की सीबीएसई परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** कमल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डी-ब्लॉक विकास पुरी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करके कक्षा १०वीं की सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अभिनव झा ९५ प्रतिशत, अपूर्व चौधरी ९५ प्रतिशत, वंश छाबड़ा ९३.६ प्रतिशत, नव्या अरोड़ा ९३.६ प्रतिशत, हर्षित गोला ९३ प्रतिशत, अंशिका भारती ९२ प्रतिशत, लविश ९०.८त्न और शरीना कपूर ९० प्रतिशत हैं। अध्यक्ष डॉ. आर.के. टंडन और प्रिंसिपल डॉ. रीमा टंडन ने टॉपर्स को बधाई दी और शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के अथक और सार्थक प्रयासों की सराहना की।

### एक्शन फिल्म के प्रमोशन के लिए राजधानी का दौरा किया

**नई दिल्ली।** अभिनेता ठाकुर अनुप सिंह ने अपनी आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म रोमियो ३ के प्रचार अभियान के तहत देश की राजधानी का दौरा किया। यह फिल्म पूरे भारत में १६ मई २०२५ को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। राजधानी में उस समय उत्साह की लहर दौड़ गई जब ठाकुर अनुप सिंह ने मीडिया से बातचीत की और गोवा के अंधेरे अंडरवर्ल्ड में फैले ड्रग्स, राजनीति और सत्ता के गठजोड़ को तोड़ने के मिशन पर निकले एक ईमानदार पुलिस अफसर, डीसीपी संग्राम सिंह शेखावत, के अपने गहन किरदार पर प्रकाश डाला। गुड्डू धनोआ द्वारा निर्देशित यह फिल्म हाई-ऑक्टेन एंटरटेनमेंट का वादा करती है, जिसमें जबरदस्त एक्शन, दमदार अभिनय और एक सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानी है। फिल्म में पलक तिवारी भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगी। इसे डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियोज) द्वारा प्रस्तुत किया गया है और धवल गड़ा व वाइल्ड रिवर पिक्चर्स द्वारा निर्मित किया गया है।

### मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में होगा समारोह का आयोजन



**नई दिल्ली।** गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से १०+२ टॉपर्स अवार्ड-२०२५ सम्मान समारोह का आयोजन राजघाट स्थित गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के सत्याग्रह मंडप हॉल में आयोजित किया जायेगा. इस समारोह में विभिन्न विभागों के शिक्षाविद, पत्रकार, राजनीतिक हस्तियां, उच्चाधिकारी, नीति निर्माता तथा प्रतिष्ठित अतिथि आदि शामिल होंगे. कार्यक्रम का आयोजन निष्ठा ध्वनि ट्रस्ट, द सोसाइटी ऑफ एकेडमिक रिसर्च फॉर रूरल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित होगा एवं आईटी पार्टनर के रूप में टेकथ्राइव सिस्टम, फिजको (दुबई) होगी. आयोजन मंडल में माँ फाउंडेशन एवं रेजॉइस हेल्थ फाउंडेशन भी शामिल रहेंगे. कार्यक्रम के आयोजक पुनीत गोस्वामी ने कहा कि यह पहल न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि शिक्षा के महत्व को समाज में और अधिक गहराई से स्थापित करेगी.

### सेना की वीर बेटी सोफिया कुरैशी: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि बीजेपी की मानसिकता देश को जोड़ने की नहीं, तोड़ने की है। उन्होंने आगे लिखा बीजेपी सरकार के मंत्री विजय शाह ने भारतीय सेना की वीर बेटी सोफिया कुरैशी की तुलना पाकिस्तान के आतंकवादियों की बहन के तौर पर की है। ये वही लोग हैं जो शहीद नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल और विद.ेश सचिव विक्रम मिसरी की बेटी को अपमानित करते हैं। मेरी प्रधानमंत्री मोदी से अपील है कि अगर थोड़ी भी शर्म बची है तो विजय शाह को गिरफ्तार करें।

### आप कार्यकर्ताओं ने फुटओवर ब्रिज पर टांगा बैनर

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों तक हुए संघर्ष का अचानक से अंत हुआ तो विपक्षियों ने भाजपा सरकार व पीएम मोदी पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी (आप) बीजेपी सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है। वहीं, आज (बुधवार) को आप कार्यकर्ता एक बैनर लेकर करोल बाग स्थित एक फुटओवर ब्रिज पर पहुंचे। वहीं, इस बैनर पर जो लिखा था, उसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के हाथों में जो बैनर था, उस पर श्पीओके का छोड़ा मौका, मोदी का देश को धोखाश लिखाा हुआ था। इस दौरान आप कार्यकर्ता इस बैनर को लेकर फुटओवर ब्रिज पर चढ़ गए और उसे वहीं टांग दिया। इतना ही नहीं आप कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। आप की ओर से लिखा गया कि इस बार पीओके को वापस भारत में शामिल करने का शानदार मौका था लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के कहने पर युद्धविराम करके वो मौका गंवा दिया। मोदी सरकार के इस फैसले के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया।



डिप्टी मेयर अधिकारियों के साथ कोंडली क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए।

# ट्रेन से मजदूर के दोनों पैर कटे

**नजीबाबाद।** बीती रात कोटद्वार रेलवे ट्रैक पर नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निकट राजो का चौराहा निवासी मौहम्मद अखलाक (40 वर्ष) के कोटद्वार पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर दोनों पैर कट गए। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को तुरंत उपचार के लिए समीपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। लोगों ने बताया कि अखलाक मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार पालन पोषण करता है। बीती रात करीब साढ़े नौ बजे मजदूरी कर घर लौटते समय उसके ट्रेन की चपेट में आकर उसके दोनों पैर कट गए।

# डिप्टी मेयर ने कोंडली क्षेत्र का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के डिप्टी मेयर जय भगवान यादव ने आज वार्ड संख्या-११३, कोंडली क्षेत्र का दौरा कर सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं और पार्कों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जर्जर हो चुके समुदाय भवन की दुर्दशा पर गहरी चिंता जताई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि १५ दिनों के भीतर इसका पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाए। क्षेत्र के प्रमुख पार्क की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताते हुए डिप्टी मेयर ने हरियाली, सिंचाई, बिजली, माली और चौकीदार की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेकार पड़े ट्यूबवेल को भी जल्द मरम्मत कराने को कहा। इसके अतिरिक्त, नाले के पास डाले गए मलबे को हटाकर उसे ब-क वेस्ट प्लांट तक पहुँचाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, डिप्टी मेयर ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। यादव ने कहा, "दिल्ली नगर निगम की भाजपा सरकार राजधानी वासियों को बेहतर सिविक सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। आम आदमी पार्टी के शासनकाल में सफाई और पार्कों की उपेक्षा की गई, लेकिन अब ट्रिपल इंजन सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने हेतु ठोस कदम उठा रही है।

# छात्रों का स्कूल में प्रवेश रोकने को लगाए बाउंसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक स्कूल द्वारा हाईकोर्ट और शिक्षा निदेशालय के दिशा-निर्देशों की अनदेखी करने मामला प्रकाश में आया है। वहीं, यह मामला तब ज्यादा बढ़ गया, जब बढ़ी हुई वार्षिक फीस का भुगतान न करने पर दिल्ली पब्लिक स्कूल डीपीएस द्वारका ने ३४ छात्रों का नाम काटकर उन्हें स्कूल से बाहर कर दिया। आरोप है कि छात्रों के स्कूल में प्रवेश करने से रोकने के लिए बाउंसर भी लगा दिए हैं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

उधर, आम आदमी पार्टी ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट डालते हुए लिखा कि बच्चों को स्कूल में आने से रोकने के लिए बीजेपी के शिक्षा माफिया ने बाउंसर लगाए है। अब बस यही देखना बाकी रह गया था। आप ने लिखा कि डीपीएस द्वारका ने पहले ३४ छात्रों को स्कूल से बाहर निकाल दिया और अब स्कूल के बाहर बाउंसर तैनात कर दिए हैं।

आप की एक्स पोस्ट के अनुसार, यह बाउंसर किसी की सुरक्षा के लिए नहीं बल्कि बच्चों को स्कूल में प्रवेश करने से रोकने के लिए तैनात किए गए हैं। दिल्ली में निजी स्कूलों और शिक्षा माफिया की हिम्मत अब सातवें आसमान पर पहुंच गई है।

उन्हें मालूम है कि दिल्ली में अब जनता की नहीं माफिया की सरकार है। अब बस यही देखना बाकी रह गया था। डीपीएस द्वारका ने पहले ३४ छात्रों को स्कूल से बाहर निकाल दिया और अब स्कूल के बाहर बाउंसर तैनात कर दिए हैं। वहीं, दिल्ली के पूर्व सीएम व आप पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भी अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट डाली है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि आप के समय में ऐसा कभी नहीं होने दिया गया। कोई भी स्कूल छात्रों को निकाल नहीं सकता था। आप सरकार हमेशा छात्रों और अभिभावकों की सुरक्षा के लिए खड़ी रही। डीपीएस द्वारका द्वारा बच्चों के नाम काटे जाने पर अभिभावक भी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ अभिभावकों का तो यह भी कहना है कि साल में सैलरी सिर्फ ३-४ प्रतिशत बढ़ती है, जबकि स्कूल १०० फीसदी फीस बढ़ाने में लगे हुए हैं। उनका कहना है कि इस समय दिल्ली के स्कूलों ने पूरी लूट मचा रखी है।

# दिल्ली में रेकी करके लग्जरी कार चोरी करने वाला गैंग पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रेकी करके सिर्फ लग्जरी कारों को ही चोरी करने वाले एक गैंग के दो बदमाशों को नांगलोई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरो. पियों की पहचान जगमोहन उर्फ बिट्टू और लक्ष्मी नारायण के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से सात कारें जब्त की हैं। आरोपी जगमोहन २० जबकि लक्ष्मी नारायण ७० चोरी की वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस आरोपियों के बाकी साथियों को भी पकडने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १८ अप्रैल को नांगलोई थाने में एक ब्रेजा कार चोरी होने की एफआईआर दर्ज हुई थी। एसपी जयपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ पवन तोमर के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। बदमाशों के रूट का पता किया और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से एक पुख्ता जानकारी के बाद जगमोहन उर्फ बिट्टू को सब्जी मंडी पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसकी निशानदेही पर लक्ष्मी नारायण उर्फ बिट्टू को पूठ कलां इलाके से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों ने ब्रेजा कार आरिफ के साथ मिलकर चोरी की थी। जगमोहन उर्फ बिट्टू ने ख्याला में एक कमरा किराए पर लिया था, जिसका इस्तेमाल सभी आरोपी नियमित रूप से मीटिंग पॉइंट के रूप में करते थे। यहीं पर उन्होंने दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से वाहन चोरी करने की साजिश रची थी।

# गुलदार का शावक मिलने से दहशत

**कोतवाली देहात।** ग्राम जीवनपुर में ग्रामीण अपने खेतों में काम कर रहे थे। तभी राजवीर सिंह के खेत में गुलदार का एक शावक मिला। गुलदार का शावक देखकर किसानों में भय व्याप्त हो गया। किसान शावक को अपने साथ गांव में ले आए तथा वन विभाग को सूचना दी। गुलदार को यशपाल सिंह के घर पर ले आए। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम गुलदार के शावक को फिर से खेत में ही छोड़ आई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गुलदार के शावक की माता उसे अपने साथ ले जा सकती है। गुलदार के शावक की मॉनिटरिंग की जाएगी। गुलदार का शावक मिलने के बाद ग्रामीणों में भय है कि कहीं मादा गुलदार किसानों पर हमला कर दे।

# एडुटेनमेंट की दुनिया में शिक्षा मिलती है मनोरंजन के साथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** क्या हो अगर आपकी अगली स्कूल ट्रिप न केवल मजेदार हो, बल्कि छात्रों की सीखने की क्षमता बढ़ाए, सामाजिक कौशल विकसित करे और यादगार अनुभव भी दे? स्वागत है एडुटेनमेंट की दुनिया में ख्र जहाँ शिक्षा मिलती है मनोरंजन से, और सीखना बन जाता है एक रोमांचक अनुभव। इस रोचक बदलाव में सबसे आगे है ग्लूड सुपरचार्ज्डख्र नोएडा में स्थित एक मनोरंजक केंद्र जो आजकल स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और एनजीओ के बीच एक पसंदीदा स्थल बनता जा रहा है। इसका उद्देश्य है पारंपरिक क्लासरूम शिक्षा से परे सीखने की नई परिभाषा तय करना। एडुटेनमेंट- यानी शिक्षा और मनोरंजन का मेल - आज स्कूलों की फील्ड ट्रिप्स की योजना को नया रूप दे रहा है। फलों के बागों या चिड़ियाघरों की पारंपरिक सैर से आगे बढ़ते हुए, अब शैक्षणिक संस्थान छात्रों को इंटरैक्टिव और प्रायोगिक अनुभव देने पर जोर दे रहे हैं। २१वीं सदी के जरूरी कौशल जैसे सहयोग, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समस्या-समाधान और डिजिटल साक्षरता को ध्यान में रखते हुए, एडुटेनमेंट जोन छात्रों के विकास के लिए एक आदर्श मंच हैं।

# युवक की पीटकर हत्या शव पार्क में पड़ा मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में बुधवार सुबह एक पार्क में युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज करके आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की है।

जानकारी के मुताबिक आदर्श नगर पुलिस को सुबह नीम वाला पार्क में एक युवक के खून से लथपथ हालत में पड़े होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास खून से सने पत्थर पड़े थे। युवक के चेहरे को कुचला हुआ था। जिससे आशंका जाहिर की गई कि उसकी पहचान छुपाने की आरोपियों ने कोशिश की होगी। युवक के हाथ पर पूजा नाम गुदा हुआ था। पुलिस ने शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस आसपास के लोगों और थानों से संपर्क करके शव की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# हत्या प्रयास मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के पश्चिम विहार पश्चिम थाने की टीम ने हत्या के प्रयास का मामला सुलझाकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के उनकी निशानदेही पर एक पिस्टल और एक चाकू बरामद किया है। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि १३ मई को पश्चिम विहार पश्चिम थाने में गोलीबारी की पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी ।घटनास्थल पर पहुंचने पर, पुलिस टीम ने स्थान से एक मिसफायर कारतूस और एक खाली कारतूस बरामद किया। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर, यह आरोप लगाया गया था कि व्यक्तियों का एक समूह गोलीबारी के इरादे से स्थान पर पहुंचा था। आरोपियों में से एक, जिसकी पहचान चिंटू के रूप में हुई, ने कथित तौर पर गोलीबारी की इसके बाद पश्चिम विहार पश्चिम थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर एसीपी पश्चिम विहार पाटिल स्वागत राजकुमार की देखरेख में एसएचओ पश्चिम विहार श्याम सुंदर के नेतृत्व में एसआई दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल जय भगवान, सुनील कुमार और कांस्टेबल दीपका की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने अपराध स्थल के आस-पास से एकत्र सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर आरोपी चिंटू (२०), नितिन (१८) और करण (१८) को भी पकड़ लिया।पुलिस द्वारा हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने और इसमें शामिल किसी भी अन्य व्यक्ति की पहचान करने के लिए पूछताछ जारी है

# जल्द मिलेगी गर्मी से राहत बरसेंगे बदरा

**नई दिल्ली।** कुछ दिन मौसम सुहावना रहने के बाद भीषण गर्मी ने फिर लोगों को तपाना शुरू कर दिया है। झुलसाने वाली गर्मी एक बार फिर दस्तक दे चुकी है। ऐसे में सूरज ने अपने तल्ख तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। लेकिन, इन सब के बीच एक राहत की खबर है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि दो दिन पारा ४० के पार रहने के बाद १६ मई को बारिश होने की संभावना है। ऐसे में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान बहुत हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं ३०-४० किमी प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है, जो गरज के साथ अस्थायी रूप से ५० किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। राजधानी में बुधवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहे।

# भारतीय पैकेजिंग संस्थान ने मनाया 59वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय भारतीय पैकेजिंग संस्थान आईआईपी ने आज अपना ५९वां स्थापना दिवस 'समृद्धि के लिए पैकेजिंग: नवाचार, स्थिरता और वैश्विक पहुंच' विषय पर आधारित एक प्रभावशाली कार्यक्रम के साथ मनाया। नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में पैकेजिंग पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े २०० से अधिक हितधारकों ने भाग लिया, जो भारत में पैकेजिंग के भविष्य को आकार देने में आईआईपी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।इस उद्घाटन समारोह में , आर.के. मिश्रा, निदेशक, आईआईपी , सुनील जैन, अध्यक्ष,आईआईपी ;, (डॉ.) तनवीर आलम, अतिरिक्त निदेशक एवं क्षेत्रीय अधिकारी, आईआईपी;,राकेश मोहन जोशी, कुलपति, आईआईएफटी ;, एन.एस. सुंदरम,सीईओ, पहाड़पुर प्रमुख अतिथियों में शामिल थे। इस अवसर पर आर.के. मिश्रा, निदेशक,आईआईपी ने कहा हम हर कार्य में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी पहुँच दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, मध्य प्रदेश, लखनऊ और अन्य प्रमुख शहरों तक फैल चुकी है, जो हमारी राष्ट्रव्यापी उपस्थिति और उद्देश्य को दर्शाती है। सुनील जैन, अध्यक्ष,आईआईपी ने युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा:पैकेजिंग उद्योग हर उत्पाद की यात्रा की रीढ़ हैख्रयह नवाचारी, आवश्यक और निरंतर विकसित होता क्षेत्र है। प्रो. (डॉ.) तनवीर आलम, अतिरिक्त निदेशक और क्षेत्रीय अधिकारी, आईआईपी ने दिन की विशेषता पर कहा भारतीय पैकेजिंग संस्थान के ५९वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं! आज की पहलों के साथ, उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के निरंतर समर्थन से हम एक सशक्त कदम आगे बढ़ा रहे हैं।

**Public Notice**

I, JAGDISH CHAND, S/o Shri Shiv Dayal, R/o House No. 1391, Gali Gote Wali, Pahar Ganj, New Delhi-110055, hereby declare that I have changed my name to JAGDISH KUMAR PAHUJA. I shall henceforth be known as JAGDISH KUMAR PAHUJA for all purposes. Also, my correct date of birth is 15-05-1950, which was incorrectly mentioned as 15.07.1950 in my Passport No. N3327073.
I have changed my name and corrected my date of birth accordingly and permanently.
This is for the information of all concerned.

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### एसीपी पूनम मिश्रा के नेतृत्व में

# शातिर वाहन बैटरी चोर दबोचे, मुठभेड़ में लगी गोली

■ पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को पैर में गोली लगी है पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से ही 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं



**गाजियाबाद।** सिहानीगेट थाना पुलिस ने देर रात एक एनकाउंटर के दौरान दो शातिर वाहन बैटरी चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को पैर में गोली लगी है, जिसे घायल अवस्था में अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से ही 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

मामले में जानकारी देते हुए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नंदग्राम, पूनम मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों पर कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये दोनों वाहन बैटरी चोरी और पर्स लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर कुल 23 चोरी की गई बैटरियां बरामद की हैं। घटना गाजियाबाद के पटेल नगर और लोहिया नगर में हुई बैटरी चोरी की सूचना के बाद सामने आई, जब पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी डीपीएस कट की ओर से आने वाले हैं। पुलिस ने इलाके में बैरिकेडिंग कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान स्कूटी पर सवार दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए, जिन्हें रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वे भागने लगे।

भागते हुए दोनों आरोपी हमदर्द ग्राउंड की ओर पहुंचे, जहां उनकी स्कूटी फिसल गई और उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक आरोपी आशु उर्फ आश मोहम्मद के पैर में लगी। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने पिछले तीन महीनों में दो पर्स लूट की घटनाओं को अंजाम दिया है। इसके अलावा वे रात और दिन के समय गाजियाबाद व एनसीआर के विभिन्न इलाकों में खड़ी गाड़ियों से बैटरी चोरी करते थे। बैटरियों को बेचकर मिले पैसों से वे शराब खरीदते थे

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल मे मातृ दिवस का बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और उनकी माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों से हुई, जिन्होंने अपनी माताओं के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त किया।

छात्रों के भावपूर्ण अभिनय ने सभी को भावुक कर दिया। इस अवसर पर, विद्यालय ने माताओं के लिए विशेष रूप से 'टैलेंट हंट' और 'फ्लेमलेस कुकिंग' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

माताओं ने इन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। 'टैलेंट हंट' में माताओं ने गायन, नृत्य और अन्य कलाओं का प्रदर्शन किया, वहीं 'फ्लेमलेस कुकिंग' प्रतियोगिता में उन्होंने बिना आग के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन बनाकर अपनी पाक कला का परिचय दिया।

विद्यालय के प्रिंसिपल सपना अहलावत ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके त्याग, समर्पण और अटूट प्रेम के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माताएं हमारे जीवन का आधार हैं और उनका सम्मान करना प्रत्येक बच्चे का कर्तव्य है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं ने इस आयोजन की सराहना की और विद्यालय प्रबंधन को इस यादगार दिन के लिए धन्यवाद दिया। यह दिन सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल के छात्रों और उनकी माताओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।

# सीएसएचपी पब्लिक स्कूल के छात्र व छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**गाजियाबाद।** सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल प्रताप विहार के छात्र व छात्राओं ने बारहवीं एवं दसवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रों ने एक बार फिर अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। विद्यालय के बारहवीं एवं दसवीं कक्षा दोनों का ही परिणाम शत- प्रतिशत रहा। बारहवी कक्षा के सभी संकायों विज्ञान, वाणिज्य एवं ह्यूमैनिटीज में छात्रों ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में इंदु शर्मा 96.7% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं ।वाणिज्य विभाग के संस्कार गर्ग ने 96% अंकों पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ह्यूमैनिटीज संकाय की सानवी शर्मा 96% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं ।दसवीं कक्षा में भी प्रथम स्थान पर रहे अंशुमन शर्मा ने 96.7%अंक प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर खुशी बिष्ट रहीं, जिन्होंने 95% अंक हासिल किए।93% अंकों के साथ वंशिका ने तृतीय स्थान पर अपनी पकड़ बनाई। विद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। छात्रों ने विभिन्न विषयों में व्यक्तिगत रूप से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । विद्यालय परिणाम को देखकर विद्यालय निर्देशिका सविता गुप्ता अत्यंत प्रसन्न दिखाई दीं। छात्रों, शिक्षको और विद्यालय प्रधानाचर्या को बधाई देते हुए उन्होंने सभी की हृदय से प्रशंसा की। विद्यालय प्रधानाचर्या ममता शर्मा जी ने अपने संदेश में कहा कि बोर्ड की परीक्षाओं में हमारे छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से हम अत्यंत प्रसन्न हैं। उनकी कड़ी मेहनत समर्पण और दृढ़ता ने हमें सफलता दिलाई है और हम इससे अत्यंत गौरांवित हैं। उन्होंने ने कहा कि मैं अपने छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देती हूँ। साथ ही यह विश्वास दिलाती हूँ किभविष्य में भी विद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता की अपनी परंपरा को जारी रखने और अपने छात्रों की प्रतिभा को निकालने के लिए तत्पर रहेगा।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ आरोपी शाहरुख गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखा निर्माण के मामले में पुलिस ने बुधवार को तीसरे आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई 21 अप्रैल को इंद्रपुरी इलाके में हुए विस्फोटक हादसे की जांच के तहत की गई है।

दरअसल, 21 अप्रैल को इंद्रपुरी स्थित एक मकान में हुए विस्फोट के बाद आग लग गई थी। इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मकान में अवैध रूप से पटाखों और आतिशबाजी का निर्माण किया जा रहा था। पुलिस पूछताछ में शाहरुख ने बताया कि वह मकान मालिक के साथ मिलकर चोरी-छिपे पटाखों का निर्माण और बिक्री करता था। मामले में इससे पहले मकान मालिक धर्मवीर को 23 अप्रैल को और दूसरे आरोपी रहुफ को 25 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि आरोपियों के पास पटाखा निर्माण और भंडारण का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने मामले में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की थी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध विस्फोटक निर्माण से जुड़े इस मामले में और भी लोगों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। पूरे मामले में जल्द ही और गिरफ्तारियां संभव हैं।

# साहिबाबाद की फल मंडी ने तुर्की के साथ सेब का कारोबार न करने का लिया फैसला

**गाजियाबाद।** हाल ही में तुर्की द्वारा पाकिस्तान के खुले समर्थन के विरोध में गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित सब्जी मंडी के फल व्यापारियों ने तुर्की से आयातित सेबों का पूर्ण बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस फैसले के बाद स्थानीय बाजारों से तुर्की के सेब पूरी तरह गायब हो गए हैं। व्यापारियों को इस फैसले में आम जनता का भी जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान सीमा में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया था। इसके बाद भारत-पाक संबंधों में तनाव और गहराया। इसी बीच तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन कर भारत विरोधी रुख अपनाया, जिससे देशभर के व्यापारियों और नागरिकों में आक्रोश फैल गया। व्यापारियों के अनुसार, भारत में हर साल फसली सीजन के दौरान तुर्की से करीब 1,000 से 1,200 करोड़ रुपये के सेब आयात किए जाते थे। अब यह आयात पूरी तरह बंद कर दिया गया है। व्यापारी तुर्की के सेबों की जगह अब अन्य देशों और घरेलू स्रोतों से सेब मंगा रहे हैं। व्यापारियों ने साफ कहा है कि यह निर्णय केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय भावना से प्रेरित है। हम भारत सरकार और सेना के साथ खड़े हैं।

### पुलिस जांच में खुलासे के बाद

# गैंगरेप का झूठा मुकदमा दर्ज कराने वाली युवती गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झूठा गैंगरेप का मुकदमा दर्ज कराने वाली एक गैंगस्टर युवती को गिरफ्तार किया है। जिसने थाना मधुबन बापूधाम में 5 मई को शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि विनीत गर्ग नामक व्यक्ति ने उसे कोर्ट में मिलकर उसके निजी वीडियो और फोटो की बात की और शाम को पहलवान ढाबे पर मिलने को कहा। जहां विनीत और उसके दो साथियों ने उसे गाड़ी में खींचकर गैंगरेप किया।

मामले में एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह के मुताबिक, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की तो पता चला आरोपी और पीड़िता के बीच पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं दूसरी तरफ जब पहलवान ढाबे के सीसीटीवी फुटेज देखें गई तो उसमें युवती शांति से खाना खाती और अकेले जाती दिखाई दे रही है। साथ ही आरोपी विनीत के घर के सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि वह कथित घटना के समय घर पर ही था। दोनों के मोबाइल लोकेशन भी अलग-अलग स्थानों पर थे।

इतना ही नहीं पुलिस जांच में ये भी सामने आया कि युवती 2024 में दो अन्य साथियों के साथ गैंगस्टर घोषित की गई है। उस पर पहले से डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। झूठे साक्ष्य तैयार करने के आरोप में पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कूलर में करंट उतरने से गई मासूम की जान, परिवार में मचा कोहराम

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां कादराबाद गांव में दो वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से प्रिंस नामक बच्चे की जान गई है। पीड़ित परिवार के अनुसार, श्याम मोहन का बेटा प्रिंस रोज की तरह सुबह घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान वह पास में रखे कूलर के संपर्क में आ गया। जैसे ही बच्चे ने कूलर को छुआ, उसे जोरदार करंट लग गया। वह मौके पर ही झुलसकर गिर पड़ा। परिजन तुरंत कूलर का स्विच बंद कर बच्चे को पास के स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार का कहना है कि रात में कूलर चलाया गया था, लेकिन किसी को यह जानकारी नहीं थी कि कूलर में करंट उतर रहा है। वहीं दूसरी तरफ घटना के बाद से ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पूरे गांव में शोक का माहौल है। आसपास के लोग परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

# अंकुर कौशिक के शानदार प्रदर्शन से नोएडा वंडरस सेमीफाइनल में




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के अन्तर्गत खेले गए मैच मे नोएडा वंडरस ने 9 विकेट से ग्रीनफील्ड क्रिकेट एकेडमी को हरा कर सेमीफाइनल मे प्रवेश कर लिया। हरफनमौला अंकुर कौशिक ने अविजित 55 रन व 1 विकेट लेकर शानदार योगदान दिया।

टास जीत कर नोएडा वंडरस ने क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया, पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्रीन फील्ड क्रिकेट एकेडमी ने 30 ओवर मे 177 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाए। लक्ष्य प्राप्ती के लिए नोएडा वंडरस के ओपनर ईनेश महाजन ने धुआंधार अविजित 82 रन, व अंकुर कौशिक अविजित 55 रन ने 136 रन की भागीदारी से टीम को मात्र 19-5 ओवर मे विजय दिला दी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मानवेंद्र कुमार सिंह मुख्य अभियन्ता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अंकुर कौशिक को प्रदान किया। प्रमुख स्कोर:- ग्रीनफील्ड क्रिकेट एकेडमी: 177 रन/9 विकेट पर। सैयद 38 रन,( 4 चौके, 1 छका) देव दुबे 33 रन ( 3 चौके,1 छका) तरूण बिष्ट व विवेक धामी ने 2-2 व अंकुर कौशिक ने 1 विकेट लिया। नोएडा वंडरस 180 रन 1 विकेट पर।

ईनेश महाजन 82 रन ( 10 चौके, 3 छके) अविजित अंकुर कौशिक 55 रन ( 8 चौके,1 छका) अविजित कल प्रात:काल मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन व टी एन एम इन्दिरापुरम के मध्य लीग मैच खेला जाएगा।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने किया नाम रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई 10जी व 12जी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें 95 परीक्षार्थियों ने विषयवार 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। जिनमे अदिती भारद्वाज 99.4 वाणिज्य वर्ग, कूहू मल्होत्रा 97 वाणिज्य वर्ग, तान्या रघुवंशी 96.2 वाणिज्य वर्ग, कनुप्रिया धींगरा 95.8 वाणिज्य वर्ग, हर्षिता भारद्वाज 95.6 विज्ञान वर्ग, तृप्ति 95.2 कला वर्ग, रूद्रवीर सिंह 94.6 विज्ञान वर्ग, दक्षिता शर्मा 94 वाणिज्य वर्ग वही 10 जी में आदित्य राज 98.4, रिषभ सिंह 97.2, आर्यन आनंद 96, मानशी शर्मा 94.8, तोषिक 94.8 ने अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

## एक नजर

### तिरंगा यात्रा में व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक षतिरंगा यात्राष का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। जिसमें राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी और यात्रा को सफल बनाने में उनके अमूल्य योगदान को देखते हुए यात्रा के मुख्य आयोजक एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा प्रमुख पदाधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

सम्मान पाने वालों में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष पं. अशोक भारतीय, जिला महामंत्री आशु पंडित एवं उपाध्यक्ष संजीव गर्ग शामिल रहे। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा,

'तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का एक अभियान है। व्यापारियों ने जिस उत्साह से इसमें भाग लिया, वह सराहनीय है।' जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा, 'व्यापारियों ने हमेशा देश के हर आंदोलन और आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाई है। हम राष्ट्र के हित में सदैव तत्पर रहेंगे।'

राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने कहा, 'राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए तिरंगा यात्रा जैसे आयोजनों की आज के समय में विशेष आवश्यकता है। व्यापारियों का साथ ऐसे आयोजनों को और मजबूत बनाता है।' कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के गीतों और नारों के माध्यम से यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया।

# प्रतीक ग्रैंड सोसायटी के पास नाला टूटने के मामले में जांच के आदेश

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड सोसायटी के निकट नाला टूटने के गंभीर मामले में मेरठ मंडल कमिश्नर ने जिलाधिकारी गाजियाबाद को जांच के आदेश दिए हैं। इस प्रकरण में एक निजी बिल्डर पर नाले की दिशा मोड़ने और उसे अवरुद्ध करने का आरोप लगा है, जिसके चलते प्रतीक ग्रैंड सोसायटी में पानी भर गया था और निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आरोप है कि प्रतीक ग्रैंड के पास हाल ही में लॉन्च हुए एक नए रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के बिल्डर ने अपने प्रोजेक्ट को लाभ पहुंचाने के लिए नाले के साथ छेड़छाड़ की। इसमें कुछ अधिकारियों की मिलीभगत की भी बात सामने आई है। जिसमें आवास विकास और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हो सकते हैं। इस मामले में प्रतीक ग्रुप के प्रोजेक्ट के आसपास नए प्रोजेक्ट को लॉन्च करने वाले बिल्डर के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों की भी जवाबदेही तय हो सकती है। नाला टूटने से प्रतीक ग्रैंड सोसायटी में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिससे निवासियों को गंभीर असुविधा हुई।

# गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

### हाईस्कूल में लाए शानदार अंक

गाजियाबाद। मंगलवार को घोषित सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में गाजियाबाद की गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता और पूरे समाज का नाम रोशन किया है। सोसायटी के चार छात्रों ने हाईस्कूल परीक्षा में 94% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

सोसायटी निवासी डॉ. तपन नायक के पुत्र तमोनाश नायक ने हाईस्कूल परीक्षा में 97% अंक हासिल किए हैं। तमोनाश नेहरू वर्ल्ड स्कूल के छात्र हैं और उनके पिता एक कॉलेज में डीन के पद पर कार्यरत हैं। तमोनाश ने बताया कि उनका सपना है कि वह एक स्पेस साइंटिस्ट बने और भारत के अंतरिक्ष मिशन में योगदान दें।

गुलमोहर एन्क्लेव निवासी राजेश गर्ग की बेटी सिया गर्ग ने 94.8% अंक प्राप्त किए हैं। सिया सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल की छात्रा हैं और उनके पिता चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। सिया ने बताया कि मैं रोजाना 6 घंटे की पढ़ाई करती थी और भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती हूं।

विभु सिंह के जुड़वा बच्चों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। निमिषा सिंह ने 97.8%, जबकि निशांत सिंह ने 94.4% अंक हासिल किए हैं। दोनों रियान इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ते हैं। उनके पिता विभु सिंह सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और दोनों बच्चे भी आगे चलकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का सपना देख रहे हैं। गुलमोहर एन्क्लेव की आरडब्ल्यूए की पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी, पूर्व महासचिव आर. के. गर्ग, और समाजसेवी गौरव बंसल ने इन सभी होनहार छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि ये छात्र अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं।

# विधायक ने किया विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** ग्राम फतेहपुर में मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत सुरेंद्र सैनी के मकान से परशुराम त्यागी के ट्यूबवेल तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा किया गया। इस कार्य की लम्बाई 510 मीटर और कुल लागत 35.96 लाख है। 2. ग्राम चूड़ियाला में मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत परमाल के मकान से मेडिकल स्टोर होते हुए हरी प्रधान के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस कार्य की लम्बाई 505 मीटर और कुल लागत घ75.75 लाख है।

3. ग्राम डीलना में विधायक निधि से शमशान के मेन रास्ते से अंत्येष्टि स्थल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास माननीय विधायक द्वारा किया गया। इस कार्य की लम्बाई 80 मीटर कुल लागत घ6.49 लाख है।

विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे सदैव संकल्पित हैं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आगे भी जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अमित बैंसला, अमरजीत प्रधान, नीटू चौधरी, नवीन त्यागी, प्रशान्त त्यागी, विनित, आदि उपस्थित रहे।

# इंडसइंड बैंक के पूर्व कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट के नेहरूनगर में स्थित भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड (इंडसइंड बैंक) की शाखा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शाखा प्रबंधक अंकित कुमार ने बैंक के पूर्व कर्मचारी नरेंद्र कुमार पर 1,33,299 रुपये के गबन का गंभीर आरोप लगाया है। प्रबंधक की तहरीर के आधार पर सिहानी गेट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस घटना ने बैंकिंग क्षेत्र में पारदर्शिता और विश्वास की महत्ता को एक बार फिर रेखांकित किया है। इंडसइंड बैंक की नेहरूनगर शाखा के प्रबंधक अंकित कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनका बैंक केवाईसी (नो योर कस्टमर) प्रक्रिया के आधार पर लोगों को ऋण प्रदान करता है।

# भक्तों को अच्छा रिटर्न देने का वादा करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहले सत्संग करवाना शुरू किया,फिर गुरुजी के भक्तों को झांसा देकर दुबई में विभिन्न योजनाओं में निवेश करके उच्च रिटर्न देने के बहाने करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गया। आर्थिक अपराध शाखा ने फरार आरोपी मोहित वाधवा उर्फ मनु को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उसके और उसके बैंक खातों की जांच करके पता करने की कोशिश कर रही है कि उसने अभी तक कितने लोगों से कितने रुपये ऐंठे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आर्थिक अपराध शाखा ने गुरप्री कौर राय की एक शिकायत पर आरोपी और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बाद में चार अलग-अलग परिवारों (कुल १४ पीडिघ्तों सहित) की चार शिकायतें ओर मिली थी। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि आरोपी मोहित वाधवा और उसके साथी एक गुरु जी के अनुयायी थे, जो सभी बड़े मंदिर, छतरपुर में सत्संग में शामिल होते थे। आरोपी मोहित वाधवा उर्फ मनु और उसके साथियों ने पीडिघ्तों को दुबई में विभिन्न योजनाओं में निवेश करने के लिए राजी किया।

अच्छा रिटर्न का लालच देकर कथित लोगों ने सितंबर २०१७ से सितंबर २०२० के बीच कई किस्तों में पीडिघ्तों से ९ करोड़ रुपये प्राप्त किए। इसके बाद कथित व्यक्तियों ने न तो उनके पैसे लौटाए और न ही पीडिघ्तों की ओर से किए गए निवेश के बारे में कोई दस्तावेज उपलब्ध कराए। पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस को शुरूआती जांच में पीडिघ्तों से मिले सबूतों से पता चला कि आरोपी ने बैंक खातों में रुपये जमा करवाए थे। आरोपी मोहित वाधवा उर्फ मनु वाधवा को सुभाष नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि वह कम समय में किसी भी तरह से अमीर बनना चाहता था। जब उसने अपने पते पर सत्संग आयोजित करना शुरू किया, तो बड़ी संख्या में गुरुजी के भक्त उसके पास आने लगे।

उसने भोले-भाले लोगों को अलग-अलग वादे करके उनका विश्वास जीत लिया। उन्होंने आगे बताया कि पीडिघ्तों से प्राप्त धन का कुछ हिस्सा क्रिप्टो करेंसी में निवेश किया गया था और शेष धन का उपयोग निजी खर्च के लिए किया गया था ताकि वह विलासितापूर्ण जीवन का आनंद ले सके। वर्तमान मामले से पहले, उसे इसी तरह के काम करने के तरीके के एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया था जिसमें उसने भोले-भाले निवेशकों को धोखा दिया था।

## नर्सिंग होम में लगी आग, 45 से ज्यादा लोगों को बचाया

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर के आर्य समाज रोड स्थित बीएम गुप्ता नर्सिंग होम में आग लगने से अफरातफरी मच गई। लोग बाहर की तरफ भागे और किसी तरह अपनी जान बचाई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी व पुलिस ने करीब ४५ से ज्यादा लोगों को बचाया। दमकल विभाग की ११ गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब १.२५ घंटे में आग पर काबू पा लिया। थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया, आग लगने की सूचना मंगलवार रात करीब ८ बजे मिली थी। नर्सिंग होम की दूसरी मंजिल पर नर्स हॉस्टल में आग लगी थी। तीसरी मंजिल के कुछ हिस्से में मेडिकल रिकॉर्ड बिल्डिंग थी, जिसमें ग्राउंड और तीसरी मंजिल शामिल है। आग पर ९.२५ बजे काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग से किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने बताया, दूसरी मंजिल पर केवल ६ नर्सों के रहने की व्यवस्था है। उस समय नर्स वहां मौजूद थीं। सभी को समय रहते बाहर निकाल लिया गया। ग्राउंड फ्लोर पर एक केमिस्ट की दुकान है। पहली मंजिल पर कुछ कार्यालय और ओपीडी हैं। आग के समय नर्सिंग होम में लगभग १५-२० मरीज और २० कर्मचारी मौजूद थे, जिन्हें तुरंत बाहर निकाला गया। उत्तम नगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कंपनी का मैनेजर 3.23 करोड़ की धोखाधड़ी में पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने कंपनी के ही एक मैनेजर विनय नेगी को ३.२३ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आर्थिक अपराध शाखा को कंपनी मेसर्स नैब फाइनेंस एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड से एक लिखित शिकायत मिली थी,जिसमें आरोप लगाया कि प्रबंधक विनय नेगी उसका कर्मचारी था। ग्राहकों को लोन के रुपये देने की जिम्मेदारी दे रखी थी। पेपर में मैनेजर विनय ने लोन दिया,लेकिन वास्तव में लोगों के पास लोन के रुपये नहीं पहुंचे थे। जिसकी कई शिकायतें कंपनी को मिली थी। आरा. पी विनय नेगी ने अपने पद का दुरुपयोग किया और अन्य अज्ञात साथियों के साथ मिलकर अपने निजी बैंक खातों के साथ-साथ अपने सहयोगी अमित भंडारी के बैंक खाते में कुल ३.२३ करोड़ रुपये की राशि निकाल ली। हालांकि, जांच में लगभग ५ करोड़ रुपये की कुल धोखाधड़ी का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी घनश्याम की देखरेख में इंस्पेक्टर जसवीर के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पता चला कि आरोपी विनय नेगी ने ठगी की रकम एसबीआई और कोटक महिंद्रा बैंक में अपने दो बैंक खातों और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में अपने सहयोगी अमित भंडारी के बैंक खाते में प्राप्त की थी। आरोपी विनय नेगी को सेक्टर ३, वसुंदरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर उसके साथी अमित भंडारी के ठिकानों पर छापेमारी की गई,लेकिन वह फरार हो गया। जिसको पकडने के लिये छापेमारी की जा रही है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी विनय नेगी ग्रेजुएट है। उसे ऑप्शन ट्रेडिंग में निवेश करके बहुत सारा पैसा कमाने के लिये शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है।

# डीटीसी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और राजस्व को बढ़ावा देने की पहल पर दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित डीटीसी बोर्ड की बैठक में चर्चा की गई। बैठक में राजधानी के सार्वजनिक परिवहन बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, डिजिटल सेवाओं को बढ़ाने और सतत गतिशीलता के लिए दिल्ली की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें ईवी चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार, एक स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली की शुरूआत, ड्राइवरों, कंडक्टरों और जनता के लिए सात नए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और प्रदूषण जांच बुनियादी ढांचे में सुधार शामिल हैं।

परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हम केवल सुधार नहीं कर रहे हैं; हम दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन का भविष्य बना रहे हैं। हमारा विजन नागरिकों को एक विश्वसनीय, कुशल और विश्व स्तरीय आवागमन का अनुभव प्रदान करना है। बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय डिजिटल उन्नति, सार्वजनिक सुविधा और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाएंगे। बेहतर बुनियादी ढांचे, स्वच्छ परिवहन समाधान और स्मार्ट प्रौद्योगिकी एकीकरण के साथ, हम दिल्ली को भारत की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) राजधानी बनाने के करीब पहुंच रहे हैं।ष दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के डिपो को आधुनिक बुनियादी ढांचे और अनुकूलित भूमि उपयोग के साथ विकसित करने के एक कदम में, भारत सरकार के भारी उद्योग विभाग के तहत एक मिनी रत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने क्रमशः बंदा बहादुर मार्ग डिपो और सुखदेव विहार डिपो को मल्टीलेवल पार्किंग के साथ पुनर्विकास करने में रुचि दिखाई है। इस पहल को एक आत्मनिर्भर परियोजना के रूप में प्रस्तावित किया गया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि इसके निष्पादन के लिए डीटीसी से किसी वित्तीय सहायता की आवश्यकता नहीं होगी।



दिल्ली परिवहन निगम के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और राजस्व को बढ़ावा देने की पहल पर दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह बैठक में चर्चा करते हुए।

# नालों में बिना ट्रीटमेंट सेप्टेज की डंपिंग पर उपाय के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजधानी के नालों में बिना ट्रीटमेंट वाले सेप्टेज (सेप्टिक टैंक से निकला अपशिष्ट) को डाले जाने की समस्या पर संज्ञान लेते हुए सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया, ताकि यमुना नदी में हो रहे प्रदूषण को रोका जा सके।मंत

इस मामले की समीक्षा के बाद मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने डीपीसीसी को ७ दिन के भीतर अवैध सेप्टेज डंपिंग की पूरी जांच करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, डीपीसीसी को १० दिन के अंदर एक विस्तृत कार्ययोजना पेश करने को कहा गया है, जिसमें अवैध सीवेज और सेप्टेज डिस्चार्ज को रोकने के लिए स्पष्ट टाइमलाइन और जिम्मेदारियां तय हों। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने स्पष्ट कहा कि यह सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रभावशाली नेतृत्व में, इन गलतियों को सुधारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह जी इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं और सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं। उनके नेतृत्व में हम जल्द ही एक स्वच्छ यमुना देखेंगे। मिशन यमुना क्लीनअप के तहत हम बीते समय की गलतियों को सुधारने और भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## रघुबीर नगर में युवक की पीटकर हत्या, पुलिस ने दो को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी के रघुबीर नगर इलाके के एक और युवक की मंगलवार रात को पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक की पहचान रघुबीर नगर के टीसी कैंप के पिंटू के रूप में हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। तिलक नगर थाना पुलिस ने इस मामले में आरो. पितों की पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। इससे पहले रघुबीर नगर में मंगलवार सुबह युवक की मौत हो गई थी। उसे सोमवार रात को दो युवकों ने बुरी तरह से लात-घूंसों से मारा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार रात को करीब पौने दस बजे दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल से एक व्यक्ति के मृत अवस्था में लाए जाने की सूचना प्राप्त हुई। प्रारंभिक जानकारी राजौरी गार्डन थाने को दी गई थी, लेकिन जांच में मामला तिलक नगर थाने का पाया गया। तिलक नगर थाने के पुलिस कर्मी अस्पताल में पहुंचे।

जांच के दौरान पता लगा कि पिंटू का दो लोगों के साथ झगड़ा हुआ था, जिन्होंने उसे मुक्कों और लातों से बुरी तरह पीटा। स्थानीय लोगों और चश्मदीदों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके आधार पर पुलिस ने हमलावरों की पहचान की। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरो. पितों को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई। टीमों ने अलग-अलग जगह छापेमारी कर आरोपितों को पकड़ लिया। पुलिस मामले में आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# वाणिज्यिक संस्थानों को सीवर के हिसाब से भरना होगा पानी का बिल: प्रवेश साहिब सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने राजधानी में जल के दुरुपयोग पर कड़ा फैसला लेते हुए घोषणा की है कि अब दिल्ली के सभी होटल, बैंक्वेट हॉल, शॉपिंग मॉल, निजी अस्पताल और अन्य बड़े वाणिज्यिक संस्थानों को उनके द्वारा छोड़े गए सीवरेज (गंदे पानी) के आधार पर पानी का बिल चुकाना होगा।

मंत्री ने बताया कि अभी तक इन संस्थानों के पास वैध पानी कनेक्शन या मीटर नहीं है, जिससे सरकार के पास यह जानकारी नहीं है कि वे पानी कहाँ से लेते हैं और क्या भुगतान करते हैं। इसके बावजूद ये संस्थान हर दिन लाखों लीटर गंदा पानी सिस्टम में डालते हैं। इससे सरकार को हर साल सैकड़ों करोड़ का राजस्व नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि "अब हर बूंद का हिसाब होगा। जो जितना सीवर बहाएगा, उसे उतना ही पानी का बिल देना होगा। मुफ्त में पानी लेकर करोड़ों का मुनाफा कमाने वालों की मनमानी अब खत्म होगी।"नई व्यवस्था के तहत दिल्ली के सभी बड़े निजी वाणिज्यिक संस्थानों की सीवरेज निकासी के आधार पर पानी की खपत का अनुमान लगाया जाएगा। जिनके पास वॉटर मीटर नहीं हैं या जो अपने जल स्रोत का खुलासा नहीं कर सकते, उन्हें सीवरेज बहाव के आधार पर बिल देना होगा।यह कदम पानी चोरी पर लगाम लगाएगा और राजस्व की बड़ी हानि को रोकेगा।

रिकॉर्ड्स की जांच सीवरेज डेटा और नगर निगम के व्यावसायिक लाइसेंस से क्रॉस वेरिफाई करके की जाएगी।पिछले कई वर्षों से दिल्ली के कई बड़े वाणिज्यिक संस्थान बिना किसी हिसाब-किताब के पानी का उपयोग कर रहे हैं। उनकी पानी की खपत का कोई रिकॉर्ड नहीं है लेकिन सीवरेज निकासी होती रही है। ये संस्थान सार्वजनिक जल संसाधनों का दुरुपयोग कर मुनाफा कमा रहे थे।प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि ये टैक्स नहीं है, ये जिम्मेदारी है। आप करोड़ों के कारोबार मुफ्त पानी पर नहीं चला सकते। अब हर संस्थान को उसके उपयोग की कीमत चुकानी होगी।"ख्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह नीति केवल वाणिज्यिक संस्थानों पर लागू होगी। आम नागरिक, घरेलू उपभोक्ता, झुग्गीवासियों या गरीब तबकों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह फैसला सिर्फ उन लोगों के लिए है जो लाभ के लिए संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि पिछली सरकारों की अनदेखी के चलते वर्षों तक निजी संस्थान फ्री में पानी लेकर लाखों लीटर सीवर बहाते रहे। अब यह बंद होगा। सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ एक नया, अनुशासित सिस्टम लेकर आ रही है, जिसमें हर उपभोक्ता को अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी होगी।

# सीजफायर के बाद 'आप' ने केंद्र के खिलाफ खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बाद आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के तमाम बड़े नेता सरकार के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं।

आप नेता आतिशी ने ने एक के बाद एक कई सवाल दागे। जिसके माध्यम से उन्होंने पहला सवाल दागते हुए पूछा कि जब भारतीय सशस्त्र बलों का पलड़ा भारी था, तो अचानक युद्ध विराम की घोषणा क्यों की गई? वहीं पर दूसरे सवाल में उन्होंने पूछा- पहलगाम हमले के पीछे के आतंकवादी कहां हैं? क्या उन्हें पकड़ लिया गया है? क्या उन्हें मार दिया गया है? उनके पकड़े जाने से पहले युद्ध विराम की घोषणा क्यों की गई?

वहीं पर आतिशी ने अपने तीसरे सवाल में केंद्र सरकार से पूछा- युद्ध विराम की घोषणा भारतीय सेना या प्रधानमंत्री द्वारा क्यों नहीं की गई? अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा इसकी घोषणा क्यों की गई? पूर्व सीएम ने अपने चौथो और आखिरी सवाल में पूछा कि क्या युद्ध विराम डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत के साथ अमेरिकी व्यापार संबंधों को रोकने की धमकी के दबाव में किया गया था? ५. और हां, जब पाकिस्तान ने युद्ध विराम की भीख मांगी, जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा था, तो ऐसा कोई समझौता क्यों नहीं किया गया, जिससे पता चले कि पाकिस्तान ने आत्मसमर्पण कर दिया है?

आप नेता आतिशी के बयान पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पलटवार करते हुए कहा, ष्पूरे भारत में नागरिक ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान और सलामी के लिए तिरंगा यात्रानिकाल रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान में आतंकवादियों के जनाजे निकल रहे हैं, जबकि भारत में कुछ नेता सबूत यात्रा निकाल रहे हैं।

# झगड़ा होने पर किया था हमला पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस के वेलकम थाने के स्टाफ ने हत्या के प्रयास के मामले में शामिल पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अपराध में इस्तेमाल एक चाकू, उस्तरा तथा खून से सनी हुई शर्ट बरामद की है। आरोपियों ने किसी बात को लेकर झगडा होने पर उस्तरे से बार किया था।

दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वेर वी. स्वामी ने बताया कि १२ मई को वेलकम थाने को सूचना प्राप्त हुई कि सी-ब्लॉक, कबीर नगर में एक व्यक्ति पर चाकू से गले पर वार किया गया है। तत्काल ही एक पुलिस टीम मौके पर पहुची और पाया के कि घायल व्यक्ति को जीटीबी अस्पताल, में भर्ती कराया गया है। जिला अपराध टीम व एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया और घटनास्थल की गहन जांच कद्य टीम को मौके से खून से सना एक चाकू भी मिला।

इसके बाद वेलकम थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी भजनपुरा विवेक त्यागी की देखरेख मे एसएचओ वेलकम रूपेश कुमार के नेतृत्व में एसआई योगेश कुमार, पीएसआई उक्लेश यादव व कांस्टेबल विनोद की टीम ने आस-पास की सीसीटीवी की फुटेज का गहन अध्धयन किया और इलाके में फैले हुए मुखबिरों से जानकारी इकठ्ठा कर संदिग्ध पिता-पुत्र की जोड़ी को गिरफ्तार कर लिया जिनकी पहचान (१) मोहम्मद शहजाद (५५) एवं मोहम्मद साकिब (१९) के तौर पर हुई। आरोपी मोहम्मद साकिब की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल एक उस्तरा भी बरामद किया गया। मामले की विवेचना के दौरान सामने आया की आरोपी मोहम्मद साकिब नाई का काम करता है और घटना से पहले उसका पीड़ित से किसी बात को लेकर झगडा हुआ था जिस पर मोहम्मद साकिब ने अपने पिता को बुला लिया और दोनों ने मिलकर पीड़ित पर चाकू तथा उस्तरे से हमला कर दिया।

# शिकायतें सुलझाने को लगेंगी 'शिकायत पेटियां'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट कहा है कि दिल्ली के नागरिकों की शिकायतों का समाधान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सरकार का उद्देश्य है कि नागरिकों की समस्याओं का जल्द और प्रभावी समाधान हो। इसके लिए सभी विभाग प्रमुख को लंबित शिकायतों के निवारण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी कड़ी में सभी डीएम, एसडीएम और सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में 'शिकायत पेटी' लगाने के निर्देश दिए हैं। नागरिक इन बक्सों में अपनी शिकायतें लिखकर डाल सकते हैं। इन शिकायत पेटियों में प्राप्त होने वाली शिकायतों की निगरानी मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाएगी। इस मसले पर मुख्यमंत्री ने आज दिल्ली सचिवालय में विभिन्न विभाग प्रमुखों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में पब्लिक ग्रीवांस मैनेजमेंट सिस्टम (च्ळडै) पोर्टल पर विभिन्न विभागों के लंबित जन शिकायतों और उसके निदान को लेकर समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित था। इसके लिए सभी विभागों को लंबित जन शिकायतों के निवारण के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए गए है। बैठक में मुख्य सचिव श्री धर्मेंद्र सहित राजस्व विभाग, डूसिब, दिल्ली पुलिस, डीडीए, शिक्षा निद. ेशालय (क्वम), पीडब्ल्यूडी, समाज कल्याण विभाग, प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा निदेशालय, पर्यावरण और वन विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड, श्रम विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, और परिवहन विभाग के विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

# हत्या करने की कोशिश में फायरिंग, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार पश्चिम पुलिस ने एक युवक की हत्या करने की कोशिश करने की वारदात में शामिल तीन आरोपियों चिंटू,नितिन और करण को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल और चाकू जब्त किया है।

पुलिस आरोपियों से पिस्टल का सॉर्स जानने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार को,पश्चिम विहार पश्चिम पुलिस को कई पीसीआर कॉल मिली थी,जिसमें कॉलर ने बताया कि ज्वालापुरी, कैंप नंबर ४,में गोली चली है। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को मौके पर से कारतूस का खोल पड़ा मिला। जिसको जब्त कर लिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ लडकों ने जान से मारने की नियत से फायरिंग की थी। जिसमें एक चिंटू नामक युवक भी था। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

एसीपी पाटिल स्वागत राजकुमार की देखरेख में एसएचओ श्याम सुंदर के निर्देशन में पुलिस टीम वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से चिंटू और उसके साथियों के ठिकानों पर छापेमारी करके तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

# बेकसूर पर मुकदमा दर्ज भविष्य चौपट होने को तैयार

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक पर हुए हमले के बाद स्वयं युवक ने बिजनौर आलाधिकारियों को अपने ऊपर हुए हमले और लूट की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। उधर आलाधिकारियों के फोन आने के बाद जहां पुलिस ने पीड़ित से संपर्क साधा तो वहीं युवक के द्वारा मिली तहरीर को ही सही मानते हुए कुछ लोगों पर नामजद मुकदमा लिख दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सैदाबाद निवासी मुसर्रत पर कुछ दिन पूर्व रात करीब 7 से 8 बजे के बीच गंज सैदाबाद नहर पर तीन से चार युवकों ने हमला कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने बिजनौर के आलाधिकारियों पर फोन करते हुए लूट की सूचना दी। वहीं बिजनौर से अधिकारियों की घंटी बजते ही हीमपुर दीपा पुलिस हरकत में आ गई और पीड़ित से संपर्क साधा।

उधर पीडित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन से चार नामजद युवकों के खिलाफ संगीन धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर दी। बताया जाता है कि इन नामों में शामिल कई लोगो को पुलिस ने उठाकर पूछताछ भी की परंतु कुछ हाथ नहीं लगा। उधर इस प्रकरण में पत्रकार गुलफाम अहमद का भी नाम लिखवा दिया गया जो घटना के समय अपने पत्रकार साथी की दुकान पर मौजूद था, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी उसके पास मौजूद है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT 08 | **कार्य का नाम**: वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/ दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में 1. वर्ष 2025-26 के लिए सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/W/MTC के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों के रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र कार्य, जो 30.06.2026 को समाप्त होगा और 2. वर्ष 2025-26 के लिए सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/W/MOZ के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों के रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र कार्य, जो 30.06.2026 को समाप्त होगा। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)**: IREPS पर NIT के अनुसार। **बयानाराशि (रुपये)**: IREPS पर NIT के अनुसार। |
| NIT 11 | **कार्य का नाम**: वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/ दिल्ली के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के SSE/P.Way/MTC व MOZ के खंड में ट्रैक के रखरखाव के लिए पी वे. वार्षिक जोन 2025-26 का प्रावधान **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)**: IREPS पर NIT के अनुसार। **बयानाराशि (रुपये)**: IREPS पर NIT के अनुसार। |
| NIT 16 | **कार्य का नाम**: वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में 1. वर्ष 2025-26 के लिए सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के तहत SSE/W/E/GZB के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों के रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र कार्य, जो 30.06.2026 को समाप्त होगा और वर्ष 2025-26 सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधीन SSE/W/E.GZB और SSE/W/M.GZB अनुभाग में ईएमयू कारशेड, एसएंडटी वर्कशॉप, इलेक्ट्रिक लोको शेड, ट्रैक सप्लाई डिपो, सिक लाइन आदि में शेड की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)**: IREPS पर NIT के अनुसार। **बयानाराशि (रुपये)**: IREPS पर NIT के अनुसार। |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 10.06.2025 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं. 128-W/280/e Tender Notice/NIT-08, 11 & 16-25-26-W-II दिनांक:- 14.05.2025

1420/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**

(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

Truhome FINANCE

पंजीकृत कार्यालय: श्रीनिवासा टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनमपेट, चेन्नई-600018 शाखा कार्यालय: लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051, website: www.truhomefinance.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण उक्त डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है।

उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 13- मई, 2025 को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि के लिए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

(सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।)

**उधारकर्ता का नाम और पता**

श्री अनुज कुमार पुत्र श्री अनूप
गाँव में घर - गंगाहरी माजरा, निकट- शिव मंदिर, पोस्ट-मूंधी बकापुर, जिला-बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश-245407.
श्रीमती रीना पत्नी श्री अनुज कुमार
गाँव में घर - गंगाहरी माजरा, निकट- शिव मंदिर, पोस्ट-मूंधी बकापुर, जिला-बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश- 245407.
इसके अलावा: मकान नंबर 11, मोहल्ला- मालियान अवल, औरंगाबाद जिला-बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश-245407.

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

रु. 34,60,895/-(रु.चौंतीस लाख साठ हज़ार आठ सौ पंचानवे मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SLPHGPRK0002139 दिनांक 07.02.2025 तक
डिमांड नोटिस की दिनांक - 19-फरवरी-2025
भौतिक कब्जे की दिनांक - 13-मई-2025 एनपीए की दिनांक - 03 फरवरी -2025

**गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण**

वह सब भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर, आवासीय खुला प्लॉट खेत नंबर 1397 का हिस्सा, क्षेत्रफल 75 वर्ग मीटर, सियाना रोड पावसरा रोड तिराहे से थाने तक,कस्बा-औरंगाबाद, परगना-बरना, तहसील और जिला-बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश। उक्त सीमाएँ:- पूर्व:-खेत पिंटू सुनार, पश्चिम: -स्याना रोड, उत्तर:-प्रदीप का घर, दक्षिण:-सुखबीर की दुकान

स्थान: बुलन्दशहर
दिनांक: 13.05.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# यमुना में समा गए खुरगान के दो किशोर

**गर्मी से निजात पाने को यमुना में नहाने के लिए गए थे दोनों दोस्त**

**हादसे से मृतक के परिजनों में मचा कोहराम, गमगीन माहौल में शवों को किया गया सुपुर्द-ए-खाक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गर्मी में निजात पाने को यमुना में नहाने के लिए गए दो किशोरों की गहरे पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से मृतक किशोरों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बाद में दोनों मृतकों के शवों को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

खादर क्षेत्र के गांव इस्सापुर खुरगान निवासी अफनानद्ध14ऋ, मुस्तफाद्ध15ऋ व सोहिल आपस में दोस्त थे। तीनों गांव के ही एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ते थे। बताया जा रहा है कि बुधवार को छुट्टी के पश्चात दोपहर करीब एक बजे तीनों दोस्त गर्मी से निजात पाने के उद्देश्य से नहाने के लिए यमुना पर चले गए। सोहिल किनारे पर बैठ गया, जबकि अफनान व मुस्तफा नहाने के लिए यमुना के अंदर चले गए। इसी दौरान यमुना में नहा रहे दोनों किशोर गहरे पानी में डूबने लगे। दोनों को डूबते हुए देखकर बाहर बैठे सोहिल ने शोर





मचा दिया, लेकिन आसपास किसी व्यक्ति के न होने के कारण दोनों किशोर यमुना के गहरे पानी में समा गए। इसके पश्चात, सोहिल ने गांव में पहुंचकर दोनों किशोरों के परिजनों व अन्य ग्रामीणों को घटना के बारे में बताया। आनन-फानन में किशोरों के परिजन व ग्रामीण भारी संख्या में यमुना पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने यमुना नदी में डूबे किशोरों की तलाश शुरू की। काफी देर की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों किशोरों को यमुना से बाहर निकालकर शामली के निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया।

जहां पर चिकित्सकों ने दोनों किशोरों को मृत घोषित कर दिया। किशोरों की मौत से मृतकों के परि. जनों में कोहराम मच गया। मृतक अफनान सात भाई-बहन बताए गए है, जिनमें अफनान भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक अफनान के पिता जमशेद खेती-बाड़ी का कार्य करते है। वहीं, मृतक मुस्तफा भी छह भाई-बहन थे। मुस्तफा भी अपने भाइयों में सबसे छोटा बताया गया है। मुस्तफा के पिता की करीब एक वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। बाद में दोनों मृतकों के शवों को गांव के निकट स्थित कब्रिस्तान में गमगीन माहौल के बीच सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## दहेज के लिए विवाहिता को दिया तीन तलाक, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने दहेज के लिए परेशान करने तथा तीन तलाक दिए जाने के आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके देवर ने चाकू की नोक पर उसके साथ बलात्कार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नौंधना निवासी रुकसाना पुत्री जमशेद का कहना है कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद कासिम निवासी नूरपुर के साथ हुई थी तथा उसके दो पुत्र है। पीड़िता का कहना है कि शादी के समय उसके पिता ने लगभग दस लाख रुपये खर्च कर अपनी हैसियत से भी अधिक काफी दान दहेज दिया था। लेकिन आरोप है कि उक्त दहेज से उसके ससुराल वाले सन्तुष्ट नहीं थे और दहेज में सेंट्रो कार सहित घर की महिलाओं के लिए सोने के जेवर व 2 लाख रुपये की मांग कर रहे थे।

# ट्रक ने बाइक को रौंदा, महिला की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे गांव टपराना के निकट गोल चक्कर पर पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से पीछे बैठी महिला की ट्रक के नीचे कुचले जाने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक टक्कर लगने से दूर जा गिरा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

गांव अजीजपुर निवासी युवक अजमल अपनी माता बतूल पत्नी हसरत उम्र करीब 45 वर्ष को साथ लेकर घर के लिए समान लेने बाइक द्वारा शामली जा रहा था। युवक ने बताया कि जब वह मेरठ करनाल हाईवे स्थित गांव टपराना के निकट गोल चक्कर पर पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रैफिक की वजह से वह गोल चक्कर पर ही रुक गया तो पीछे से आए ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी माता बतूल ट्रक की चपेट में आकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक ने बताया कि वह टक्कर लगने से बाइक सहित दूर जा गिरा, जिससे उसकी उसकी जान बच गई। पुलिस मौके पर पहुंची तथा ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भिजवा दिया। महिला की मौत की सूचना से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। मृतक महिला का पति दिहाड़ी मजदूरी का कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। मृतका के पुत्र अजमल ने ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## अकेली पाई किशोरी के साथ की छेड़छाड़, पुलिस पर युवकों को छोड़ने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में ग्रामीणों ने दो किशोरों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि किशोरी के परिजनों से तहरीर नहीं दी है। किशोरों को सुपुर्दगी में दिया गया है।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव में मंगलवार की देर रात्रि दो किशोरों ने किशोरी को अकेला पाकर छेड़छाड़ की घटना कर दी।किशोरी ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस को मौके पर बुलाकर उन्हें सौंप दिया।जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों परिजनों के संग चौकी पर पहुंचे और हंगामा करने लगे। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने चौकी प्रभारी के चौकी पर नहीं होने का हवाला देकर ग्रामीणों को टरका दिया।

जिसके बाद चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे तो परिजन भी ग्रामीणों के संग वापस आ गए। परिजनों ने पूरी घटना पुलिस अधिकारी को बताई लेकिन शिकायती पत्र नहीं दी। वही चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि किशोरी के परिजनों ने तहरीर नहीं दी जिस कारण से मुकदमा दर्ज नहीं हो सका और किशोरों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# नाले की पाइपलाइन बार-बार चौक हो जाने का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज अपने निरीक्षण में पिछले कई वर्षो से उधोग बन्धु की बैठक में उधोग बन्धुओं द्वारा औद्योगिक स्थान से पूर्वी यमुना नहर तक 03 किलोमीटर तक की नाले की पाइपलाइन बार-बार चौक हो जाने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आज औद्योगिक स्थान कण्डेला पुलिस चौकी से राजमहल तक नाले का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने



औद्योगिक क्षेत्र में ओपन नाला की सफाई कराने के निर्देश अपर मुख्य अधिकारी पंचायत को दिए साथ ही टिटौली में खुले नाले की सफाई के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। निरीक्षण में एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, कैराना स्वप्निल कुमार यादव, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक वार्ष्णेय,अपर मुख्य अधिकारी पंचायत नईम अहमद, आशीष जैन, अशोक बंसल, अंकित गोयल, अमित जैन, आशीष अग्रवाल अपूर्व जैन, आदि उद्यमी मोजूद रहे।

## एक नजर

### विभिन्न मामलों में दो को अर्थदंड

**शामली।** वर्ष 1998 में अभियुक्त पप्पन पुत्र वीर सिंह निवासी मौहल्ला ताड़वाला थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएसड़ी शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 1,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। वहीं 2007 में अभियुक्त मुस्तफा पुत्र सईद निवासी ग्राम करमू खेड़ी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा अधिनियम पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएसड़ी शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए न्यायालय उठने तक सजा व 1,200/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### एक एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित वारण्टी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त राहुल पुत्र रफल सिंह निवासी ग्राम किशोरपुर थाना थानाभवन जनपद शामली है।

### शादी अनुदान योजना का लाभ उठाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी, शामली रीतू रस्तोगी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जातिध्जनजाति एंव सामान्य वर्ग के व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजना संचालित है। जिसके अन्तर्गत आवदेक को 20,000/- रूपये की धनराशि दिए जाने का प्राविधान है। वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद शामली को अनुसूचित जातिध्जनजाति के 219 एंव सामान्य वर्ग के 178 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पात्रता की शर्तें- 1. योजना के अन्तर्गत आवेदक की आय गरीबी की सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिए अर्थात शहरी क्षेत्र में 56,460 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, 2. वृद्धावस्था पेंशन निराश्रित विधवा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन पाने वाले आवेदको को आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। यदि आवेदक बी.पी.एल. सूची में है तो सम्बन्धित सूची की छायाप्रति, 3. अनुसूचित जनजाति जनजाति वर्ग के आवेदकों को तहसील द्वारा आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र का क्रमांक अंकित करना अनिवार्य है, 4. विवाह हेतु किए गए आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। 5. योजनान्तर्गत आवे. दन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है, 6. एक परिवार के अधिकतम 2 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा।

# नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि माई भारत युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए आमंत्रित करता है। युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, देश भर के युवाओं को सक्रिय रूप से संगठित कर रहा है ताकि वे MY Bharat Civil Defense Volunteers के रूप में नामांकन करा सकें।

यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है, खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान। इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदाई और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए, एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों का समर्थन करके इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है, और MY Bharat इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसलिए, MY Bharat अपने युवा स्वयंसेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से अपील करता है कि वे आगे आएं और MY Bharat नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में पंजीकरण करें। मौजूदा MY Bharat स्वयंसेवक और नए व्यक्ति जो इस क्षमता में राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं, दोनों का इसमें शामिल होने का स्वागत है। यह पहल न केवल युवाओं में नागरिक जिम्मेदारी और अनुशासन की एक मजबूत भावना पैदा करती है,बल्कि उन्हें गंभीर परिस्थितियों में तेजी से कार्य करने के लिए व्यावहारिक जीवन-रक्षक कौशल और प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। पंजीकरण प्रक्रिया सरल है और आधिकारिक MY Bharat पोर्टल https://mybharat.gov.in के माध्यम से सुलभ है । यह युवाओं के लिए एक स्पष्ट आह्वान है कि वे आगे आएं और इस राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए सभी इच्छुक युवाओं जनता को संगठित करें।

## खेत से चोरी हुई बाइक, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना झिझाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेडा भाऊ में बाइक चोरी की घटना सामने आई है। खेत से एक किसान की मोटरसाइकिल रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। मामले में पीड़ित की तहरीर पर ऊन पुलिस चौकी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव खेडा भाऊ निवासी आकाश चौहान पुत्र चरण सिंह 10 मई को शाम के समय अपने खेत में काम कर रहा था। उसने अपनी मोटरसाइकिल खेत के पास ही एक बाग में खड़ी कर दी थी। जब वह काम खत्म कर बाइक के पास पहुंचा तो वह वहां से गायब थी। पीड़ित ने दो दिनों तक बाइक की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाइक के साथ उसमें रखे वाहन के सभी कागजात व उसके पिता का ड्राइविंग लाइसेंस भी चोरी हो गया। आकाश चौहान ने मामले की जानकारी ऊन पुलिस चौकी को दी, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चौकी प्रभारी राकेश कुमार का कहना है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पीर बेहराम शाह के मजार पर बुधवार से मेला प्रारंभ, दूर-दराज से पहुंचेंगे अकीदतमंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव बिडौली सादात में बुधवार से बिडौली पीर पर मेले का आयोजन शुरू हो गया है। मेले में पहुंचे जायरीनों ने मजार पर जियारत कर मन्नत मांगी। बिडौली पीर पर हर वर्ष भरने वाला यह मेला क्षेत्र में आस्था और अकीदत के लिए प्रसिद्ध है, जहां दूर-दराज से जायरीन अपनी मन्नतें लेकर आते हैं।दरगाह के सज्जादानशी ने बताया कि यह मेला कई वर्षों से लगातार भरता आ रहा है। माना जाता है कि जब बिडौली सादात एक समृद्ध और आबाद शहर हुआ करता था, तभी से पीर बेहराम शाह का मजार यहां मौजूद है। बताया जाता है कि सन 1905 में आए भीषण सैलाब ने पूरे शहर को तबाह कर दिया था। उस समय न तो सड़कें थीं और न ही यमुना नदी पर कोई बांध। पानी पूरे शहर में भर गया था, लेकिन पीर की मजार की हद तक पानी नहीं पहुंचा। तभी से यह स्थान लोगों के लिए अकीदत और विश्वास का प्रतीक बना हुआ है। बाढ़ के बाद लोग लगभग एक किलोमीटर दूर जाकर बस गए, लेकिन मजार आज भी वहीं स्थित है जहां पर हर वर्ष में पांच बार मेला आयोजित होता है।

## रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली एवं बालाजी आईटीआई, कैराना द्वारा दिनांक 16 मई 2025, दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे बालाजी आईटीआई, पानीपत रोड़, कैराना में एक रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी, अजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेलें में निजी क्षेत्र की एकेएस जाब्स् प्रा लि एवं हीरो मोटोकॉर्प लि प्रशिक्षार्थियों को पर्चेज , लाजिस्टिक्स, सप्लाई चेन में स्टोर कीपर, वेयरहाउस असिस्टेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सुपरवाइजर, हेल्पर, अप्रेंटिसशिप के 250 पदों के लिए सभी ट्रेड में आईटीआई, हाईस्कूल, इण्टर, डिप्लोमा, स्नातक योग्यताधारी व आयु सीमा 18-35 वर्ष के पुरूष व महिला अभ्यर्थियों को चयनित करेंगी। जिनकी जॉब लोकेशन गुरुग्राम, सोनीपत, निमराना, अलवर आदि होगी। रोजगार मेलें में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी तवरहंतेंदहंउ।नच।हवअ।पद पर पंजीयन कराएं एवं प्रात:10 बजे बायोडाटा के साथ रोजगार मेलें में उपस्थित हो।

## लक्ष्य के सापेक्ष करीब आधा गेहूं की खरीद हुई

**ऊन।** बीपैक्स समिति पर बनाए गए गेहूं क्रय केंद्र पर अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष करीब आधा गेहूं खरीद हुई है जबकि गेहूं की कटाई पूरी हो गई है जिससे लक्ष्य प्राप्त नहीं होने की संभावना है। बीपैक्स समिति पर गेहूं क्रय केंद्र बनाया गया है क्रय केंद्र पर 6000 कुंतल गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है जिसके सापेक्ष अभी तक 3465 कुंतल गेहूं की खरीद हो पाई है अभी तक 94 किसानों ने गेहूं क्रय केंद्र पर बेचा है जिनमें से 93 किसानों का भुगतान भी किया जा चुका है लगातार भुगतान होने के बावजूद भी किसान गेहूं लेकर क्रय केंद्र पर नहीं पहुंच रहा है इस बार गेहूं की फसल की पैदावार भी अच्छी हुई है गेहूं की कटाई पूरी हो चुकी है लेकिन लक्ष्य के सापेक्ष खरीद नहीं हो पाई है इस संबंध में केंद्र व्यवस्थापक शोभित कुमार ने बताया कि क्रय केंद्र पर सभी सुविधाएं उपलब्ध है भुगतान भी किसानों के खाते में सीधा भेजा जा रहा है लगातार किसानों को गेहूं की खरीद हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है।

# नौमान की गिरफ्तारी से सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर आया कैराना

**सालिम अंसारी**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एक दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत में सीआईए-1 की टीम के द्वारा पाकिस्तान को गोपनीय सूचनाएं भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया नौमान इलाही मुख्य रूप से पासपोर्ट बनवाने का कार्य किया करता था। नौमान की गिरफ्तारी के बाद से खुफिया विभाग अलर्ट मोड़ पर है। स्थानीय खुफिया विभाग के लोग गिरफ्तार किए गए नौमान की कुंडली खंगालने में जुट गए है। कैराना में स्थित नौमान के घर पर ताला लटका हुआ है। मंगलवार को हरियाणा राज्य की पानीपत क्राइम इन्वेस्टीगेशन एजेंसी की टीम ने एक युवक को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान में रह रहे इकबाल नामक आतंकी के सम्पर्क में होने के आरोप है। पानीपत सीआईए की टीम के द्वारा पकड़ा गया नौमान इलाही कैराना कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा का निवासी बताया गया है। नौमान कैराना में रहकर पाकिस्तान अथवा अन्य मुस्लिम देशों में जाने वाले लोगो के पासपोर्ट बनवाने का कार्य किया करता था। आशंका है कि पासपोर्ट बनवाने का कार्य करने के दौरान ही वह दुश्मन देश के जासूस के सम्पर्क में आया है। बताया जा रहा है कि नौमान का पिता अहसान भी पासपोर्ट



बनवाने का कार्य करता था, जिसकी करीब पांच वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि नौमान करीब चार माह पूर्व कैराना से पानीपत जाकर अपनी बहन के यहां रहने लग गया था। वहां पर किसी फैक्ट्री में गार्ड की नौकरी करता था।

### नौमान के कैराना स्थित आवास पर लटका ताला

पानीपत सीआईए द्वारा पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए नौमान इलाही का मकान कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा में स्थित है। यह नौमान का पुश्तैनी मकान बताया जा रहा है। 24 वर्षीय नौमान छह भाई-बहनों में सबसे छोटा है। अशरफ व जीशान उसके बड़े भाई है, जो अपने परिवार के साथ में दिल्ली में रह रहे है। नौमान की तीन बहनें जीनत, कुच्छों व जैनम है। नौमान को छोड़कर उसके सभी भाई-बहन शादीशुदा है, जिनमें से एक बहन जीनत की शादी पानीपत में हुई है। बताया जा रहा है कि सीआईए टीम द्वारा पकड़ा गया नौमान पिछले करीब चार माह से पानीपत में अपनी बहन के यहां रह रहा था, जिसके चलते कैराना स्थित उसके मकान पर ताला लटका हुआ है। इस मकान में नौमान अकेला रहता था। हालांकि मोहल्ले के लोग आरोपी युवक के बारे ज्यादा कुछ बताने के लिए तैयार नही है।

### गिरफ्तारी के बाद चौकन्ना हुआ लोकल खुफिया विभाग

कैराना के युवक की पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पानीपत में हुई गिरफ्तारी के बाद स्थानीय खुफिया तंत्र भी सतर्क हो गया है। मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण खुफिया विभाग के अधिकारी स्थानीय पुलिस व अपने सूत्रों के माध्यम से पकड़े गए युवक की कुंडली खंगालने में जुट गए है। लोकल इन्वेस्टिगेशन यूनिटद्धएलआईयूऋ व स्टेट इंटेलिजेंस ब्यूरोद्धएसआईबीऋ के लोग भी पकड़े गए युवक का डाटा इकठ्ठा करने में लगे है। खुफिया तंत्र जानकारी जुटा रहा है कि आरोपी युवक कैराना में किन-किन लोगों के सम्पर्क में रहा है। इसके अलावा, उसके परिवार, रिश्तेदारों व मित्रों के बारे में भी जानकारी की जा रही है।

### यह है पूरा मामला

हरियाणा राज्य के पानीपत जिले की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए)-1 की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पानीपत के सेक्टर-13/17 क्षेत्र से एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तारी विगत 13 मई को की गई है। आरोपी की पहचान नौमान इलाही (24) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, नौमान पाकिस्तान में मौजूद एक संदिग्ध आतंकी इकबाल के संपर्क में था और वह वॉट्सऐप व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भारत की संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान भेज रहा था।

### संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्तता के बाद हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने नौमान इलाही के मोबा. इल नंबर से हो रही संदिग्ध गति. विधियों को ट्रैक करने के बाद उसे हिरासत में लिया। शुरुआती पूछताछ में यह सामने आया है कि नौमान इलाही कैराना का रहने वाला है और पानीपत में एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। पानीपत पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है और बताया है कि उनकी क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए) की यूनिट-1 आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

### मोबाइल से खुला आतंकी कनेक्शन

पुलिस ने जब नौमान इलाही के मोबाइल फोन की जांच की, तो उसमें पाकिस्तान में इकबाल नामक एक आतंकी के साथ संपर्क होने का पता चला। यह भी सामने आया कि नौमान इकबाल को भारत की सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी भेज रहा था। हालांकि, पुलिस ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि उसने किस प्रकार की और कितनी खुफिया जानकारी साझा की थी।

### सिक्योरिटी एजेंसी के जरिए मिली नौकरी

पुलिस की पूछताछ में नौमान ने बताया कि पानीपत की फैक्ट्री में नौकरी करने के दौरान ही वह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के रहने वाले रजनीश तिवारी नामक एक व्यक्ति के संपर्क में आया था। रजनीश एक सिक्योरिटी एजेंसी चलाता है और उसी के माध्यम से नौमान को पानीपत के सेक्टर 29 स्थित एक कंबल फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी मिली थी।

### माता-पिता की हो चुकी है मौत

शुरुआती पूछताछ में नौमान ने पुलिस को बताया कि उसके पिता अहसान इलाही और माता कोसर बानो का लगभग पांच वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। उसकी बहन की शादी पानीपत में होने के कारण वह करीब चार महीने पहले पानीपत आया था। हालांकि, वह पाकिस्तानी आतंकियों के संपर्क में कब और कैसे आया, इस बारे में पुलिस अभी भी गहन पूछताछ कर रही है।

## भड़ी कोरियान के जंगल से साठ हजार कीमत की दो मोटर चोरी की, किसानों मे रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी कोरियान मे बीतीरात दो किसानों की टयूबवैल से बदमाशों ने हजारों की कीमत की मोटर को चोरी कर लिया। बताते है कि पीडित किसान रोजाना की भांति सुबह के समय खेत पहुॅचा तो मोटर चोरी का पता लगा। जिसके बाद पीडित ने डायल 112 को सूचना देकर चौंसाना पुलिस को लिखित शिकायत की और मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। चौसाना चौकी क्षेत्र मे किसानों के खेतो से बदमाश धडल्ले से चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है लेकिन बदमाशों पर लगाम नही लग रही। मंगलवार की देर्रात्रि यमुना किनारे बसें गांव भडी कोरियान मे ताज अली व जब्बार के खेत से बदमाशों ने करीब साठ हजार कीमत की दो मोटरों को चोरी कर लिया। पीडित ने बताया कि पूर्व मे भी कई बार चोरी की घटनाए हो चुकी है। पीडित ताज अली का कहना है कि रोजाना की तरह सुबह के समय खेत मे पहुंचा तो टयूबवैल से मोटर गायब थी। जिसकी जानकारी अन्य किसानों को दी तो पता लगा कि जब्बार के खेत से भी मोटर को ही चोरी किया गया है। पीडित ने बताया कि एक मोटर की कीमत तीस हजार है। पीडित ने घटना की जानकारी डायल 112 को दी। जिसके बाद चौसाना चौकी पुलिस को लिखित शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई। वही पुलिस ने मामले मे कोई मुकदमा दर्ज नही किया।

# सेक्टर-81 में अवैध कॉलोनी ध्वस्त कराई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-81 में सैमसंग कंपनी के पीछे ग्राम सलारपुर स्थित प्राधिकरण की अधिसूचित व अर्जित भूमि में अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलाया। यहां कालोनाइजर अवैध प्लॉटिंग कर कालोनी काट रहे थे। इस अभियान में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माणों के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। इस दौरान कुछ लोगों ने प्राधिकरण की इस कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया। जो पुलिस बल देखकर भाग गए। आज अतिक्रमण से मुक्त कराई गई औद्योगिक जमीन की कीमत लगभग 30 करोड़ रुपए बताई जा रही है। वहीं अवैध अमिक्रमण करने वालों के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने प्राधिकरण के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगया जाए। जहां पर भी अवैध निर्माण या कब्जा किया गया है। उसे तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। उक्त निर्देशों के क्रम में नोएडा प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर विभिन्न भू-माफियाओं द्वारा किये जा रहे अतिक्रमणों के खिलाफ आज प्राधिकरण के वर्क सर्किल-7 की टीम द्वारा सेक्टर-81 में सैमसंग कम्पनी के पीछे ग्राम सलारपुर स्थित प्राधिकरण की अधिसूचित व अर्जित भूमि खसरा संख्या 244 व 245 पर किये जा रहे अवैध प्लाटिंग व कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। जिसमें प्राधिकरण की लगभग 10 हजार वर्गमीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, जिसकी लागत लगभग 30 करोड़ रुपए है। वर्क सर्किल-7 के अधिकारियों ने बताया कि इस भूमि का भू-उपयोग औद्योगिक है। उन्होंने बताया कि इस कृत्य में सम्मिलित व्यक्तियों के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराकर नियमानुसार विधिक कार्रवाई भी की जायेगी।

नोएडा सीईओ ने जनसामान्य को आगाह किया है कि वे नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में काटी जा रही अनधिकृत व अवैध कॉलोनियों एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे। नोएडा में कोई भी अवैध निर्माण पूर्णत: वर्जित है। साथ ही उन्होंने ऐसे अनधिकृत एवं अवैध प्लाटिंग, कॉलनाईजेशन में संलिप्त भू-माफियाओं एवं आपराधिक तत्वों को सचेत किया है कि भविष्य में भी नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में ऐसे अनधिकृत निर्माणों को न केवल पुलिस बल के साथ बल पूर्वक ध्वस्त कराया जायेगा वरना अनधिकृत निर्माण में संलिप्त पाये गये लोगों के विरूद्ध आपराधिक मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में नियोजन अनुसार ही विकास कार्य कराये जाने प्रस्तावित है।

# सोशल मीडिया पर डाली चाइल्ड पोर्नोग्राफी

■ जांच के बाद जारचा के जान मोहम्मद के खिलाफ केस दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सोशल मीडिया का सही प्रयोग करना एक चुनौती है जिसे आम जनता द्वारा सीखना बेहद जरूरी है। एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री डाली गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना जारचा क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित 6 अश्लील वीडियो अपलोड किए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि थाना जारचा में तैनात उप निरीक्षक राम महेश ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है की जारचा थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर में रहने वाले जान मोहम्मद पुत्र दीन मोहम्मद ने 20 नवंबर वर्ष 2020 को सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित अश्लील वीडियो अपलोड किया। उसने लगातार 6 वीडियो अपलोड किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में एनसीएमईसी के द्वारा प्रदान की गई सूचना पर साइबर क्राइम मुख्यालय लखनऊ द्वारा जांच की गई। यह मामला उत्तर प्रदेश का होना पाया गया।

उसके बाद गौतमबुद्ध नगर पुलिस को पत्र लिखा गया। गौतमबुद्ध नगर साइबर क्राइम की पुलिस ने जांच के बाद थाना जारचा पुलिस को मुक. दमा दर्ज करने के लिए पत्राचार किया। उसके बाद बीती रात को उपनिरीक्षक ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# लीजबैक प्रकरणों की ग्रेनो प्राधिकरण में की सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत किसानों के लीजबैक के 83 प्रकरणों पर एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा और एसडीएम जितेंद्र गौतम की मौजूदगी में किसानों के पक्ष को सुना। उनसे साक्ष्य प्राप्त किए। उनके बयान दर्ज किए गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ऑफिस में सुबह 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक सुनवाई चली। इससे पहले एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और पूरी टीम खैरपुर गुर्जर का मौका मुआयना कर किसानों का पक्ष सुन चुकी है, लेकिन कई किसान ऐसे थे, जो कि उस समय अपने लीजबैक से संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके थे। इसे ध्यान में रखते हुए एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह ने किसानों को एक और अवसर देते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में बुधवार को सुनवाई की। एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 7और 8 मई को खैरपुर गांव में शिविर लगाकर सुनवाई की गई थी। किसी कारणवश कुछ किसान अपना अभिलेख नहीं उपलब्ध करा सके। इसीलिए एसआईटी अध्यक्ष की तरफ से किसानों को एक मौका देते हुए बुधवार को सुनवाई की गई। बता दें, कि ग्रेटर नोएडा में आबादी की लीज बैक में गड़बड़ी की शिकायत पर शासन ने यीडा के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की है।

# कागजों में चल रही इंडस्ट्री, मौके पर लटक रहा ताला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में बहुत सी औद्योगिक इकाई महज कागजों में चल रही हैं। मौके पर संचालन के लिए हुआ निर्माण खंडहर में बदल गया है या फिर ताला लटक रहा है। प्लॉट लेने वाले आवंटी उसे बतौर संपत्ति बचाकर रखे हुए हैं। इससे शहर के औद्योगिक विकास का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। 45 औद्योगिक सेक्टरों में सैकड़ों आवंटी ऐसा कर रहे हैं। लेकिन यह खेल अब और आगे ज्यादा दिन तक नहीं चल पाएगा। नोएडा प्राधिकरण को शासन ने ऐसे प्लॉट को चिन्हित कर फर्जीवाड़ा उजागर करने के निर्देश दिए हैं।



इसकी शुरुआत फेज-1 से हुई है। फेज-1 में सेक्टर-1 से 11 और 16 व 16 ए में आते हैं। फेज-2 में सेक्टर 80 से 88 व 90, 138, 140, 140 ए, 145,151, 155 से 159, 162, 164, फेज-2 होजरी कॉम्पलेक्स, सेक्टर-88 ट्रांसपोर्ट नगर शामिल है। फेज-3 में सेक्टर 57 से 60, 63 से 68 व 69 ट्रांसपोर्ट नगर है। इनमें प्राधिकरण ने 11098 औद्योगिक प्लॉट आवंटित किए हुए हैं। इन प्लॉट का क्षेत्रफल 1,35,65,395 वर्ग मीटर है। इनमें 9463 प्लॉट पर औद्योगिक इकाई स्थापित है और क्रियाशील होने का प्रमाणपत्र नोएडा प्राधिकरण में जमा है। नियम यह है कि औद्योगिक प्लॉट आवंटन के साथ ही उस पर औद्योगिक इकाई स्थापित कर संचालन शुरू करने के लिए निश्चित समय दिया जाता है। संचालन हो रहा है यह साबित करने के लिए क्रियाशीलता का प्रमाणपत्र प्राधिकरण में जमा करना होता है।

**लगातार बढ़ रहीं कीमतें, जमीन भी कम बची:** कागजों में औद्योगिक इकाई को चलता हुआ दिखाकर प्लॉट को बचाकर रखने के पीछे कई कारण हैं। पहला यह कि औद्योगिक उपयोग की जमीन की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। आगे नोएडा में अब जमीन भी कम बची हुई है। औद्योगिक उपयोग की जमीन की मांग भी ज्यादा है। बात अगर जमीन की कीमतें बढ़ने की करें तो प्राधिकरण स्तर पर ही पिछले तीन साल में आवंटन दरें 52 प्रतिशत तक बढ़ी हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही इनमें फेज-1, 2 और 3 में सभी दरें 6 प्रतिशत बढ़ाई गई हैं। इसके पहले जुलाई-2024 में भी 6 प्रतिशत, अप्रेल-2023 में फेज-1 व फेज-3 में 6 प्रतिशत फेज-2 में 10 प्रतिशत दरें बढ़ी थीं। 2022 के अगस्त में फेज-1 और 3 में 20 प्रतिशत वहीं फेज-2 में 30 प्रतिशत दरें बढ़ाई गई थीं। इस तरह प्लॉट बचाकर रखने पर आवंटियों की संपत्ति प्रति वर्ष बढ़ रही है।

## एक नजर

### कैंटर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दोस्त घायल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार को कैंटर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बाइक पर बैठा उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। रबूपुरा पुलिस ने बताया कि मथुरा जिले के नौशेरपुर गांव निवासी केशव उर्फ कृष्णा बुधवार की सुबह दोस्त दिनेश के साथ दिल्ली से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो प्वाइंट से करीब 28 किलोमीटर की दूरी पर रबूपुरा क्षेत्र में उनकी बाइक को पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक बाइक समेत उछलकर एक्सप्रेसवे पर दूर जा गिरे। यह देखकर कैंटर का चालक गाड़ी लेकर भाग गया। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे यमुना एक्सप्रेसवे के कर्मचारियों और पुलिस ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने 20 वर्षीय केशव उर्फ कृष्णा को मृत घोषित कर दिया। घायल दिनेश की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसके वर्मा को श्रद्धांजलि देने नोएडा पहुंचे जयंत चौधरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी बुधवार को नोएडा पहुंचे। नोएडा शहर के सेक्टर-51 में पूर्व अधिकारी एसके वर्मा के निवास पर पहुंच कर जयंत चौधरी ने स्वर्गीय एसके वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान रालोद के कई नेता मौके पर मौजूद रहे। नोएडा के सेक्टर 51 में रहने वाले पूर्व अधिकारी एसके वर्मा का 9 मई को अचानक निधन हो गया था। बुधवार को सुबह रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी पूर्व अधिकारी एसके वर्मा के नोएडा आवास पर पहुंचे। यहां श्री चौधरी ने स्वर्गीय एस के वर्मा के परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया तथा स्वर्गीय एसके वर्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, पार्टी के नेता जो. गिंदर सिंह अवाना तथा मनोज चौधरी समेत आरएलडी के अनेक नेता भी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने स्वर्गीय एस के वर्मा को एक शानदार अधिकारी तथा प्रसिद्ध सामाजिक व्यक्तित्व बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की तथा स्वर्गीय वर्मा जी के परिजनों की हिम्मत बढ़ाई।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र कस्बा स्थित संतराम कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने बीती रात को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में मृतका के परिजनों ने उसके पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों को नामित करते हुए दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना सूरजपुर के प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि रेखा उर्फ सीमा उम्र 27 वर्ष पत्नी विपिन शर्मा ने बीती रात को संतराम कॉलोनी कस्बा सूरजपुर स्थित अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतका की शादी 10 माह पूर्व हुई थी। उसका मायका दिल्ली के खजूरी में है। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजन ने इस मामले में थाना सूरजपुर में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। उनका आरोप है की शादी के समय से ही मृतका के ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उसका उत्पीड़न कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

### लोहे की रॉड से हमला कर युवक का सिर फोड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के कानीगढ़ी गांव में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बाइक सवार चार आरो. पियों ने युवक को रास्ते में रोक कर लोहे की रॉड से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जेवर कोतवाली पुलिस के मुताबिक पीड़ित ब्रजमोहन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। ब्रजमोहन ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को जेवर से पैदल अपने घर की तरफ लौट रहा था। रास्ते में बाइक सवार चार युवकों ने उसे रोक लिया। बिना वजह गाली-गलौज करने लगे।

### सोसाइटी में सामुदायिक केंद्र का संचालन एओए करेगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-74 स्थित ग्रैंड अजनारा हेरिटेज सोसाइटी में सामुदायिक केंद्र का संचालन अब एओए करेंगी। एओए की इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति में एओए के पक्ष में आदेश दिया। इसके बाद प्राधिकरण ने बिल्डर से कब्जा वापस लेकर एओए के सुपुर्द किया गया । सोसाइटी के एओए अध्यक्ष अभिनव सैनी ने बताया कि प्राधिकरण के वर्क सर्कल-6 और नियोजन विभाग के अधिकारियों ने साम. ुदायिक केंद्र को सील किया हुआ था। इसमें जिम चलती थी। बार-बार बिल्डर की मदद से जिम संचालक सील को खुलवा लेता था। लोगों को सामुदायिक केंद्र का लाभ नहीं मिल रहा था।

# राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता को मिली धमकी, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ा है कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता को सोशल मीडिया पर शैंल जव दव्ूतश पोस्ट करने पर कई यूजर्स ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का निजी मोबाइल नंबर भी वायरल कर दिया गया। जिसके बाद से उन्हें जान से मारने की धमकी भरे कॉल और मैसेज आ रहे हैं। थाना सेक्टर- 49 पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-48 अपार्टमेंट निवासी विनोद कापड़ी ने बताया कि वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता हैं। उन्होंने 8 मई 2025 को अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक बेहद सामान्य पोस्ट की थी। इसमें शैंल जव दव ्ूतश लिखा था। इसके बाद कई यूजर्स ने इसे लेकर पीड़ित को ट्रोल करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने पीड़िता का नंबर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दिया।

**इन दो लोगों के नाम आए सामने:** पीड़ित ने पुलिस को बताया कि सबसे पहले प्रवीण कुमार सोनी नामक व्यक्ति ने फेसबुक पर उनके खिलाफ पोस्ट कर लोगों को भड़काया। इसके बाद अरुण यादव ने फेसबुक पर उनका नंबर पोस्ट किया। शिकायत की कॉपी में दोनों अकाउंट और उनके यूआरएल का भी जिक्र किया गया है। आरोपी द्वारा ऐसा करने के बाद राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता को लगातार धमकियां मिल रही हैं। कोई हत्या की बात कर रहा है तो कोई गाली-गलौज कर रहा है।

**सुपारी देकर मरवाने की दी धमकी:** आरोप है कि असामाजिक तत्व पीड़ित की पत्नी से रेप की धमकी भी दे रहे हैं। मोबाइल नंबर वायरल होने के बाद पीड़ित को हजारों मैसेज और कॉल आ रहे हैं। मैसेज में अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। कुछ लोगों ने यह भी धमकी दी है कि उनकी हत्या के लिए अज्ञात बदमाशों को सुपारी दी है।

**आरोपियों पर कार्रवाई की मांग:** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता ने धमकी देने वाले आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने और व्यक्तिगत नंबर को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने का अनुरोध किया है।

# कूड़ा निस्तारण की योजना 15 दिन में बतानी होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गीले और सूखे कूड़े का अपने परिसर में निस्तारण नहीं करने वाली सोसाइटियों पर अब नोएडा प्राधिकरण सख्ती बरतेगा। ग्रुप हाउ. सिंग सोसाइटियों को नोटिस जारी किया जाएगा। इसमें उनको 15 दिन के अंदर कूड़ा निस्तारण की कार्ययोजना बतानी होगी। कूड़ा निस्तारण प्लांट नहीं लगवाने पर उनके खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। अब प्राधिकरण पूरा कूड़ा उठवाएगा तो सोसाइटी वालों को निस्तारण शुल्क भी देना होगा। अभी सोसाइटी वाले सिर्फ प्रति फ्लैट कूड़ा उठाने का शुल्क देते हैं। नियमों के तहत पांच हजार वर्ग मीटर या इससे बड़े आकार के जो भी भूखंड हैं, उनके अपने परिसर में ही कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया करनी चाहिए।

जबकि, नोएडा में ऐसा नहीं हो रहा। ऐसे भूखंडों पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट जरूरी है। नोएडा क्षेत्र में करीब 117 ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी हैं। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि पांच हजार वर्ग मीटर से अधिक भूखंड वाले बड़े कूड़ा उत्पादकों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे उत्पादकों को अपने परिसर में ही गीले-सूखे कूड़े के लिए निस्तारण प्लांट लगाना जरूरी है। नोएडा में घर-घर से कूड़ा उठाने का काम एजी एनवायरो एजेंसी करती है। यह एजेंसी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी से प्रति फ्लैट के हिसाब से शुल्क लेती है, लेकिन जब इस कूड़े का निस्तारण होता है तो उसका खर्चा प्राधिकरण को वहन करना होता है। करीब 1600 रुपये प्रति टन खर्चा कूड़ा निस्तारण में आता है।

# रोड टैक्स न चुकाने पर चार बसें जब्त

**नोएडा।** परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को जांच अभियान चलाया। इस दौरान 11 वाहनों को जब्त किया गया। इनमें चार बसें हैं। बसों का टैक्स बकाया था। इनका संचालान परी चौक से गुरुग्राम तक होता था। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि क्षमता से अधिक सामान ढोने के कारण सात वाहनों को जब्त किया गया। वहीं, परी चौक से गुरुग्राम के बीच चलने वाली चार बसों को जब्त किया गया। बसों का टैक्स बकाया था। उन्होंने कहा कि तीन बसों को मोरना डिपो में बंद किया गया। बसों में सवारियां थीं, जो साधन की व्यवस्था करके अपने गंतव्य को निकल गईं। एक बस को सेक्टर-62 डी पार्क में बंद किया गया है। इस बस में सवारियां नहीं थीं। वहीं बाकी अन्य वाहनों को सेक्टर 145 थाने और सेक्टर 62 स्थित डी पार्क में बंद किया गया है।

# 19वीं मंजिल के ऊपर से प्लास्टर गिरने से दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अरिहंत आर्डेन सोसाइटी में मंगलवार देर रात को 19वीं मंजिल से प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा नीचे खड़ी गाड़ियों के ऊपर गिर गया, जिसके कारण दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वाहनों के क्षतिग्रस्त होने से मालि. कों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं, निवासियों ने सोसाइटी का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने की मांग है।

सोसाइटी के एन टावर में फ्लैट नंबर 203 में उदय मेहता और 403 में एक शख्स अपने परिवार के साथ रहते हैं। दोनों ने अपनी गाड़ी को एन टावर के पीछे ओपन पार्किंग में मंगलवार रात को ऑफिस से आने के बाद खड़ा कर दिया। रात करीब साढ़े नौ बजे एन टावर की 19वीं मंजिल के ऊपर छत से प्लास्टर का बड़ा हिस्सा नीचे गिर गया, जो सीधा ओपन एरिया पार्किंग में खड़ी हुई गाड़ियों के ऊपर गिरा। जिससे गाडियां क्षतिग्रस्त हो गईं। निवासियों ने बताया कि गाड़ियों का बोनट और शीशा टूट गया। वहीं, एक गाड़ी की छत भी टूट गई। निवासियों का आरोप है कि सोसाइटी में खराब निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। फ्लैट नंबर 203 में रहने वाले उदय मेहता ने बताया कि वह अभी 30 अप्रैल को नई गाड़ी खरीद कर लाए थे। सोसाइटी के एओए अध्यक्ष निशीथ चतुर्वेदी ने बताया कि मेंटेनेंस मैनेजर को मामले की जांच के लिए कहा है।

**यूपी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन तैयार करेगी ग्रैंड मास्टर:** शतरंज के बिसात दिमागी घोड़े दौड़ाने वाले युवा खिलाड़ियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से यूपी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन ग्रैंड मास्टर खिलाड़ियों की नई पौध तैयार करेगी। इसकी शुरुआत दस मई को सीतापुर जिले से होगी। इसके बाद गौतमबुद्धनगर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में भी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिभा की तलाश की जाएगी।

यूपी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव एके रायजादा ने कहा कि पहले चरण में दस जनपदों को इसके लिए चुना गया है। जहां एसोसिएशन के ओर से शतरंज रेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से शतरंज प्रतिभा की खोज की जाएगी और उन्हें तराशने का काम भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शतरंज गतिविधियों को नई दिशा और गति देने के लिए राज्य की शतरंज की रेगुलेटरी संस्था यूपी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने एक समग्र दीर्घकालिक और अल्पकालिक योजना तैयार की है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से फ्यूचर ग्रैंड मास्टर सीरीज की शुरुआत की जा रही है।

इस श्रृंखला के प्रथम चरण में वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश के 10 जनपदों में अंतरराष्ट्रीय रेटिंग शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं से उदीयमान खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें ग्रैंड मास्टर अथवा अंतरराष्ट्रीय मास्टर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि दो लाख रुपये रखी गई है। प्रविष्टि शुल्क 1000 रुपये होगा। प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को प्रविष्टि शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त यूपी स्टेट चौंपियनशिप के प्रथम पांच स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को 50 प्रतिशत का दिया जाएगा।

**इन जिलों में होगा पहले चरण का आयोजन:** यूपी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव अतुल निगम ने बताया कि फ्यूचर ग्रैंड मास्टर सीरीज का आगामी आयोजन लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, देवरिया, बरेली, झांसी, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा सहित अन्य जिलों में किया जाएगा।

# बोड़ाकी अंडरपास वाहनों के लिए शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बोड़ाकी रेलवे स्टेशन के पास बना अंडरपास मंगलवार शाम से आम लोगों के लिए शुरू कर दिया गया। इसके शुरू होने से ग्रेटर नोएडा से जीटी रोड पहुंचना आसान हो गया। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि अंडरपास न होने के चलते बोड़ाकी से दादरी की तरफ जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। यहां फाटक बंद होने के चलते कई घंटों तक इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब अंडरपास से सीधे अपनी मंजिल तक पहुंचा जा सकता है। अंडरपास शुरू होने पर ग्रेटर नोएडा के 10 से अधिक सेक्टर और दादरी समेत 20 से अधिक गांव के लोगों को राहत मिली।

ग्रेटर नोएडा में रहने वाले लोगों के लिए अब तक जीटी रोड पर पहुंचने के लिए सीधी कनेक्टिविटी तिलपता गांव होकर है। इससे अलग बोड़ाकी और पल्ला से भी सीधी कनेक्टिविटी है, लेकिन दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन पर दोनों जगह फाटक हैं। यहां पर ट्रेनों का अधिक दबाव होने का कारण फाटक खुलने में काफी समय लगता है। कई बार घंटों खड़े रहकर लोगों को फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। यह समस्या खत्म करने के लिए रेलवे विभाग ने बोड़ाकी फाटक के पास पिछले साल अंडरपास बनाने का काम शुरू किया था। इसका मई के पहले सप्ताह में निर्माण कार्य पूरा हो गया। फिनिशिंग का काम भी लगभग पूरा होने को है।

# अवैध निर्माण मामले में दो पर केस दर्ज

**नोएडा।** प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर अतिक्रमण और अवैध कब्जा करने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। प्राधिकरण के अवर अभियंता ने इस बारे में शिकायत की थी। पुलिस को दी शिकायत में अवर अभियंता आशीष शर्मा ने बताया कि सदरपुर गांव के खसरा संख्या-14 पर प्राधिकरण की अर्जित और कब्जा प्राप्त भूमि है। इस पर देवेंद्र शर्मा और मुकेश द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। दोनों छलेरा गांव के रहने वाले हैं। रात में आरोपियों द्वारा अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। प्राधिकरण की टीम के मना करने के बावजूद आरोपी नहीं मान रहे आरो. पियों ने टीम के कर्मचारियों के साथ बदसलूकी भी की है। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। नामजद आरोपियों के अलावा उनके अन्य साथियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

# बंगाली बाजार से 70 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने एक बार फिर सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम के लिए सख्ती बरतनी शुरू कर दी दी है। प्राधिकरण ने बुधवार को सेक्टर-62 बंगाली बाजार से करीब 70 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की। जनस्वास्थ्य विभाग के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह और परियोजना अभियंता गौरव बंसल के नेतृत्व में सेक्टर-62 बंगाली बाजार में प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया गया।



परियोजना अभियंता गौरव बंसल ने बताया कि अभियान के दौरान मैसर्स श्री राधा एंटरप्राइजेज से 45 किलोग्राम और मैसर्स चौरसिया ट्रेडर्स से 25 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त की गई। उन्होंने बताया कि बाकी सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि नोएडा क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर आर्थिक दंड का प्रावधान है।

अभियान के तहत कार्रवाई के अलावा लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमान नहीं करने को लेकर जागरूक भी किया गया। लोगों से अपील की गई कि जब भी बाजार जाएं तो कपड़े का थैला साथ लेकर जाएं। नोएडा को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने में प्राधिकरण की मदद करें। अगर कहीं प्लास्टिक का इस्तेमाल होता मिले तो इसकी जानकारी प्राधिकरण को दें। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक जगपाल सिंह एवं मैसर्स गाईडेड फॉरच्यून समिति के सदस्य उपस्थित थे। गौरतलब है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में नोएडा प्राधिकरण लगातार ऊंचे पायदान पर चढ़ता जा रहा है। एक जुलाई 2022 से सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णत: प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया था। तब से बीच-बीच में प्राधिकरण कार्रवाई और जागरूकता अभियान चलाता रहता है, लेकिन अब तक पूर्णत: बंद नहीं हो सकी है।

# समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा

**नोएडा।** करप्शन फ्री इंडिया ने कासना गांव की मूलभूत समस्याओं और जुनेदपुर, रोशनपुर, गड़ाना, तालडा, झालडा गांवों को जोड़ने वाली गड्ढा युक्त सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग की। संगठन के लोगों ने प्राधिकरण पहुंचकर वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि ग्रेनो प्राधिकरण के प्रमुख गांव कासना में स्ट्रीट लाइट, नाली, साफ सफाई और गांव के मुख्य रास्ते को ठीक करने की मांग की है। प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि बिलासपुर क्षेत्र के गांवों के मुख्य रास्ते पिछले लंबे समय से गड्ढा युक्त हैं। इन सभी मार्गों के पुनर्निर्माण की मांग की गई।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स प्रिंस लॉजिस्टिक जिसका फर्म रजिस्ट्रेशन नंबर जीबीएन/ 0003752 और व्यसवा. सिक स्थल ईको शॉप नंबर 31 उद्योग विहार बिल्डिंग मटेरियल मार्केट, ग्रेटर नोएडा जिला गौतम बुध नगर है। उपरोक्त फर्म के भागीदार श्री सुनील कुमार नागर पुत्र श्री नत्थी सिंह ने स्वेच्छा से 21 फरवरी 2015 को अवकाश ग्रहण कर लिया था एवं श्री पंकज नागर पुत्र श्री सुरेंद्र सिंह नागर को नए भागीदारी के रूप में दिनांक 21 फरवरी 2025 से ही फर्म में सम्मिलित कर लिया गया है फर्म में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है।

**पंकज नागर पुत्र**
**श्री सुरेंद्र सिंह नागर**
**( एफिडेविट कर्ता )**

# दिनदहाड़े ग्राम प्रधान की गोली मारकर हत्या

## बाइक सवार दो बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, हत्या से क्षेत्र में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गांव सिरसली निवासी तेजवीर के मकान के पास अपने कुछ साथियों के साथ ताश खेल रहे ग्राम प्रधान धर्मेंद्र तोमर की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गए। घटना के बाद वहां पर अफरा तफरी मच गई और हत्या की खबर पूरे गांव में आगकी तरह फैल गई। प्रधान की हत्या की खबर सुनकर थाना बिनौली समेत आसपास की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में पूछताछ की। बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार बिनौली थाना क्षेत्र के गांव सिरसली के मौजूदा ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह तोमर उर्फ धर्म बुधवार की शाम करीब 7:00 बजे गांव के ही एक मकान के बाहर कुछ साथियों के साथ ताश खेल रहे थे। इस समय बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाश आए और वहां पर बैठे सभी लोगों को शांत बैठे रहने की चेतावनी देने के बाद तुरंत ही उन्होंने ग्राम प्रधान के ऊपर अंधाधुन फायरिंग करना शुरू कर दिया। बदमाशों ने ग्राम प्रधान के ऊपर एक के बाद एक कई फायरिंग की जिसमें उनके पास बैठे एक अन्य व्यक्ति भी गोली लगने से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर बदमाश वहां से फरार हो गए। घटना के बाद वहां पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और आनन-फानन में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर ग्राम प्रधान धर्मेंद्र तोमर को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य दूसरे घायल व्यक्ति को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। ग्राम प्रधान की हत्या की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। बिनौली थाना पुलिस भी सूचना पाकर मौके पर पहुंची इसके अलावा अन्य पुलिस अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के बाद पुलिस गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के पीछे चुनावी रंजिश होने की भी गांव में चर्चाएं हैं। हालांकी अभी हत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है। पुलिस हत्यारों की तलाश में ताबिश दे रही है। धर्मेंद्र तोमर पांच भाईयों में बीच का था। उसका बड़ा भाई सतेन्द्र यूपी पुलिस सहारनपुर में


मृतक धर्मेंद्र का फाइल फोटो

एसआई है जबकि दुसरा बड़ा भाई जितेन्द्र पीलीभीत एसआई है। धर्मेंद्र से एक छोटा भाई जयपुर तथा दुसरा बरेली में अपनें व्यवसाय करते है। धर्मेंद्र के तीन बच्चों में एक लड़का आठ साल, लड़की भूमी 12 साल तथा दिशा 14 साल है। मां बीरमती व पत्नि गीता है। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में शौक छा गया।





# नाबालिग बच्चे से कुकर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने नाबालिग बच्चे के साथ कुकर्म करने की घटना में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा नाबालिग बच्चे के साथ कुकर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी इरफान पुत्र लियाकत निवासी पुरानी चुंगी कोटला मेवातियान थाना हापुड नगर जनपद हापुड को ईदगाह रोड ईदगाह के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मासूम बच्चे के परिजनों द्वारा आरोपी के खिलाफ मासूम से कुकर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



# अवैध तमंचे के साथ युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में अवैध तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर एक युवक का फोटो वायरल हो रहा है। इस तरह की पहले भी हापुड़ में कई फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है।

पुलिस-प्रशासन की सख्ती के बावजूद इंटरनेट मीडिया पर असलाहों का प्रदर्शन शौक बनता जा रहा है। ताजा मामले में एक युवक का अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल हो रहा है। युवक



थाना देहात क्षेत्र के गांव श्यामपुर गांव का बताया जा रहा है। वायरल गोटो में युवक के हाथ में तमंचा दिखाई दे रहा है। युवक के हाथ में तमंचा कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देता दिखाई दे रहा है। देहात थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# चैकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

नगर कोतवाली प्रभारी मुनीश प्रताप ने बताया कि अपराध की रोकथाम एवं मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक मादक पदार्थ तस्कर मोहसिन पुत्र इमरान निवासी मोहल्ला नवीकरीम थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड को पुराना सिनेमा हॉल मीनाक्षी रोड़ से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की तस्करी नहीं होने दी जाएगी। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### न्यायलय ने बाईक चोरी के मामले में दोषी को सुनाई सजा, चार हजार का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा बाईक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया गया।

वर्ष 2011 में आरोपी कंचन द्वारा बाइक चोरी करने के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा बाईक चोरी करने के मामले में दोषी मानते हुए कंचन पुत्र भानू निवासी ग्राम व थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 3 माह 1 दिवस तथा 4,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### जहरीला पदार्थ खाकर महिला ने दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र गांव निवासी महिला ने ग्रह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन ने उसको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसको चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत के बाद परिजन ने बिना पुलिस कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

गांव निवासी महिला का परिवार में पिछले दो दिन से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया है कि मंगलवार की रात को महिला खाना खाने के बाद कमरे में चली गई। देर रात को महिला कमरे से उल्टी करते हुए बाहर आई तो परिवार के लोगों ने उसको स्थानीय अस्पताल में लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। महिला का बिना पुलिस कार्रवाई के ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

### संपत्ति हड़पने पर हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी व्यक्ति ने अपनी बेटियों पर संपत्ति के लिए हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि बेटियों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर तमंचे से फायर कर दिया। पीडित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाय है कि उसकी बेटिया उसकी संपत्ति को हड़पना चाहती है। इसको लेकर उनके ससुराल पक्ष के लोग भी शामिल है। पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व उसकी बेटिया अपने ससुराल पक्ष के लोगों के साथ घर पर आई गाली गलौज करने लगी। उसने मना किया तो आरोपियों ने उसके सारथ पिटाई कर फायर कर दिया। इस दौरान उसके बेटे और पुत्रवधू ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो पक्षों के बीच तनाव की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्रके गांव भदस्याना में दो पक्षों के बीच तनाव की सूचना पर पुलिस में अफरा तरी मच गई। सूचना के बाद बहादुरगढ़ थाना प्रभारी समेत अन्य थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि मामला सामन्य होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है।

गांव भदस्याना में पिछले पांच दिन से दो पक्षों के बीच एक विवाद को लेकर वर्चस चला आ रहा है। दोनों ही पक्ष के लोग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है। मंगलवार की रात को भी दोनों पक्षों के बीच सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो लेकर तनाव हो गया। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए और उनके बाद अन्य थाने की पुलिस भी पहुंच गई। दोनों पक्षों के लोगों से वार्ता की गई। मामला सामान्य होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि तीन दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर गांव निवासी युवक पर नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की। इस दौरान बुधवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी प्रणव पुत्र नीरज कुमार निवासी ग्राम श्यामपुर थाना हापुड देहात जनपद हापुड को रामलीला ग्राउण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवती ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे है आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के कस्तला गांव में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट का मामला सामने आया है जहां कस्तला गांव में जहां कुछ ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। वही ग्राम प्रधान प्रदीप तोमर ने जब बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो उन पर भी हमला कर दिया गया। हालांकि, अभी तक इस मामले में अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार, गांव कस्तला कासमाबाद में एएनएम और कुछ ग्रामीणों के बीच किसी मुद्दे को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर कुछ उग्र ग्रामीणों ने एएनएम पर हाथ उठा दिया। यह देखकर ग्राम प्रधान प्रदीप तोमर घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने झगड़ा शांत करने का प्रयास किया। लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर भी हमला कर दिया। इस घटना से गांव में अशांति फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि विवाद को बढ़ाने के लिए कुछ लोग जिम्मेदार हैं। वहीं, ग्राम प्रधान के समर्थकों ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि इस मामले को गंभीरता से लिया है और घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की छात्रा अंशिका ने 99.4% से मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024-25 सीबीएसई के परिणाम घोषित कर दिए हैं। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ के छात्रों ने इस बार बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के 12 टॉपर्स में अंशिका सिरोही 99.4% हर्षिता 95.8% जिया 95.6% आस्था 88% सन्नी कसाना 87.8% शिवात्यागी 87.5% ने बाज़ी मारी।

जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ के छात्रों ने इस बार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इतिहास रचने वाले विद्यालयो की श्रेणी में जेएमएस ने अपना नाम आज 12वीं के रिजल्ट के बाद दर्ज कराया। 99.4% के साथ अंशिका सिरोही ने बाजी मारी। इसी के साथ विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ी। अंशिका ने इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य गुरु तथा अपने माता-पिता को दिया। अंशिका के माता-पिता का कहना है कि उनकी बेटी ने इस मुकाम को हासिल करने के लिए कड़ा परिश्रम किया। इस के साथ स्कूल के कक्षा 10 के टॉपर्स तनवी चौधरी 95.5% जतिन सिंह 92.2% अश्विका 92% प्रिंस यादव 91.8% यति कंसल 89.6% साद अहमद 88.8% अर्जुन वर्मा 88.2% सुजल चौधरी 86% हासिल किए। स्कूल की प्रिंसिपल डा. निधि मलिक ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्कूल के प्रबंधक डा. आयुष सिंघल ने भी छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से केक कटवाया तथा उनका मुंह मीठा कराकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की समर्पित अध्यापन शैली और माता-पिता के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। अंत में स्कूल सेक्रेटरी डा. रोहन सिंहल ने स्कूल प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक व ऐकेडमिक कॉर्डिनेटर सोनिया शर्मा और पुष्पेन्द्र चौधरी तथा एडमिन लवलेश सिरोही, मीनू सिरोही को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।




आंशिका सिरोही 99.4% क्लास 12

# विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** बुधवार को विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 38 छात्रों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष जनार्दन गुप्ता ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और नियमित उपस्थिति ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। निदेशक नदीश गुप्ता और प्रधानाचार्य एन पी सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह सफलता उनके समर्पण और लगन का परिणाम है। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।



# रामलीला समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ के तत्वावधान में रसमय श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा महोत्सव दिनांक 22 मई 2025 से 30 मई 2025 तक साय 6:00 बजे से श्री सनातन धर्म सभा मंदिर प्रांगण कोठी गेट हापुड़ में किया जाएगा। कथा का आमंत्रण पत्र समिति के पदाधिकारीयो द्वारा द्वारिकाधीश मंदिर मथुरा बांके बिहारी मंदिर वृंदावन एवं राधा रानी मंदिर बरसाना में देकर आयोजन का श्री गणेश किया गया।

समिति के महामंत्री विनोद कुमार वर्मा ने बताया की आयोजन की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। कोषाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया की समिति के पदाधिकारी द्वारा बाजार बाजार जाकर कथा के आमंत्रण कार्ड बांटे जा रहे हैं।



कार्यक्रम संयोजक नवीन गुप्ता ने बताया की 22 मई 2025 को एक कलश यात्रा महावीर दल चंडी रोड हापुड़ से साय 4:00 बजे से श्री सनातन धर्म सभा मंदिर के लिए निकली जाएगी। मीडिया प्रभारी शुभम गोयल एडवोकेट ने बताया कि कथा के दौरान सुंदर-सुंदर झांकियो को भी आयोजित किया जाएगा एवं समिति द्वारा कथा का लाइव प्रसारण भी समिति के चैनल पर किया जाएगा

# वाटर पार्क में नहाने के दौरान दो पक्षों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के स्याना रोड स्थित वाटर पार्क में नहाने के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस से पहले दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई। वीडियो बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित स्याना रोड वाटर पार्क की बताई गई है। वीडियो में दो पक्षों के बीच नहाने के दौरान हुई कहासुनी के बाद मारपीट होती नजर आ रही है। इस दौरान दोनों ही पक्ष के लोग एक दूसरे पर हमला कर रहे है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर पुलिस में अफरा तफरी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले दोनों पक्षों के लोग वहां से फरार हो गए। पुलिस अब दोनों पक्षों के आरोपियों की तलाश कर रही है

# वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती के साथ गांव निवासी युवक ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने थाने में तहरी देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की। आरोपी को पुलिस ने गांव के निकट से गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# गांव में चोरों का आतंक: बीडीसी मेंबर समेत तीन घरों में सेंधमारी, नकदी व आभूषण साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के ग्राम मुल्लापुर में बीती रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। एक ही रात में गांव के तीन घरों को निशाना बनाया गया, जिनमें बीडीसी सदस्य बिर्मी देवी का घर भी शामिल है। वारदात देर रात करीब 12:30 बजे की बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों ने बिर्मी देवी के घर में पीछे से प्रवेश किया और बंद कमरों की छत काटकर भीतर घुस आए।



उस वक्त घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। बिर्मी देवी का पुत्र नीटू एक निजी कंपनी में सेल्समैन के पद पर कार्यरत हैं और घर में उनकी मेहनत की कमाई रखी हुई थी।चोर घर से लगभग 30-35 हजार रूपए नकद, एक चांदी का पेंडल, पाजेब, एक चांदी की अंगूठी और सोने की नथ ॿनाक की लौंगॠ चुराकर फरार हो गए। चोरी की हलचल से बिर्मी देवी की नींद खुल गई और उन्होंने चोरों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे तेजी से दीवार फांदकर भाग निकले।घटना की सूचना नीटू ने तुरंत डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।उसी रात गांव के ही निवासी जगमाल के घर में भी चोरी हुई। जगमाल के अनुसार, चोरों ने उनके कुरते में रखे 2100 रूपए निकाल लिए और कुरते को एक ओर फेंक दिया। तीसरे घर की जानकारी भी सामने आई है, हालांकि विवरण स्पष्ट नहीं हो पाया है।गांव में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने सभी पीड़ितों से जानकारी एकत्र कर ली है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है, लेकिन पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उधार के पैसे मांगने दबंगों ने पीट-पीटकर युवक की हत्या की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव उमरपुर में उधार के पैसे मांगने पर दबंगो ने एक व्यक्ति की पीट पीटकर हत्या कर दी। परिजनो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसकी बाद मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए दिया है। परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। चर्चा है कि सिर में गंभीर चोट लगने मौत हुई है। जबकि चौकी प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट कारण पता चलेगा। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।



मंगलवार की रात जलालाबाद के उमरपुर निवासी संजय पुत्र सेवाराम (आयु 45 वर्ष) गांव के ही मनोज पुत्र ईश्वर के घर उधार दिए 50 हजार रूपए मांगने गया था। बताया जा रहा है इस दौरान उसकी कहासुनी हुई जिसके बाद वह घर वापस लौट आया। आरोप है कि कुछ देर बाद ही उक्त परिवार के अंकित, अंशुल पुत्रगण सुलेन्द्र, सुदेश व सुलेन्द्र आदि ने संजय के घर जाकर उस पर लाठी डन्डो से हमला बोल दिया जिससे वह नीचे गिरकर बेहोश हो गया।

इस बीच परिजनो के शोर मचाने पर उक्त लोग फरार हो गए। आनन फानन में परिजनो ने चिकित्सक को बुलाकर दिखाया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र रजत ने जलालाबाद पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष थानाभवन बिजेन्द्र रावत व सीओ जितेन्द्र यादव ने गांव में मौके पर पहुचे पीडित परिवार को कार्रवाई का भरोसा दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पुलिस मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिर्पोट आने बाद बताने की बात कर रही है । आरोपी फरार बताए जा रहे है। जिनकी तलाश मे पुलिस टीम लगाई गई है। देर शाम तक का पोस्टमार्टम नही हो सका था।

## गुलदार का शावक मिलने से दहशत

**कोतवाली देहात।** ग्राम जीवनपुर में ग्रामीण अपने खेतों में काम कर रहे थे। तभी राजवीर सिंह के खेत में गुलदार का एक शावक मिला। गुलदार का शावक देखकर किसानों में भय व्याप्त हो गया। किसान शावक को अपने साथ गांव में ले आए तथा वन विभाग को सूचना दी। गुलदार को यशपाल सिंह के घर पर ले आए। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम गुलदार के शावक को फिर से खेत में ही छोड़ आई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गुलदार के शावक की माता उसे अपने साथ ले जा सकती है। गुलदार के शावक की मॉनिटरिंग की जाएगी। गुलदार का शावक मिलने के बाद ग्रामीणों में भय है कि कहीं मादा गुलदार किसानों पर हमला कर दे।

# टॉप करने वाली छात्रा सावी को डीएम ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 वीं की छात्रा सावी जैन को सीबीएसई रिजल्ट 2025 में नेशनल टॉपर बनने पर जिलाधिकारी ने बधाई दी और जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय पर जनपद शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 वीं की छात्रा सावी जैन पुत्री अंकित कुमार जैन शामली को सीबीएसई रिजल्ट 2025 में 500 में से 499 अंक प्राप्त कर नेशनल स्तर पर जनपद का नाम रोशन किया जाने को लेकर उनको व उनके माता-पिता एवं स्कूल के अध्यापकों को बधाई दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नेशनल टॉपर सावी जैन को मेधावी विद्यार्थी सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया और भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे चलकर उनका जो आईएएस बनने का सपना है उसको साकार करें और अपने जनपद का नाम रोशन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा, तहसीलदार शामली प्रियंका जायसवाल,अमित मलिक,सहित नेशनल टॉपर सावी जैन के माता-पिता व स्कॉटिश स्कूल से राजीव गर्ग आदि स्टाफ मौजूद रहा। इसके उपरांत जिला. धिकारी द्वारा नेशनल टॉपर सावी जैन को अपने वाहन से उनके घर तक भेजा गया।

# जलालाबाद की बेटी अवनी ने किया कस्बे का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद की बेटी अल्पाईन स्कूल की 12वीं की छात्रा ने 98.2 प्रतिशत अंक जनपद मे चौथा स्थान प्राप्त कर कस्बे का गौरव बढाया है। विधायक, चेयरमैन व वार्ड सभासद ने बिटिया की कामयाबी पर आशीर्वाद देकर उसके उज्जवल भविश्य की कामना की है। जलालाबाद मे किरयाना स्टोर चलाने वाले तुषार मित्तल की बेटी अवनी मितत्तल ने 12 वी की परीक्षा मे 98।2 प्रतिशत अंक लेकर जहां अल्पाईन स्कूल मे टाप किया है वही जिले मे चौथा स्थान प्राप्त कर कस्बे की बिटिया ने जहां परिवार को खुशियां दी है वही जनपद व कस्बे का गौरव भी बढाया है। उनकी प्रतिभा पर गर्व करते हुए विधायक अशरफ अली



चेयरमैन जहीर मलिक ने बिटिया को आशीर्वाद दिया है वही वार्ड सभासद राकेश शर्मा अपने वार्ड की बिटिया को उनके आवास पहुचकर आशीर्वाद दिया है । अवनी मित्तल जेईई मेन्स की दोनो परीक्षाओं में 95 प्रतिशत अंको से पहले ही पास कर चुकी है। इंजीनियर बनकर देश सेवा करना चाहती है। कस्बे को उनकी दो. हरी उपलब्धि पर गर्व है। वही परिवार की खुशी का ठिकाना नही है।

# एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई ।



पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम द्वारा गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई । गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा कानून व्यवस्था, अपराध की रोकथाम व अनावरण हेतु शेष अभियोगो की समीक्षा, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर, गुंड़ा व गैंग पंजीकरण कराने, लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण, जनसुनवाई, शासन द्वारा निर्गत आद. शो निर्देशो का शत प्रतिशत अनुपालन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। गोष्ठी में भा0द0वि0ध्बीएनएस0 के अपराध, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति से संबंधी अपराध व निरोधात्मक कार्यवाही की मासिक समीक्षा व प्रगतिशील सूचना के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए एवं ई-आफिस के कुशल संचालन हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा गोष्ठी में साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर आम-जनमानस को जागरूक करने, लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों तथा अपहृताओं की शीघ्र बरामदगी करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले आगन्तुकों फरियादियों जनप्रति. निधियों के साथ विनम्र व शालीन व्यवहार करें, जिससे कि आम जनता बिना किसी भय के अपनी शिकायतों के निस्तारण हेतु थानों पर आ सके । फरियादियों की शालीनतापूर्वक समस्याओं को सुनकर तत्काल निष्पक्ष आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। गोष्ठी से पूर्व महोदय द्वारा सैनिक सम्मैलन कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुना गया एवं निराकरण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

# 51 वृद्धजनों का जल्द मिलेंगे सहायक उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने अवगत कराया कि केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय वयो योजना के तहत आज ब्लॉक परिसर शामली में एलिम्को द्वारा 51 वृद्धजनों का सहायक उपकरण हेतु पंजीकरण किया गया।दिव्यांगजन अधिकारी ने अवगत कराया कि इस योजना के तहत 60 वर्ष से ऊपर के वे वृद्धजन जिन्हें चलने फिरने या अन्य शारीरिक गतिविधियों में दिक्कत है जैसे कि किसी से चला नहीं जाता या बैठने में दिक्कत होती है,कमर में दर्द रहता है,गर्दन में या सर्वाइकल का दर्द रहता है,आंखों की देखने की व कानो की सुनने की क्षमता खो चुके है,उन्हें अनेक तरह के सहायक उपकरण जैसे बेंत,सीट युक्त फोल्डिंग बेंत, वॉकर, व्हीलचेयर, कमोडयुक्त व्हीलचेयर, सिलिकॉन सीटिंग पिलो, नी ब्रेस, सर्वाइकल कॉलर,स्पाइनल सपोर्ट इत्यादि प्रदान किए जाएंगे। इस हेतु आज ब्लॉक परिसर कांधला में शिविर आयोजित किया गया जिसमे कुल 51 लाभार्थी सम्मिलित हुए और इन लाभार्थियों में 19 व्हीलचेयर,25 हियरिंग ऐड (कान की मशीन), 09



कमोडयुक्त चेयर,45 बेंत, 48 कमर की बेल्ट, 99 घुटनों की बेल्ट, 08 सर्वाइकल कॉलर,10 वॉकर व 08 सिलिकॉन सीटिंग तकिया के लिए पंजीकरण किया गया।इस प्रकार 51 लाभार्थियों को मानक के अनुसार उक्त सभी उपकरण वितरण किया जाएगा। इस शिविर में 60 वर्ष से ऊपर के वे वृद्धजन प्रतिभाग कर सकते है जिनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार से अधिक न हो। कल का शिविर दिनांक 15/05/2025 को विकास खंड परिसर थानाभवन में आयोजित होगा,उपरोक्त शिविर भारत सरकार की राष्ट्रीय वयो योजना के तहत आयोजित होंगे जिसमें जनपद शामली से बाहर के जिलो के वृद्धजन भी प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक वृद्धजन अपना पासपोर्ट साइज फोटो,फोटो युक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड राशन कार्ड बैंक पास. बुक या वोटर आई डी कार्ड इत्यादिॠ में किसी एक की फोटो कॉपी,आय प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी, सक्षम अधिकारी द्वारा ऑनलाइन फॉर्मेट निर्गत आय प्रमाण पत्र ॿग्राम प्रधान,पार्षद,अध्यक्ष नगर पालिका, बीडीओ, विधायक, सांसद की लेटर पेड पर घोषित आय भी मान्य को लेकर सुबह दस बजे नियत तिथि व स्थान पर चिन्हांकन शिविर में पहुंचे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने बधेव जंक्शन पर हाई मास्क लाईट को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से सड़क



सुरक्षा की .ष्टि से एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए उचित दिशा निर्देश देते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट, स्पीड ब्रेकर,व संक. तक लगाने के निर्देश के साथ ही जहां पर भी अधिक रोड एक्सीडेंट होते हैं उन स्थानों को पर विशेष रूप से सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए साथ ही अतिक्रमण पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित अधिकारी द्वारा जो भी कार्य कराए गए है उसके बारे में अवगत कराया गया कि कुछ ब्लैक स्पॉट की रोड सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट एन।एच।ए।आई।से प्राप्त हो गई है जिसके अनुसार कार्य कराने हेतु डीएम ने निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने बधेव जंक्शन, गोहरनी जंक्शन पर हाई मास्क लाईट जो लगी है उसके तत्काल कनेक्शन के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को कठोर निर्देश दिए। बैठक में बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए मानक के अनुसार यातायात के नियमों का पालन न करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश के साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, सभी एसडीएम सहित राज कुमार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोॿनिॿविॿ, साहयक अभियंता दीपेंद्र जायसवाल, एआरटीओ शामली रोहित राजपूत, यातायात सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आईटीआई में 276 सीटों के सापेक्ष भी होगा प्रवेश

**बिजनौर।** जनपद में संचालित राजकीय आईटीआई जनपद बिजनौर में टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से संचालित विभिन्न ट्रेड में **276** सीटों के सापेक्ष भी वर्ष **2025** में प्रवेश किए जाएंगे, जिसमें राजकीय आईटीआई बिजनौर में कैम प्रोग्रामर **40**, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन **40**, इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स टेक्नीशियन **20**, राजकीय आईटीआई नजीबाबाद में मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल **24**, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन **40**, मैकेनिक मोटर व्हीकल **24**, बेसिक डिजाइनर एंड वर्चुअल वेरीफायर **24**, आर्टीशन यूजिंग एडवांस्ड टूल **20**, प्लंबर **48** में भी अगस्त **2025** से प्रारंभ हो रहे हैं।

# जागरूकता अभियान के तहत दिव्यांगजनों के अधिकारों पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गांव खेडाभाऊ में ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक ग्रामवासी अरुण प्रताप सिंह के सौजन्य से उनके निवास स्थान पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने सहभागिता की। बैठक के दौरान अंशुल चौहान ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों, श्रमिकों एवं जरूरतमंदों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने श्रम कार्ड से जुड़ी योजनाओं, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन एवं वृद्धावस्था पेंशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं के लाभों से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया। उन्होंने बताया सभी पेंशनर अपने खाते में डीबीटी और एनपीसीआई कराने के लिए कहा ।उन्होंने ष्मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनाष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके अंतर्गत योग्य युवाओं को स्वरोजगार हेतु 5 लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसमें पचास हजार तक की सब्सिडी का प्रावधान है, तथा शेष राशि को चार वर्षों की आसान किश्तों में वापस किया जा सकता है। 350 के करीब मुख्य मंत्री युवा रोजगार के अन्तर्गत युवाओं को रोजगार मिलेगा। जिस पर लोन सुविधा उपलब्ध है।

अंशुल चौहान ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक हों एवं संबंधित कार्यालयों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज समय से तैयार रखें। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योजनाओं के प्रति रुचि दिखाते हुए अनेक प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारी ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम की सफलता में गांव के युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों का भी विशेष योगदान रहा। इस दौरान अरुण प्रताप सिंह खेड़ा भाऊ, तेजपाल सिंह गुर्जर, मनीष चौहान खेड़ाभाऊ, मोहनलाल प्रधान खेड़की, रूप सिंह, चरण सिंह, ठाकुर महेश सिंह, सचिन हिमांशु राणा नाथू करी सुधीर मुखिया पूर्व प्रधान आदि मौजूद रहे।

# भूस से भरी ट्रॉली पलटी, चालक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव जिजौला निवासी कादिर (30) की बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। कादिर गांव के ही बुद्धू व्यापारी के ट्रैक्टर पर ड्राइवरी करता था और प्रतिदिन की तरह बुधवार को भी हरियाणा से भूस से भरी ट्रॉली लेकर मेरठ के सरधना जा रहा था। रात करीब एक बजे जैसे ही वह मेरठ जिले के भुनी मोड़ के पास पहुंचा, पीछे से तेज रफ्तार में आए एक ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर का संत. ुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खाई में जा गिरा।



**ट्रॉली के नीचे दबा चालक, मौके पर ही हुई मौत**

हादसे में ट्रैक्टर पलट गया और ड्राइवर कादिर ट्रॉली के नीचे बुरी तरह दब गया। राहगीरों ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी, लेकिन जब तक सहायता पहुंचती, कादिर की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। परिजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और कादिर के शव को लेकर गांव पहुंचे। शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। पत्नी, मां-बाप और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है गमगीन माहौल में दफना दिया गया।

**सबसे छोटा था कादिर, तीन बच्चों का था पिता**

कादिर चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में तीन छोटे-छोटे बच्चे हैंकृदो बेटियां और एक बेटा। उसकी असमय मौत से पूरा परिवार सदमे में है। आर्थिक रूप से पहले से ही संघर्ष कर रहा परिवार अब पूरी तरह टूट गया है। ग्रामीणों ने सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

**गांव में फिर जागा पुराना दर्द, दर्जनों ने गंवाई जान**

बताते चलें कि जिजौला गांव के अधिकतर लोग भूस व पराली के व्यापार से जुड़े हैं। यह व्यापार अधिकतर ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से किया जाता है, और अक्सर व्यापारी देर रात लंबी दूरी तय करते हैं। ऐसे में हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले आठ-दस वर्षों में गांव से जुड़े भूस से ट्रैक्टर ड्राइवर की दर्जनों जानें ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने या हादसों में जा चुकी हैं।

# नगर पालिका की बोर्ड बैठक में करोड़ों रुपए के प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगरपालिका परिषद में आयोजित बोर्ड बैठक के दौरान 4.22 करोड़ रूपये के विभिन्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।



बुधवार को नगरपालिका के सभाकक्ष में पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मासिक नक्शा आय-व्यय माह नवंबर-2024 से मार्च-2025 तक जिसमें आय-36.08 करोड़ रुपए तथा व्यय-18.98 करोड़ रुपए का अनुमोदन किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष-2025-26 में आय 68,40,61,000 रूपए तथा व्यय 67,24,00000 रूपए दर्शाई गई, जिसके अनुसार वित्तीय वर्ष-2025-26 के लिए 11,66,1000 रूपए की बचत का बजट दर्शाया गया। बोर्ड बैठक में पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजनांतर्गत नगर में कराए जाने वाले निर्माण कार्यो के लिए लगभग एक करोड़ रूपए तथा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनांतर्गत नगर की बाहरी बस्तियों में निर्माण कार्य हेतु लगभग 3.22 करोड़ रूपए के प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किए गए। बोर्ड बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने किया। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक जैगम हुसैन, जलकल लिपिक तासीम अली, लेखाकार राकेश कुमार, कर अधीक्षक शाकिर हुसैन, अवर अभियंता (सिविल) राहुल कुमार, अवर अभियंता (जल) हिमांशु नारायण, प्रकाश लिपिक मोहम्मद असलम तथा सभासदगण अंजू, कोमल रानी, मोहसीन, महबूब चौधरी, रईस अली, शादाब, फिरदौस, नसरीन, आबिदा, राशिद अहमद, मोहम्मद शाहिद, नौशाद, वसीम, जैबून, शबाना आदि मौजूद रहे।

## मरहूम सांसद मुनव्वर हसन के नाम से द्वार बनवाने की मांग

बोर्ड बैठक के दौरान नगरपालि. का परिषद के वार्ड संख्या-18 से निर्वाचित सभासद कादिर हसन ने मरहूम सांसद चौधरी मुनव्वर हसन के नाम से कस्बे के पानीपत-कैराना बाईपास पर एक द्वार बनवाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चौधरी मुनव्वर हसन ने 39 वर्ष की आयु में देश के चारों सदनों की सदस्यता हासिल करने की उपलब्धि प्राप्त की थी, जिसके चलते उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था। वह किसानों, गरीबों, मजलूमों व मजदूरों की आवाज बुलंद करने वाले नेता थे। उन्होंने पूरी दुनिया में कैराना का नाम रोशन किया था।

## आईपीएलः नए शेडयूल ने रोमांचक बनाई लीग

# आखिरी दो दिन तय करेंगे प्लेऑफ की पोजिशन




**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने 12 मई को आईपीएल का नया शेड्यूल रिलीज किया। लीग स्टेज के 13 ही मैच बचे हैं। 3 टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं, जबकि 7 टीमों में टॉप-4 की जंग हैं। नए शेडयूल ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरी 2 दिनों में लखनऊ, मुंबई, पंजाब और बेंगलुरु के मैच हैं। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और आखिरी मुकाबलों के नतीजों से टॉप-2 स्पाट भी तय होंगे। गुजरात 11 मैचों में 8 जीत से 16 पाइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। टीम के 3 मैच दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई से बचे हैं। टाइटंस इनमें से एक भी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हालांकि, टीम को टॉप-2 में फिनिश करना है तो कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। तीनों मैच जीतकर जीटी टॉप-2 में अपनी पोजिशन कन्फर्म कर लेगी। बेंगलुरु के भी 11 में से 8 जीत से 16 पाइंट्स हैं, लेकिन गुजरात से खराब रन रेट के कारण टीम दूसरे नंबर पर है। आरस.ीबी को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 3 में से 1 ही जीत चाहिए। टीम को कोलकाता, हैदराबाद और लखनऊ से भिड़ना है। टॉप-2 में फिनिश करना है तो आरसीबी को भी बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। पंजाब के 11 मैचों में 7 जीत और एक बेनतीजा मैच से 15 पाइंट्स हैं। टीम को राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है। पीबीकेएस को प्लेऑफ में जगह कन्फर्म करने के लिए 3 में से 2 मैच जीतने होंगे। 17 पाइंट्स के साथ अगर टीम को क्वालिफाई करना है तो दिल्ली को हराना ही होगा। पंजाब ने अगर कैपिटल्स को हरा दिया तो दिल्ली या मुंबई में से कोई एक टीम ही प्लेऑफ में पहुंच पाएगी, क्योंकि दोनों को आपस में भी भिड़ना है। पंजाब को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए तीनों मैच जीतने होंगे, साथ ही गुजरात या बेंगलुरु के 1 मैच में हारने की दुआ करनी होगी। मुंबई इंडियंस ने शुरुआती 5 में से 1 ही मैच जीता था, लेकिन टीम ने आखिरी 7 में से 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बना ली। ड्प 12 में से 7 मैच जीतकर 14 पाइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। 5 बार की चैंपियन टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है, तो दिल्ली और पंजाब के खिलाफ बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। एमआई एक भी मैच हार गई तो प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को दूसरी टीमों के भरोसे छोड़ देगी। दिल्ली ने टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार 5 मैच जीतकर की, लेकिन टीम ने पिछले 6 में से 4 मुकाबले गंवा दिए। कैपिटल्स 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पाइंट्स लेकर पांचवें नंबर पर है। डीसी के 3 मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब से हैं, तीनों टॉप-4 में है। यहां से अगर कैपिटल्स को क्वालिफाई करना है तो तीनों मैच जीतने ही होंगे। टीम ने अगर मुंबई और पंजाब को हरा दिया तो 2 जीत से भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। डिफेंडिंग चैंपियन कोलक.ाता को 12 मैचों में महज 5 जीत मिली, टीम का 1 मैच बेनतीजा भी रहा, इनसे 11 पाइंट्स लेकर कोल.काता छठे नंबर पर है। ज्ञ्ज्ञत के 2 मैच बेंगलुरु और हैदराबाद से हैं। टीम एक भी मैच हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। 2 मैच जीतने के बाद भी ज्ञ्ज्ञत को प्लेऑफ में पहुं.चना है तो पंजाब, मुंबई और दिल्ली

# आईपीएल में वापसी के लिए तैयार रोहित शर्मा

- **मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर बहाया पसीना, लीग स्टेज पर मुंबई के बचे दो मैच**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर चुके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 के बचे हुए सत्र में वापसी के लिए तैयार हैं। बुधवार को उन्हें मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाते देखा गया, जिसका वीडियो टीम ने आधिकारिक हैंडल से जारी किया है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद आईपीएल के बचे हुए 17 मैचों का कार्यक्रम का जारी हो चुका है। 17 मई से टूर्नामेंट की दोबारा शुरुआत होगी जबकि तीन जून को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

लीग स्टेज पर मुंबई अब तक 12 मैच खेल चुकी है। 13वां मुकाबला 21 मई को खेला जाएगा, जिसमें पांच बार की विजेता टीम का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच मुंबई में ही खेला जाएगा। फिलहाल मुंबई इंडियंस अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और लीग स्टेज पर उनके दो मैच बाकी हैं। इनमें जीत के साथ टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करना चाहेगी। आगामी मैच के लिए मुंबई इंडियंस ने अभ्यास शुरू कर दिया है। बुधवार को हार्दिक पांडया की अगुआई वाली टीम वानखेड़े पहुंची। यहां रोहित शर्मा को कर्ण शर्मा, रॉबिन मिंज, अश्विनी कुमार और तिलक वर्मा के साथ नेट्स पर समय बिताते देखा गया। पूर्व कप्तान रो.हित शर्मा इस वक्त शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अब तक खेले 11 मैचों में तीन अर्धशतकों की मदद से 300 रन बनाए हैं।

## डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय लीग टी-20 के चौथे सत्र की शुरूआत यूएई राष्ट्रीय दिवस से होगी

**दुबई, वार्ता।** डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टी-20 लीग के चौथे संस्करण की शुरुआत यूएई के राष्ट्रीय दिवस दो दिसंबर से होगी। इस टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच 34 मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चार जनवरी 2026 को होगा। इस अवसर पर आईएल टी-20 के अध्यक्ष अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरोनी ने कहा कि हमें यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 चौथ सत्र यूएई नेशनल डे 'ईद-अल-एतिहाद' पर शुरू होगा, जो यूएई कैलेंडर पर सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। उन्होंने कहा कि यूएई राष्ट्रीय दिवस वह दिन है जिस दिन हम संयुक्त अरब अमीरात का जश्न मनाते हैं जो दुनिया भर के लोगों का घर है, जिसमें लाखों क्रिकेट प्रशंसक शामिल हैं।

# भारत ने नेपाल को 4-0 से हराया



सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप

- **मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए**

**यूपिया (अरुणाचल प्रदेश), वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम नेपाल पर 4-0 से बड़ी जीत दर्ज कर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रही। गोल्डन जुबली स्टेडियम में मंगलवार की रात खेले गए मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए। भारत के लिए रोहेन लसह चपहामायुम ने (28वें, 76वें) मिनट में गोल किए, जबकि स्थानीय खिलाड़ी ओमंग डोडम ने (29वें) और डैनी मेइतेई ने (84वें) मिनट में एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप बी में दो मैचों में छह अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं नेपाल दो मैचों में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम शुक्रवार को ग्रुप ए के उपविजेता मालदीव से भिड़ेगी, जबकि ग्रुप ए विजेता बांग्लादेश उसी दिन नेपाल से सेमीफाइनल खेलेगी।

# आईपीएल के शेष हिस्से में खेलेंगे बोल्ट



- **पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों का इंतजार**

**मुम्बई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष हिस्से में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के लिए खेलने का निर्णय किया है। 36 वर्षीय बोल्ट को मुम्बई इंडियंस ने मेगा नीलामी में 12-5 करोड़ रुपये में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल के इस सत्र में 8-49 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 रन देकर चार विकेट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह पूरे टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। पांच बार की चैंपियन मुम्बई को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता का इंतजार है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और कोर्बिन बॉश, और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की भागीदारी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड के अनुसार उनके खिलाड़ियों की एनआ.ेसी 25 मई तक वैध है। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आईपीएल में भाग लेने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को 29 मई से शुरू हो रही वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज़ के लिए समय पर लौटने का निर्देश दिया है।

# पुरुष जिम्नास्ट को लक्ष्य हासिल करने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरतः आशीष

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रमंडल खेल 2010 में रजत और कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाले जिम्नास्ट आशीष कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पुरुष जिम्नास्ट को अपनी इच्छाशक्ति को जगाना होगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की प्रतिभा पहचान एवं विकास समिति (टीआईडीसी) के सदस्य आशीष कुमार ने कहा कि इस आयोजन ने एथलीटों को बेहत.रीन अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि जोश भीतर से आना चाहिए। आप खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और उपकरण दे सकते हैं, लेकिन अगर उनमें 'अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने' की अंदर कुछ बड़ा करने का जोश नहीं है तो कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। कई लोग राष्ट्रीय स्तर पर ही पदक जीतने के बाद ही संतुष्ट हो जाते हैं। इस मान.सिकता को बदलना होगा। खेलो इंडिया योजना ने शुरुआती किशोरावस्था में जिम्नास्टिकों के लिए नए द्वार खोले हैं और अब खिलाड़ियों, कोचों और फेडरेशन पर इस सफलता का लाभ उठाने और इसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हां, हम एथलीटों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन असली काम अब शुरू होता है उचित विकास सुनिश्चित करना होगा, खासकर लड़कों के बीच।ह टीआईडीसी उन प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिन्हें खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) के रूप में शामिल किया जा सकता है और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में प्रशिक्षित किया जा सकता है। उनका मानना है कि सब-जूनियर वर्ग, 14 वर्ष के कम उम्र के जिम्नास्ट के लिए प्रशिक्षण के स्तर में व्यापक बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस उम्र (14 वर्ष की) में शरीर जल्दी ठीक हो जाता है। इसलिए, शुरुआती वर्षों से ही हमें उचित शक्ति और कंडीशनिंग शेड्यूल के साथ उनकी सहन शक्ति बढ़ाने पर जोर देना होगा। अगर हम शुरुआत में ही इन चीजों को हल्के में लेंगे, तो 25 साल की उम्र तक उनका शरीर कार्यक्षमता को संभालने में सक्षम नहीं होगा। विदेशी कोच व्लादिमीर चेर्टकोव के तहत प्रशिक्षण के अपने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जब हम 2010 में राष्ट्रमंडल शि.विर में थे, तो कोच व्लादिमीर ने हमें अपनी क्षमता से आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने हमें सिखाया कि बार-बार तनाव को झेलने में सक्षम शरीर का होना कितना महत्वपूर्ण है। जैसे किसी परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए आप 20-30 बार याद करते हैं। जिमनास्टिक में भी यही होता है आप तब तक अपनी शारी.रिक गतिविधियों को दोहराते हैं जब तक कि आपका शरीर उस लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम न हो जाये। उन्होंने कहा कि पुरुष जिम्नास्टिक में सुधार की जरूरत है। हमने हाल ही में महिलाओं के बीच सफलता देखी है, लेकिन पुरुषों को अभी लंबा रास्ता तय करना है। यहीं पर खेलो इंडिया सबसे बड़ा प्रभाव डाल सकता है क्षमतावान लड़कों की पहचान करके और उन्हें लंबे समय के लिए तैयार कर सकते हैं।

# श्नाइडर को हराकर पाओलिनी इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में

- **पाओलिनी ने मैच में 6-7(1-7), 6-4 व 6-2 से जीत दर्ज की**

**रोम, वार्ता।** इटली की टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी ने रूस की डायना श्नाइडर को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

छठी वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने मंगलवार को खेले गए वर्षा बाधित मुकाबले में रूस की श्नाइडर पर 6-7 (1-7) 6-4 6-2 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वह 2014 के बाद अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली इटली की महिला टेनिस खिलाड़ी बन गईं। सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पाओलिनी ने कहा कि यह वास्तव में कठिन मैच था। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने मुकाबला जीता, लेकिन यह एक रोलर कोस्टर था। हर कदम पर मैंने एक नई तरकीब खोजी। मैंने अंत तक संघर्ष किया। निश्चित रूप से दर्शकों ने मेरी मदद की। इसलिए मैं जीत से वास्तव में बहुत खुश हूं।

# स्टार्क की पत्नी ने बताई धर्मशाला में ब्लैक आउट की कहानी



मैसेज मिलाः यहां से तुरंत निकलो, फाफ ने शूज तक नहीं पहने मिसाइल हमले की अफवाह थी

**मेलबर्न, वार्ता।** डीसी के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने धर्मशाला में ब्लैकआउट की रात की कहानी बताई है। उन्होंने एक पाडकास्ट में बताया कि मिसाइल हमले की अफवाह के बीच कैसे धर्मशाला स्टेडियम को खाली कराया गया और कैसे प्लेयर्स और उनके परिवार वालों को सुरक्षित होटल तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान हीली ने विलो टाक पाडकास्ट कहा कि वहां डर का माहौल था और स्थिति काफी खराब हो गई थी। जब अचानक एक व्यक्ति आया और कहा यहां से तुरंत निकलो। उसका चेहरा सफेद हो गया था।

वहां मिसाइल हमले की अफवाह फैल गई थी। 8 मई को पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बीच धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली मैच बीच में रोक दिया गया था। फिर 20 मिनट के अंदर स्टेडियम खाली करा दिया गया था। फिर खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टॉफ को एक बस के जरिए होटलों में वापस ले जाया गया। बीसीसीआई ने अगले दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से सभी को दिल्ली पहुंचाया। क्योंकि, सभी उड़ानें रद्द कर दी गई थी। एलिसा हीली की 3 बातें- जब खेल रोका गया था, एलिसा उस समय अन्य खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों के साथ स्टैंड में मौजूद थीं। यह मानते हुए कि यह एक मामूली समस्या है एलिसा और उनके साथ मौजूद अन्य लोग पहले तो शांत रहे, लेकिन फिर चीजें हाथ से निकल गईं। बिजली के कुछ टावर की बत्ती गुल हो गई और हम बस वहीं इंतजार कर रहे थे। मैंने कुछ सीट दूर अफवाह सुनी कि हमें स्टेडियम खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बिजली गुल हो गई है।

हमारे साथ परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टॉफ का एक बड़ा समूह था। अगले ही मिनट एक आदमी (जो हमारे ग्रुप के साथ था और हमारा ध्यान रखता था।) आता है और कहता है कि हमें तुरंत निकलना होगा। उसका चेहरा सफेद पड़ गया था।' अचानक हमें वैन में ठूंस दिया गया और हम होटल वापस चले गए। वहां स्थिति काफी अच्छी नहीं थी। हम पंजाब के कुछ खिलाड़ियों के साथ बस में बैठे थे। मुझे लगता है कि श्रेयस मेरी बस में था।

## रेलवे के सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में जीता आयरमैन चैलेंज

- **दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक को पूरा किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** पश्चिम रेलवे (प रे) के वरिष्ठ अधिकारी सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में आयरनमैन चैलेंज जीत लिया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक की ओर से बुधवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव सचिन अशोक शर्मा (आईआरटीएस 2008) ने पोर्ट मैक्वेरी, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक आयरनमैन ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा किया। आयरनमैन शारीरिक और मानसिक धीरज की अंतिम परीक्षा है, जिसमें 3-8 किमी पानी में तैराकी, 180 किमी साइकिल चलाना और 42.2 किमी की पूर्ण मैराथन दौड़ शामिल है, जिसे 17 घंटे के भीतर पूरा किया जाना था। श्री शर्मा ने आयरनमैन ट्रायथलॉन को 12 घंटे, 26 मिनट और 52 सेकेंड में सफलतापूर्वक पूरा किया और इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले वे पहले भारतीय रेलवे अधिकारी बन गए।

भारी बारिश और सुरक्षा चिंताओं के कारण नाटकीय घटनाक्रम में आयोजकों को ट्रायथलॉन के तैराकी चरण को रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। नतीजतन, दौड़ सुबह 0945 बजे 180 किलोमीटर के बाइक सेगमेंट के साथ शुरू हुई, जिसमें एथलीटों को प्रशांत महासागर के किनारे जंगल से गुज़रते हुए एक आश्चर्यजनक लेकिन चुनौतीपूर्ण मार्ग से गुजरना पड़ा। 1,800 मीटर की ऊंचाई के साथ, इस कोर्स को आयरनमैन सर्किट पर सबसे सुंदर और चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कोर्स के सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक मैथ्यू फ्लिंडर्स ड्राइव था- जिसमें 17 प्रतिशत की ढलान थी।

# विराट कोहली के साथ खेलने का सपना अधूरा रह गयाः वार्नर




## विराट के जल्दी संन्यास ने निराश किया, उनमें बहुत क्रिकेट बचाः जावेद अख्तर

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वार्नर ने कहा, विराट को.हली के साथ एक टीम में खेलने का सपना अधूरा रह गया। मैं आईपीएल में भी विराट के साथ नहीं खेल सका। वहीं गीतकार जावेद अख्तर ने कहा, विराट के जल्दी संन्यास लेने से निराश हूं, उनमें बहुत क्रिकेट बचा था। टीम इंडिया के विराट को.हली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 36 साल की उम्र में रेड बाल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद कई दिग्गजों ने कहा कि उन्होंने जल्दबाजी में यह फैसला लिया। विराट टेस्ट में 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर सके, उन्होंने 30 सेंचुरी लगाकर 9230 रन बनाए। डेविड वार्नर ने रेव्जस्पोर्ट्ज को दिए इंटरव्यू में कहा, विराट के खिलाफ मैंने 1 दशक तक क्रिकेट खेला, शुरुआती मैचों में ही मुझे पता चल गया कि वे कितने चौलेंजिंग है। तेंदुलकर, द्रविड़, लक्ष्मण जैसे प्लेयर्स के संन्यास के बाद बाद विराट ने टीम की जिम्मेदारी संभाली। मैंने हमेशा उनके खिलाफ खेलना एंजाय किया। प्ब्स् में जब भी उनके सामने खेला तो उनकी एनर्जी ने मुझे प्रभावित किया। मेरा सपना था कि किसी मौके पर विराट के साथ एक ही टीम में खेलूं। मुझे यह बात हमेशा सताएगी। डेविड वार्नर और विराट कोहली 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में आखिरी बार एक-दूसरे के खिलाफ भिड़े थे। वार्नर ने आगे कहा, श्टेस्ट और वनडे में विराट के रिकॉर्ड बेहतरीन रहे। रन चेज करते हुए तो उनका आसपास भी कोई नहीं। इंडिया के लिए खेलते हुए कभी भी उनकी एनर्जी कम नहीं हुई। विराट की कप्तानी ने उन्हें बाकियों से अलग बनाया, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में बताया कि वे क्यों खास हैं। कई प्लेयर्स ने कहा कि विराट को थोड़ा और खेलना चाहिए था, लेकिन मुझे लगता है कि विराट को पता है कि कब उन्हें खेलना बंद करना है। वे अपने गेम के बखूबी जानते हैं, इसलिए मैं उनके फैसले का सपोर्ट करता हूं। वे हमेशा बेहतरीन लीडर के रूप में पहचाने जाएंगे। हिंदी फिल्मों के गीतकार और कहानी लेखक जावेद अख्तर भी विराट के संन्यास से निराश नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि विराट निश्चित रूप से ज्यादा जानते हैं, लेकिन एक फैन के रूप में मुझे उनके टेस्ट से जल्दी संन्यास ने निराश किया। मुझे लगता है कि उनमें अब भी बहुत क्रिकेट बचा है। मैं उनसे विनती करता हूं कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। वरुण ग्रोवर ने लिखा, कोहली टेस्ट के सबसे बड़े किरदार स्टैंड-अप कामेडियन और मसान जैसी फिल्में लिखने वाले वरुण ग्रोवर ने सोशल मीडिया पर कहा, श्टेस्ट क्रिकेट बाकी खेलों से अलग है क्योंकि ये नैरेटिव का खेल है। इतने सारे वैरिएबल- 4 पारियां, 5 दिन, 22 स्पेशलिस्ट, रोज बदलता मौसम, कई बार एक दिन में 3 बार बदलता मौसम, हवा की नमी, पिच की तबीयत, सिक्के से लिखी किस्मत, और हर पल बदलती मानसिक संभावनाएं। वैसे तो हर खेल अपने आप में जीवन के किसी पहलू का पर्याय होता है लेकिन टेस्ट क्रिकेट किसी लिटरेसी उपन्यास सा है- कई सारी विधा एक ही स्याही में समेटे हुए। इसलिए टेस्ट क्रिकेट में वही सफल हुए, जिनके पास कहने को कोई कहानी थी। लंबी कहानी जो गीली, सूखी, देशी, विदेशी हर पिच पर लिख के भी खत्म न हो। विराट कोहली इस उपन्यास के पिछले दशक के सबसे बड़े किरदार हैं। उन्होंने न सिर्फ इस उपन्यास के सारे रसों को जिया, बल्कि इसे और समृद्ध भी बनाया।

# आखिर जवान की वापसी

22 अप्रैल का पहलगाम हत्याकांड, उसके बाद पाकिस्तान के भारत के तीन राज्यों पर ड्रोन और चाइना मेड मिसाइलों से हमले तथा इन हमलों का भारत की ओर से दिए गए जवाब व इसके बाद सीजफायर के बीच भारत के लिए एक और राहत भरी खबर आई है। पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान पूर्णम कुमार को रिहा कर दिया है। इस बात की पुष्टि बीएसएफ ने भी की है। हालांकि पाकिस्तान का एक रेंजर अभी भारत के कब्जे में है। उल्लेखनीय है कि जब 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया था, वह भी उनसे उनका धर्म पूछकर। इसके अगले ही दिन यानि 23 अप्रैल को बीएसएफ का जवान पूर्णम कुमार गलती से पाकिस्तान बॉर्डर की तरफ चला गया था, तब से वह पाकिस्तानी सेना के कब्जे में था, जिसे आज अटारी-बाघा बार्डर पर भारतीय बीएसएफ को सौंपा गया। इस तरह की अदला-बदली सेना के माध्यम से अपने-अपने देश को मोहब्बत का पैगाम देती है। क्योंकि यदि पाकिस्तान चाहता तो कुलभूषण की तरह ही उसे भी नहीं छोड़ता, लेकिन जिस प्रकार से अघोषित युद्ध के बीच बीएसएफ के जवान को भारत को सौंपा है, उससे साफ है कि पाकिस्तान की सेना कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहती, जिससे उनके देश में अमन चैन को बाधा पहुंचे। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या पूर्णम कुमार को फौरन ड्यूटी पर वापस ले लिया जाएगा। इस का उत्तर है नहीं, क्योंकि सेना के कुछ नियम होते हैं, जिन्हें फालो करना होता है। जैसा कि विंग कमांडर अभिनंदन के मामले में हुआ था। दरअसल, बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मारकर जब मिग-21 भारत लौट रहा था, तब उस समय विंग कमांडर जिस मिग-21 को उड़ा रहे थे, वह रास्ते में क्रैश हो गया और यह भारतीय फाइटर जेट पाकिस्तानी सरहद से करीब 10-12 किलोमीटर अंदर जा गिरा था। तब पाकिस्तानी रेंजर्स ने विंग कमांडर अभिनंदन को बंदी बना लिया था। हालांकि, बाद में विंग कमांडर अभिनंदन को पाकिस्तान ने पूरे सम्मान के साथ भारत को सौंप दिया था, लेकिन उन्हें अपने वतन वापस आने के बाद फौरन बाद फिर से ड्यूटी की जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी। इससे पहले उन्हें कुछ प्रोटोकॉल्स से गुजरने होते हैं। कुछ समय के लिए उस जवान को ग्राउंडेड कर दिया जाता है। प्रोटोकॉल के मुताबिक, सामान्य तौर पर जब एक पायलट विमान से बाहर की तरफ कूदता है तो सुरक्षा प्रोटोकॉल के मद्देनजर कुछ समय के लिए उनको ग्राउंडेड कर दिया जाता है। इस तरीके की घटना के बाद पाकिस्तान से लौटे किसी भी जवान की नौकरी भी नहीं छिनी जानी जाती है। हालांकि, कुछ दिनों के लिए उनको किसी भी ऑपरेशन में बाकी जवानों के साथ नहीं रखा जाता है। ऐसा उनकी सुरक्षा और मेंटल हेल्थ के लिहाज से किया जाता है। खैर अब पाकिस्तान समझ गया है कि भारत से उलझना एक टेढ़ी खीर है। इसलिए उसकी सेना ने ऐसा कदम उठाया है, जिसकी भारत में तारीफ हो रही है। भारत और पास्तिान के बीच तनाव का मामला नया नहीं है।

## धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी



आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा, पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है, जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है, इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाक पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70 -75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं, पाक ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है, आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल लेगा, खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# टीआरपी की खातिर 'जमूरा' कुछ भी करेगा






**निर्मल रानी**

**देश का मजबूत होना जरूरी है, परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखे इसमे सिवाय चीखने चिल्लाने, बदतमीजी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदजुबानी से पेश आने, हिन्दू-मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, खालिस्तान, झूठ, अफवाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नजर नहीं आता**

अभी गत 28 मार्च 2025 की ही बात है जबकि ज़ी न्यूज़ टीवी चैनल के स्वामी सुभाष चंद्रा को ज़ी न्यूज़ की ओर से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर रिया चक्रवर्ती को टारगेट करने से सम्बंधित ख़बरों को उनके चैनल ज़ी न्यूज़ द्वारा ग़लत तरीक़े से पेश करने के लिए मुआफी मांगनी पड़ी थी। सुभाष चंद्रा ने कहा था कि सुशांत राजपूत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दायर कर दी है। मुझे लगता है ऐसा विश्वसनीय सबूतों के अभाव में हुआ है। अब अस्पष्टता की कोई जगह नहीं है। इसका मतलब ये है कि कोई मामला नहीं बनता है। पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे लगता है कि रिया को मीडिया ने अभियुक्त बनाया और इसकी अगुवाई ज़ी न्यूज़ ने अपने तत्कालीन संवाददाताओं और संपादकों के ज़रिए की। दूसरों ने इसमें ज़ी न्यूज़ को फ़ॉलो किया। ज़ी न्यूज़ के मेंटर के रूप में मैं उनसे कहूंगा कि बहादुरी दिखाएं और मुआफ़ी मांगें। मैं रिया से मुआफ़ी मांगता हूं, भले ही इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी। गोया सुभाष चंद्रा ने यह स्वीकार किया था कि ज़ी न्यूज़ ने रिया चक्रवर्ती को ग़लत तरीक़े से आरोपी के रूप में पेश किया और अन्य मीडिया ने इसका अनुसरण किया।

सवाल यह है कि क्या ज़ी न्यूज़ के किसी संपादक या पत्रकार ने अपने मालिक की बात मानी और मुआफ़ी मांगी और तो और क्या इस के बाद ज़ी न्यूज़ या उसके साथ झूठ परोसने का कारोबार करने वाले अन्य चैनल्स ने सुशांत राजपूत मामले से कोई सबक़ सीखा? शायद बिल्कुल नहीं। बल्कि सच्चाई तो यह है कि मीडिया की बेहयाई व बेशर्मी में और अधिक इजाफा होता जा रहा है। गत दस वर्षों से गोदी मीडिया सत्ता की कठपुतली बन चुका है और सत्ता से सवाल पूछने के बजाए विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। देश में अमन शांति की बातें करने के बजाए विभाजनकारी एजेंडा चलाता है। कोरोना काल जैसे संकटकाल से लेकर वर्तमान भारत पाक युद्ध जैसे अति गंभीर व संवेदनशील समय में भी सत्ता के इन्हीं 'जमूरों' ने जिस तरह सांप्रदायिक एजेंडा चलाया उससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है।

यही मीडिया भारत के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटता है तो कभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता है। परन्तु शायद यह भूल जाता है इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समाज के हर वर्ग का एकजुट होना ज़रूरी है। देश का मज़बूत होना ज़रूरी है। परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखें इसमें सिवाय चीख़ने चिल्लाने, बदतमीज़ी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदज़ुबानी से पेश आने, हिन्दू मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, ख़ालिस्तान, झूठ, अफ़वाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नज़र नहीं आता। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीखेज़ सुर्ख़ियां बनाई व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलाई गईं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था आज पाकिस्तान की आखिरी रात! तो दूसरा 'भारत का फ़ाइनल अटैक! आधा पाकिस्तान तबाह' आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया। निश्चित रूप से इससे जनता में भय और आक्रोश की भावना बढ़ी। साथ ही ऐसी ख़बरों के साथ जब गला फाड़ने और स्टूडियो में उछल कूद करने जैसी बेहूदा प्रवृति भी शामिल हो जाए तो न्यूज़ ऐंकर तो पूरी तरह 'जमूरे' के किरदार में ही नज़र आता है।

यही नहीं बल्कि इसी 'जमूरा गिरोह' द्वारा ग़लत सूचना और फ़र्ज़ ख़बरों का भी जमकर प्रसार किया गया। कुछ मीडिया चैनल्स ने असत्यापित जानकारी, संपादित वीडियो, यूक्रेन-रूस युद्ध और यहां तक कि वीडियो गेम फ़ुटेज तक को युद्ध से सम्बंधित वास्तविक घटनाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, जम्मू एयरफ़ोर्स बेस पर धमाके या जालंधर में ड्रोन हमले की ख़बरें फ़र्ज़ी पाई गईं। इससे न केवल भारत में ग़लत सूचना फैली, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी शर्मिंदगी हुई। भारतीय मीडिया की भ्रामक व अफ़वाहपूर्ण कवरेज ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की गोया बाढ़ सी ला दी। अनेक वायरल वीडियो, सैन्य गतिविधियां या ड्रोन हमलों के दावे, अधिकांश संपादित या फ़र्ज़ी थे। ख़बरों के अनुसार कई भारतीय चैनल्स ने पाकिस्तान में भी कई ऐसे मोहरे तलाश लिए थे जिन्हें वे पैसे देकर अपने चैनल्स पर बुलाते थे और उन्हें गलियां देकर, अपमानित कर जानबूझ कर माहौल में गर्मी पैदा करते थे। यानी ख़ुद नूरा कुश्ती कर जनता को तनाव में डालते थे। आख़िरकार मीडिया की इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकत की वजह से ही सरकार के सूचना व रक्षा मंत्रालय और सैन्य व विदेश विभाग के अधिकारियों को ऐसे भ्रामक प्रसारण को लेकर सावधानी बरतने की अपील करनी पड़ी। परन्तु जिस बेशर्म मीडिया को अदालतों की झिड़की की परवाह नहीं, जिस बेहया गोदी मीडिया को अपने मान सम्मान व प्रतिष्ठा की फ़िक्र नहीं वह भला भारत सरकार के निर्देशों की क्या परवाह करने वाला? जिसे इस बात की फ़िक्र नहीं कि उसे तिहाड़ी, गोदी, दलाल, चरण चुम्बक, भक्त मीडिया जैसे 'अलंकरण' से 'नवाज़ा' जाने लगा है वह कहाँ सुधरने वाला। पूरी दुनिया के सोशल मीडिया और टी वी चैनल्स में इस बात का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है कि इसी दलाल मीडिया ने कराची बंदरगाह पर हमला करा दिया था, आख़िर किस आधार पर इसी मीडिया ने लाहौर पर क़ब्ज़ा करा दिया, इस्लामाबाद पर भारतीय सेना का क़ब्ज़ा करा दिया और तो और पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निवास तक उड़ा दिया। बेशक पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भी इसी तरह की कई बेसिर पैर की बातें की गईं। जैसे 'पटना व बेंगलुरु के बंदरगाहों पर पाकिस्तान का हमला' जबकि इन दोनों जगह न तो समुद्र है न ही बंदरगाह। परन्तु हमें पाकिस्तान के मीडिया से तुलना करने की ज़रुरत ही क्या? हम तो 'विश्वगुरु भारत' के मीडिया की विश्वसनीयता की बात ही कर सकते हैं। गत दस वर्षों से इसी मीडिया पर हिंसा और नफ़रत फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। आज देश में सामाजिक विभाजन की जो रेखाएं गहरी हुई हैं उसमें इसी मीडिया की अहम भूमिका है। उस दौरान मीडिया के बेलगाम होने पर सरकार की ख़ामोशी पर भी बार बार सवाल उठे। परन्तु सत्ता ने स्वयं को लाभान्वित होते देख उस समय इनपर कोई लगाम नहीं कसी न ही नियंत्रित रहने के निर्देश जारी किए। जबकि देश की अदालतों ने एक नहीं अनेक बार मीडिया को उसकी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारणों के चलते आइना भी दिखाया, निर्देश भी दिए परन्तु इनकी बेशर्मी जस की तस क़ायम रही। और इसी विभाजनकारी एजेंडे के बल पर अपनी टीआरपी बढ़ती देख मीडिया उसी ढर्रे पर चलता रहा। और इसी बेलगामी का परिणाम यह रहा कि भारतीय मीडिया भारत-पाक तनाव के दौरान भ्रामक समाचार, सनसनीखेज़ कवरेज, ग़लत सूचना आदि प्रसारित करता रहा। और मीडिया के इसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना रवैय्ये ने इसकी विश्वसनीयता पर विश्व स्तर पर सवाल उठाए। कुछ आउटलेट्स ने संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन समग्र रूप से मीडिया की भूमिका विवादास्पद रही। इतनी बदनामी व अपमान सहने के बाद आज भी मीडिया अपने ढर्रे पर क़ायम है। गोया इनकी नज़रों में यही पत्रकारिता है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# उन्नत रक्षा तकनीक और रिसर्च के नए रास्ते...



**पवन सिंह**

**भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे, भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन व अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है, हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है**


भारतीय सेनाओं ने भारत-पाक संघर्ष में अपनी युद्धकला का जिस तरह से मुजाहिरा किया है वह पूरे विश्व के हथियार बाजार के स्वरूप को बदल कर रख देगा। दुनियां की सबसे प्रोफेशनल और समर्पित व युद्ध की अनेक. ानेक जबरदस्त पैतरेबाजी में माहिर भारतीय सेनाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन, संयमित व संतुलित मीडिया ब्रीफिंग के जरिए बहुत कुछ नए मानदंड स्थापित किए हैं। दुनियां की सभी सैन्य निर्माता कंपनियां इस सैन्य संघर्ष का बहुत ही बारीकी से अध्ययन कर रही हैं। दो-दो देशों द्वारा पाक की 'बैक डोर हथियार मदद' के बावजूद जिस तरह से भारतीय सेनाओं ने अपनी सीमा में बैठे-बैठे पाक द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 'उधार के हथियारों' की बैंड बजाई है, वह वैश्विक स्तर पर युद्ध विज्ञान, अनुसंधान और निर्माण की दिशा-दशा को नए आयाम देगी। निकट भविष्य में भारत में सैन्य तकनीक और विकास का एक नया दौर तेजी से बहुत सारे अवसर खोजे लेगा। देश के युवाओं के लिए निजी और सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में जबरदस्त कार्य के अवसर खुलेंगे। रक्षा शोध और विकास संगठन (**Defence Research and Development Organisation DRDO**) भारत ने पहले ही इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। डीआरडीओ ने निजी क्षेत्र को भविष्य की सैन्य तकनीक विकसित करने में मदद के लिए नई नीतियां बनाई हैं और उस पर अमल भी शुरू कर दिया है।

प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत मौजूदा सैन्य उत्पादों व प्रणालियों को और अधिक उन्नत व संवेदनशील बनाने के लिए वित्तीय सहायता और विशेषज्ञता प्रदान की जा रही है। डीआरडीओ ने अपनी सभी सैन्य प्रयोगशालाओं को इस तरह से डेवलप किया है कि रक्षा प्रौद्योगिकियों और उत्पादों को इस तरह से डिजाइन किया जाए कि वह भविष्य में होने वाले युद्धों का पासा पलट सके। रक्षा मंत्रालय अपनी टीडीएफ योजना के तहत इस बात पर जोर दे रहा है कि सैन्य उपकरणों/हथियारों की उत्पादन लागत भी कम हो और वो तेज व अचूक हों। भारत-पाकिस्तान के इस टकराव ने बता दिया है कि स्पीड और एक्युरेसी का तालमेल बाजी पलट सकता है। रक्षा मंत्रालय ने दिसम्बर, 2024 तक टीडीएफ योजना के अंतर्गत लगभग 335 करोड़ लागत की 80 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जो जानकारी सूत्रों से मिली है उसके अनुसार रक्षा क्षेत्र में जो भारतीय उद्योग सक्रिय हैं उन्होंने 18 सैन्य तकनीकों पर बेहतरीन कार्य को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका में डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी (**DARPA**) और डीआरडीओ ने हाथ मिला लिया है और रक्षा क्षेत्र में भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों के साथ मिल कर कुछ बड़े अनुसंधानों पर कार्य आरंभ हो चुके हैं। रक्षा उत्पादन और रिसर्च के लिए **MSME** और **TART-UP** के तहत करीब 930 करोड़ रुपये की राशि की 264 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

वैश्विक रक्षा बाजार बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है और भारत अब अपने सैन्य हथियारों की बिक्री के लिए इस बाजार में घुस चुका है। वर्तमान में अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार विक्रेता है। अमेरिका के बाद फ्रांस व रूस हथियारों के बड़े सौदागर हैं। जबकि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार खरीदी करने वाला देश है। भारत के बाद यूक्रेन व सऊदी अरब अन्य बड़े हथियार खरीददार हैं। भारत अब विदेशी हथियारों की निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रहा है और वह निर्यातकों की सूची में शामिल हो चुका है। हथियारों के वैश्विक बाजार का आकार वर्ष, 2022 में 62.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह 96.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर को भी पार कर जायेगा। भारत नेक्ष वैश्विक हथियार बाजार में एक छोटा कदम ही सही लेकिन बतौर हथियार निर्यातक देश, एक कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे।

भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन और अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है। हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है। भारत जहां मिसाइल तकनीक में महारथ हासिल कर चुका है वहीं लड़ाकू विमानों के अनुसंधान, विकास और उत्पादन के मामले में बहुत कुछ विदेशी खरीद पर निर्भर है। यह एक गंभीर चुनौती है और रक्षा मंत्रालय इस बड़ी चुनौती से कैसे निपटा है, यह समय बताएगा। फिलहाल बहुत तेजी से निजी क्षेत्र की भारतीय कंपनियों ने सैन्य उपकरणों, हथियारों के विकास की ओर कदम बढ़ाए हैं। टाटा स्पेन की कंपनी के साथ सैन्य विमान के निर्माण की ओर कदम बढ़ा चुका है। टाटा की इस औद्योगिक इकाई में सी 295 विमान बनाए जाएंगे जिसे स्पेनिश कंपनी **CASA** ने डिजाइन किया है और यह मध्यम सामरिक परिवहन विमान है। भारत की एक निजी क्षेत्र की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के शेयर अचानक आसमान चढ़े हैं। यह कंपनी भारतीय सेना के लिए हैंड ग्रेनेड, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर से लेकर मिसाइल तक बना रही है। इस कंपनी ने वर्ष, 2011 में डिफेंस सेक्टर में कदम रखा था और यह ब्रह्मोस मिसाइल का बूस्टर बनाने वाली पहली निजी क्षेत्र की कंपनी है। इसके अलावा टाटा एडवांस सिस्टम, एलएंडटी डिफेंस, पारस डिफेंस, महेंद्रा जैसी कई कंपनियां रक्षा क्षेत्र में सामने आई हैं। भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं वहीं रक्षा उपकरणों पर विदेशी निर्भरता कम होगी। यानी आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और निर्माण की दिशा पर बहुत तेजी से कार्य करने की जरूरत है। पढ़ेगा इंडिया रिसर्च करेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया।

# चीन और पाकिस्तान के बीच फंसता नेपाल





**यशोदा श्रीवास्तव**

**पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है, लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई**

पहलगाम आतंकी हमले का दंश नेपाल को भी झेलना पड़ा है। बुटवल के एक नागरिक सुदीप न्योपाने को उस हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी थी। वे अपनी मां और बहन बहनोई के साथ कश्मीर घूमने गए थे। नेपाली लोग अमूमन किसी अन्य हिल स्टेशन पर नहीं जाते क्योंकि नेपाल स्वयं एक हिमालयी देश है जहां की वादियां और पहाड़ कश्मीर सरीखे ही हैं। लेकिन इधर कश्मीर निसंदेह आतंक मुक्त था इसलिए वहां पर्यटकों की आवाजाही में इजाफा होने लगा था। टुरिस्ट व्यवसाय से जुड़ा हर कश्मीरी खुशहाल हो रहा था। पहलगाम हमले से कश्मीर का टूरिस्ट उद्योग एक बार फिर छिन्न-भिन्न हुआ है। जाहिर है कश्मीर में जो शांति का माहौल था उससे भारत ही नहीं विदेशों के पर्यटक भी प्रभावित हो रहे थे। सुदीप न्योपाने और उनका परिवार भी उसमें से एक था। लेकिन इस परिवार को जो जख्म मिला, वह शायद ही फिर कभी इन्हें कश्मीर की ओर आकर्षित करने में कामयाब हो।

कश्मीर में सुदीप न्योपाने की हत्या से नेपाल में भी गम का माहौल था। ओली के नेतृत्व वाली हुकूमत ने भी इस पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आतंकियों की खूब मजम्मत की। आतंक के खिलाफ भारत के हर कदम पर खड़ा रहने का भरोसा भी दिया। लेकिन यह कैसा भरोसा था कि जब पहलगाम का बदला लेने के लिए भारत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा था तब पाकिस्तान के ग्यारह सैन्य अफसर नेपाल में प्रशिक्षण के लिए पंहुच गए। माना कि पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई। वे कहते हैं कि नेपाल सरकार अपनी धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए कदापि नहीं करने देगी तो क्या नेपाल में प्रशिक्षित पाकिस्तान के सैनिक भारत पर फूल बरसाते। भारत के लिए यह घटना चौंकाने वाली हो सकती है कि पाकिस्तान सशस्त्र बलों के विभिन्न संस्थानों में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नेपाली सेना के पूर्व सैनिकों का एक सम्मेलन काठमांडू स्थित पाकिस्तान दूतावास में आयोजित किया गया। इसके पहले पाकिस्तान के 11 सदस्यीय सैन्य अफसर नेपाल में 15 मई तक प्रशीक्षण पर हैं। नेपाली सेना के अनुसार पाकिस्तान के नेशनल सिक्योरिटी एंड वार कालेज के ये 11 पाकिस्तानी सैन्य अफसर 4 मई को एयर कमोडोर साद मंसूर अंसारी के नेतृत्व में नेपाल आए हैं। ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर 15 मई तक नेपाली सेना माउंटेन वार फेयर कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। काठमांडू स्थित पाक दूतावास पर आयोजित इस सम्मेलन में ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाली सेना के पूर्व प्रमुख गौरव शमशेर राणा थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सेना प्रमुख राजेन्द्र क्षेत्री भी उपस्थित थे। सम्मेलन में पाकिस्तान दूतावास के सैन्य सलाहकार कर्नल मुहम्मद अली अल्वी ने नेपाल और पाकिस्तान के सैनिकों के बीच संबंधों और प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'पाकिस्तानी सशस्त्र बल नेपाली सेना की क्षमता निर्माण में भविष्य में भी सहयोग करता रहेगा'। इतना ही नहीं नेपाल के पूर्व सेना प्रमुख राणा ने यह तक कहा कि पाकिस्तानी संस्थानों के माध्यम से नेपाली सेना की क्षमता वृद्धि जैसे कार्यक्रम संस्था और इसमें भाग लेने वाले दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेपाल में पाकिस्तान के राजदूत अबरार एच. हाशमी ने कहा कि नेपाल और पाकिस्तान के बीच संबंध आपसी विश्वास और हितों पर आधारित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों देशों के बीच वर्तमान सैन्य संबंध भविष्य में और मजबूत होंगे और नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे।

यह भी गौरतलब है कि ओली भारत के विरोध में हो सकते हैं, नेपाल की जनता भी हो, ऐसा नहीं है और तमाम सारे विपक्षी दल भी ओली के सुर में सुर मिलाएं, ऐसा भी नहीं है। नेपाल में पाकिस्तानी सैन्य अफसरों की मौजूदगी की निंदा काठमांडू में खूब हुई। तमाम विरोधी दलों के नेताओं ने ओली के इस कदम को गैरवाजिब ठहराया। नेपाल प्रतिनिधि सभा के पूर्व सदस्य अभिषेक प्रताप शाह ने कहा है कि नेपाल सरकार को ऐसे किसी भी आयोजन से बचना चाहिए जो पड़ोसी राष्ट्र की भावनाओं को आहत करता हो। यह बताने की जरूरत नहीं है कि नेपाल चीन की गोद में बैठने को बेताब है और भारत पाक के बीच युद्ध जैसे हालात के दरम्यान चीन की क्या भूमिका थी? लेकिन भारत चीन के पहले नेपाल का न केवल पड़ोसी बल्कि बड़े भाई जैसा मित्र राष्ट्र है। ओली को इतना तो जरूर सोचना चाहिए था कि यदि पाकिस्तान के सैन्य अफसरों का नेपाल में प्रशिक्षण जरूरी है तो वह इसे कम से कम भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे फायरिंग के समय तक होल्ड कर सकते थे। नेपाल में कोई भी सरकार हो, सभी कहते हैं कि नेपाल की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होगा। लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाता। नेपाल की धरती से छिटपुट आतंकी घटनाओं को नजरंदाज भी कर दें तो 1999 में काठमांडू हवाई अड्डे से आतंकियों द्वारा भारतीय यात्रियों से भरे भारतीय जहाज का अपहरण कैसे भूला जा सकता है? अभी बुद्ध पूर्णिमा के दिन भारत सीमा से सटे भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी से ओली ने शांति, प्रेम और करुणा पर खूब लंबा चौड़ा ज्ञान बांटा। काश नेपाल के प्रधानमंत्री ओली बुद्ध के दिखाए मार्ग पर थोड़ा भी चल पाते!

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# चेहरे की खूबसूरती बरकरार रखने में फायदेमंद हो सकती है फिटकरी



चहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन गर्मियों में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि गर्म हवाओं की वजह से फेस पर अलग-अलग तरह की परेशानियां हो सकती हैं। जिससे महिलाएं परेशान हो जाती हैं। वहीं अगर आपको गर्मी के मौसम में स्किन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, आप घर पर ही अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकती हैं। चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। गर्मी में छोटी-मोटी परेशानियां चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती हैं। आप इन समस्याओं से बचने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं फिटकरी भी फेस के लिए फायदेमंद हो सकती है।

### फिटकरी से बनाएं टोनर

ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो आप फिटकरी से टोनर भी बना सकती हैं। इसके लिए फिटकरी को एक कंटेनर में डाल दें। अब इसमें थोड़ा सा पानी डालकर कुछ देर के लिए रख दें। अब इस पानी को स्प्रे बॉटल में छानकर भर लें। फिर इस पानी से फेस पर स्प्रे करके इस्तेमाल करें। इसको फेस पर स्प्रे करने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें।

### ऐसे बनाएं फेस पैक

आप फिटकरी की सहायता से घर पर फेसपैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। फेस पैक बनाने के लिए एक कंटेनर में सबसे पहले थोड़ा सा फिटकरी पाउडर लें। अब इसमें हनी मिक्स करें और राइस फ्लोर मिक्स करें। अब इसमें रोज वॉटर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इस तरह से फेस पैक बनकर तैयार हो जाएगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

इसको फेस पर अप्लाई करके 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे आपकी त्वचा ग्लोइंग हो सकती है और डार्क स्पॉट्स भी हल्के हो सकते हैं। फेस पर इसको अप्लाई करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोकर सुखा लें। चेहरा धोने के बाद ही फिटकरी का इस्तेमाल करें।

# तुर्की को पर्यटन व्यवसाय में भारत से करारा झटका

## 270 करोड़ का व्यवसाय चौपट

**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले तुर्की और अजरबैजान का हुक्का-पानी बंद करना शुरू कर दिया है। जिन भारतीयों ने इन देशों की यात्रा के लिए बुक किए थे, उन्होंने अपने टिकट रद्द करने शुरू कर दिए हैं। मेक माय ट्रिप के प्रवक्ता ने बताया कि बीते एक हफ्ते में भारतीय यात्रियों ने इन देशों के लिए काफी कम उत्साह दिखाया है। अजरबैजान और तुर्की के लिए बुकिंग में 60 फीसदी की कमी आई है, जबकि इसी अवधि के दौरान टिकट के रद्द होने में 250 फीसदी उछाल आया है। प्रवक्ता ने कहा, अपने देश के साथ एकजुटता और अपने सशस्त्र बलों के प्रति गहरे सम्मान के कारण हम इस भावना का मजबूती से समर्थन करते हैं और सभी को अजरबैजान और तुर्की की सभी गैर-जरूरी यात्रा न करने सलाह देते हैं।

हमने अपने प्लेटफार्म पर इन दोनों गंतव्यों पर पर्यटकों को जाने के लिए प्रोत्साहित करने वाले सभी विज्ञापन और आफर पहले ही बंद कर दिए हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की पूर्व अध्यक्ष ज्योति मयाल ने कहा, भारत और पाकिस्तान संघर्ष में तुर्की के ड्रोन इस्तेमाल करना हमारी भावनाओं के खिलाफ गया। हमने पर्यटन के क्षेत्र में इन दोनों देशों की बहुत मदद की है। खासतौर पर कोरोना महामारी के बाद तो हमने इनका और भी ज्यादा समर्थन किया। पिछले साल भारत से तुर्की 3,30,000 लोग गए। तुर्की की अर्थव्यवस्था में हमारा करीब चार हजार करोड़ का निवेश है। यहां तक कि हमारे बीच व्यापार का आकार भी बहुत बड़ा है। लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उनको लगा है कि तुर्की और अजरबैजान बिल्कुल नहीं जाना चाहिए। 50 फीसदी बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। हमारे बड़े टूर आपरेटर्स ने टिकट बेचना बंद कर



दिया है, क्योंकि पर्यटन शांति और लोगों के आपसी संबंधों के बारे में है। पिछले महीने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। इनमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए आपरेशन सिंदूर शुरू किया।

गाला डिनर



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनकी पत्नी गीता हैदराबाद के चौमहल्ला पैलेस में मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगियों के साथ भव्य रात्रिभोज के दौरान।

## प्राकृतिक संसाधन समझौते को अंतिम रूप दे रहा यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन ने मंगलवार को अमेरिका को एक आधिकारिक नोट सौंपा, जिसमें द्विपक्षीय प्राकृतिक संसाधन सौदे के लिए अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं के पूरा होने की पुष्टि की गई है, जो यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए एक संयुक्त निवेश कोष की स्थापना करेगा। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन की प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने कीव में अमेरिकी दूतावास में प्रभारी डी एफ़ेयर एआई जूली डेविस को नोट सौंपा। गौरतलब है कि यूक्रेन के खनिज संसाधनों, गैस और तेल पर नई रॉयल्टी द्वारा आंशिक रूप से वित्तपोषित इस कोष की स्थापना के लिए समझौते पर 30 अप्रैल को वाशिगटन, डीसी में सु. स्विरीडेंको और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। सु. स्विरीडेंको के अनुसार दोनों देश इस कोष का सह-प्रबंधन और सह-वित्तपोषण करेंगे, जबकि यूक्रेन अपने खनिज और ऊर्जा संसाधनों पर स्वामित्व तथा पूर्ण नियंत्रण बनाए रखेगा।

## चीन के शीर्ष अधिकारियों ने भारत, पाकिस्तान के राजदूतों से की मुलाकात

**बीजिंग/इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद चीन के शीर्ष अधिका. रियों ने बीजिंग में भारतीय और पाकिस्तानी राजदूतों से अलग-अलग मुलाकात की। चीन के विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के महा. निदेशक लियू जिनसोंग ने सोमवार को चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने चीन-भारत संबंधों और साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। वहीं मंगलवार को चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग ने पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी से उनके अनुरोध पर मुलाकात की। वेदोंग और पाक राज. दूत की मुलाकात में दोनों ने संबंधों और क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय हालात पर चर्चा की। वेदोंग ने भारत-पाक के बीच पूर्ण और स्थाई संघर्ष-विराम का समर्थन करते हुए बातचीत के जरिए मतभेद सुलझाने की अपील की और क्षेत्रीय शांति में चीन की रचनात्मक भूमिका जारी रखने की बात कही।

## अमेरिकी-सऊदी में 12.1 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**रियाद।** अमेरिका और सऊदी अरब ने मंगलवार को 142 बिलियन डालर (12.1 लाख करोड़ रुपये) की डिफेंस डील पर साइन किए। व्हाइट हाउस ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डिफेंस डील बताया है। इस समझौते में सऊदी अरब को C-130 ट्रांसपोर्ट विमान, मिसाइलें, रडार सिस्टम और कई एडवांस हथियार दिए जाएंगे। ये लाकहीड मार्टिन, बोइंग, और नार्थराप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियों से मिलेंगे। डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे। वे चार दिन के मिडिल ईस्ट दौरे पर पहले सऊदी अरब पहुंचे हैं, फिर कतर और UAE जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने डील के पेपर एक्सचेंज किए। क्राउन प्रिंस डठै से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने रियाद में सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सऊदी और अमेरिका के बीच 80 साल की साझेदारी का जिक्र किया। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कुछ ही दिन पहले ही मेरी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर मध्यस्थता की। मैंने ऐसा करने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प ने फोरम के मंच से घोषणा की कि वह सीरिया से लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं, ताकि देश को आर्थिक जीवनदान मिल सके। ट्रम्प बुधवार को सीरिया के नए राष्ट्रपति से भी मिलेंगे। ट्रम्प ने कहा वो ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनका प्रस्ताव ठुकराया गया तो वो ईरान का आयल एक्सपोर्ट जीरो कर देंगे। ट्रम्प ने कहा- उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब भी अब्राहम अकार्ड में शामिल होगा। यह समझौता 2020 में अमे. रिकी की मध्यस्थता में इजरायल, UAE, बहरीन, सूडान और मोरक्को के बीच हुआ था।

## उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का निधन

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस पेपे मुजिका का मंगलवार को 89 वर्ष की आयु में मोंटेवीडियो में निधन हो गया। उरुग्वे के राष्ट्रपति यामांडू ओरसी ने इसकी पुष्टि की। मुजिका ने जनवरी में घोषणा की थी कि उनका एसोफैजियल कैंसर जिसका पहली बार अप्रैल 2024 में निदान किया गया था उनके लीवर में फैल गया है। उन्होंने कहा कि वह आगे का इलाज नहीं करवाएंगे।

ओरसी ने सोशल मीडिया पर लिखा, गहरे दुख के साथ हम अपने साथी पेपे मुजिका-पूर्व राष्ट्रपति, कार्यकर्ता, नेता और मार्गदर्शक के निधन की घोषणा करते हैं। हम आपको बहुत याद करेंगे पुराने दोस्त। आपने हमें जो कुछ भी दिया और अपने लोगों के लिए आपके गहरे प्यार के लिए धन्यवाद। गौरतलब है कि स्थानीय साप्ताहिक बुस्केदा के साथ एक साक्षात्कार में मुजिका ने कहा था।

# बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का ऐलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों ने अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया, तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

मीर यार बलूच ने कहा कि दुनिया को पाकिस्तान के एकतरफा बयान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। पाकिस्तान बलूचिस्तान के नेता के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर और 27 मार्च 1948 को बलूचिस्तान के पाकिस्तान में शामिल होने के समारोह में अंतर्राष्ट्रीय या तीसरे देश की भागीदारी को साबित करने वाला एक भी कागज और कानूनी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि एक बार जब हमें संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता और स्वतंत्रता मिल जाएगी तो हम अपने आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मैत्रीपूर्ण और दीर्घकालिक संबंध बनाएंगे, शांति बनाए रखेंगे और वैश्विक आर्थिक मंदी को रोकने, जलवायु परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने में मदद करेंगे।

## आईएमएफ ने पाक को जारी की दूसरी किश्त

### रु. 8400 करोड़ की किश्त जारी

**इस्लामाबाद।** इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को 1.02 अरब डॉलर (करीब 8400 करोड़ रुपये) की दूसरी किश्त बुधवार को जारी कर दी है। आईएमएफ ने इससे पहले 9 मई को पाकिस्तान को एक बिलियन डॉलर का कर्ज दिया था। पाकिस्तान को यह फंड एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) प्रोग्राम के तहत दी गई है। पाकिस्तान को सितम्बर 2024 में 7 बिलियन डालर का 37महीने का ईएफएफ मंजूर हुआ था, जिसमें 1 बिलियन डालर तुरंत जारी किया गया था। आज की रकम जोड़ दें, तो आईएमएफ से पाकिस्तान को ईएफएफ प्रोग्राम के तहत 3.1 बिलियन डालर की रकम मिल चुकी है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने कहा कि दूसरी किश्त की राशि 16 मई तक आ जाएगी। वहीं, पाकिस्तान में भारतीय हमले में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है। पाकिस्तान ने मंगलवार को कबूल किया था कि भारत की ओर से लान्च किए गए आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी सेना के 11 जवान मारे गए हैं। इसके अलावा 78 सैनिक घायल भी हुए थे। इन्हीं घायलों में से आज 2 की मौत हुई है।



## उधमपुर, कठुआ के कुछ हिस्सों में शैक्षणिक संस्थान खुले

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जनजीवन सामान्य होने के साथ ही उधमपुर और कठुआ जिले के कुछ हिस्सों सहित गैर-सीमावर्ती क्षेत्रों में बुधवार को सभी शैक्षणिक संस्थान फिर से खुल गए। अधिकारियों ने यहां बताया कि नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया था और करीब एक सप्ताह बाद शैक्षिणिक संस्थानों को आज फिर से खुल दिया गया।

## पेरू के प्रधानमंत्री एड्रियनजेन ने दिया इस्तीफा

**लीमा।** पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनज़ेन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। एड्रियनजेन ने कांग्रेस द्वारा उन्हें हटाने की मांग करने वाले कम से कम तीन प्रस्तावों पर बहस करने से कुछ घंटे पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने टेलीविज़न पर अपने संबा. ेधन में कहा, राष्ट्र के उच्च हितों को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्रिपरिषद के अध्यक्ष के पद से अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफ़ा देने के लिए बाध्य महसूस कर रहा हूं। एड्रियनजेन के साथ उनकी कैबिनेट और राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे भी मौजूद थी, जिन्होंने लगातार उनका बचाव किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की।

## ऑपरेशन सिंदूर पाक कब्जे के लिए नहीं था

**अमेरिकी एक्सपर्ट बोले: रणनीतिक मकसद के लिए था, भारत ने चार दिन में पूर्ण किया**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिलिट्री एक्सपर्ट जान स्पेंसर ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपने रणनीतिक मकसद को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह आपरेशन पीओके पर कब्जे या फिर पाकिस्तान की सत्ता बदलने की मकसद से नहीं शुरू किया गया था। एक्सपर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। कुछ लोग इसे सीजफायर कह सकते हैं, लेकिन यह विराम नहीं है। फिलहाल भारत ने एक बड़ी जीत हासिल कर ली है। स्पेंसर के मुताबिक भारत ने पहले की तरह न तो संयुक्त राष्ट्र का दरवाजा खटखटाया और न ही पाकिस्तान को चेतावनी दी। भारत ने सीधे लड़ाकू विमान भेजे और सटीक हमला किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस आपरेशन के जरिए आतंक के खिलाफ उसकी रणनीति को नए स्तर पर पहुंचाया और पाकिस्तान को भी साफ संदेश दिया है कि आतंक का जवाब युद्ध से मिलेगा। जान स्पेंसर माडर्न वार इंस्टिट्यूट में चेयरमैन हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन एयर फोर्स ने 7 मई को पाकिस्तान में 9 ठिकानों पर सटीक हमला किया था। इससे पाकिस्तान और पीओके में मौजूद अहम आतंकी शिविर तबाह हो गए।

# पाक सेना के समर्थन में जुटे हजारों आतंकवादी

## पहले कराची में निकाली रैली, भारत विरोधी भाषण दिए

**इस्लामाबाद।** कराची में 12 मई को हजारों कट्टरपंथी नेताओं और आतंकवादियों ने पाकिस्तान सेना के समर्थन में रैली की। इस रैली में लश्कर-ए-तैयबा और अहले सुन्नत वल जमात शामिल थे। दोनों ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी संगठन घोषित हैं। ऑपरेशन बनयान-उन- मर्सूस का जश्न मनाते हुए रैली में आतंकियों और कट्टरपंथी नेताओं ने बुलेटप्रूफ ग्लास के पीछे खड़े होकर भारत विरोधी भाषण दिए। पाकिस्तान की दिफा-ए-वतन काउंसिल की दिफा-ए-वतन रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। यह रैली भारतीय सेना के खिलाफ पाकिस्तानी सेना के ऑपरेशन का जश्न मनाने के लिए निकाली गई थी। दिफा-ए-वतन नाम की इस रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। पाकिस्तान के कराची में दिफा-ए-वतन काउंसिल के तहत जमा हुए कट्टरपंथी नेताओं ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ की। यहां भारत विरोधी भाषण दिए गए और दोनों देशों के तनाव को धर्म से जोड़कर पेश किया गया। इस रैली में प्रतिबंधित समूह लश्कर-ए-तैयबा और अहल-ए-सुन्नत वल जमात के आतंकी शामिल हुए। दिफा-ए-वतन काउंसिल पाकिस्तान के धार्मिक और राजनीतिक संगठनों का गठबंधन है। इसका मकसद देश की रक्षा करना है। इस रैली में कई कट्टरपंथी मौलाना भी शामिल भी शामिल हुए। इन्होंने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबा. जी की और दोनों देशों के संघर्ष को धर्म से जोड़कर पेश किया। कट्टरपंथी मुफ्ती तारिक मसूद ने कहा कि पाकिस्तान के गद्दार PAK आर्मी को सेक्युलर कहते हैं, जबकि हमारे दुश्मन हमारी आर्मी को मजहबी आर्मी कहते हैं।

इस युद्ध को जीतने के बाद यह तय हो गया है कि हमारी सेना सेक्युलर नहीं है। यह एक ऐसी सेना है जो शहादत (बलिदान) का जुनून रखती है और मजहब और इस्लाम के नाम पर, अल्लाह के नाम पर अपनी जान कुर्बान कर देती है। जमीयत



उलेमा-ए-इस्लाम (सिंध) के महासचिव अल्लामा राशिद महमूद ने भारत को खुलेआम धमकी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी आर्मी ने इजराइली ड्रोनों को गिराकर उसका घमंड चकनाचूर कर दिया। फ्रांस के राफेल जेट को मार गिराया और रूस में बनै -400 डिफेंस सिस्टम को भी तबाह कर दिया। इससे रूस को भी पता चल गया है कि पाकिस्तान से पंगा लेने से पहले तुम्हें सौ बार सोचना चाहिए।

# 3 महीने से गाजा में अनाज का दाना नहीं

**गाजा।** गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की है।

इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि उनके पास खाने



गाजा में कुपोषण से जूझती एक बच्ची, जो नवंबर में जन्मी है, इसने सिर्फ युद्ध ही देखा है।

का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में WFP के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने की बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का भोजन ही बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है।

अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 13 मई को एक बयान में कहा कि वे हमास को खत्म करने के लिए जंग जारी रखेंगे।